स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

मंगलवार, 5 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 249 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को खत्म करने...पेज-6

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

जिसका कोई नहीं उसका मोदी, 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

- 15 दिन में डेढ़ लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का हुआ उद्घाटन
- प्रधानमंत्री ने 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना दौरे पर हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है।

मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है। देशवासियों के लिए बचपन में घर छोड़ा था, इन्हीं के लिए जीवन खपा दूंगा। लालू प्रसाद यादव ने रविवार को पटना में एक रैली के दौरान पीएम मोदी पर परिवारवाद के मुद्दे पर निशाना साधा था और उनके हिंदू होने पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि आज

आदिलाबाद की धरती तेलंगाना ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए विकास की गवाह बन रही है। आज 30 से ज्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मुझे यहां मिला है। 56 हजार करोड़ रुपये के ये प्रोजेक्ट तेलंगाना समेत देश के अनेक राज्यों में विकास का नया अध्याय लिखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कहीं ज्यादा राशि खर्च की है। हमारे लिए विकास का मतलब है- गरीब से गरीब का विकास, दलित, वंचित, आदिवासियों का विकास। हमारे इन प्रयासों का परिणाम है कि आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं, ये हमारी गरीब कल्याण योजनाओं की वजह से मुमकिन हुआ है। विकास के इस अभियान को अगले 5 वर्षों में और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। तेलंगाना का गठन हुए 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार कोशिश कर रही है कि राज्य के लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा किया जाए। हमने एनटीपीसी की 800 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट का उद्घाटन किया है।

भाजपाइयों ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम योगी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है। भाजपा नेताओं ने अपने बायो में नाम के आगे मोदी का परिवार लिख लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में अपने एक्स अकाउंट के बायो को बदलते हुए उसमें अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिख दिया है। पीएम

मोदी ने तेलंगाना में एक जनसभा के दौरान इंडिया गठबंधन को निशाने पर लेते हुए पूरे देश को अपना परिवार बताया है। पीएम के समर्थन में अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिख दिया है।

संक्षिप्त आवाज़

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई। ब्याज दर में इस वर्ष के अंत में कटौती शुरू होने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और पावर समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 66.14 अंक चढ़कर 73,872.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.20 अंक की बढ़त लेकर 22,405.60 अंक हो गया।

विधायक तापस रॉय ने छोड़ी टीएमसी

कोलकाता। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। टीएमसी के वरिष्ठ नेता और बारानगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक तापस रॉय ने सोमवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। आधिकारिक सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि श्री रॉय ने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा देने से पहले उन्होंने संदेशखाली मुद्दे से निपटने के तरीके पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इसी दौरान लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ने के संकेत भी दिए थे। विधानसभा में टीएमसी के डिप्टी चीफ ऑफ व्हिप ने पार्टी की आलोचना भी की। उन्होंने बताया कि जनवरी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब उनके आवास पर छापेमारी की, तब पार्टी उनके साथ नहीं थी। तापस रॉय ने कहा कि पार्टी की कार्यप्रणाली से निराश हूं। मैं पार्टी और सरकार के खिलाफ लगे इतने सारे भ्रष्टाचार के आरोपों से तंग आ गया था। दूसरी बात ये कि जिस तरह से संदेशखाली मुद्दे को संभाला गया, मैं उसका समर्थन नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं टीएमसी में कूड़ेदान की तरह रहा हूं, क्योंकि पार्टी में किसी ने भी मेरे घर पर ईडी छापे के संबंध में कोई दया नहीं दिखाई है। जब ईडी की छापेमारी हुई तो विपक्षी नेताओं ने भी उनका समर्थन किया था, लेकिन उनके शीर्ष नेतृत्व और पार्टी सहयोगियों ने मुझे पीठ दिखा दी।

2 घंटे न्यायिक हिरासत में रहीं जयाप्रदा

रामपुर। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में सोमवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस और पूर्व सांसद जया प्रदा पेश हुईं। स्पेशल मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट ने उन्हें कई महीनों से पेश न होने के चलते फरार घोषित कर दिया था। कोर्ट में 2 घंटे से ज्यादा समय तक जया प्रदा न्यायिक हिरासत में रहीं। उसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी।। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार थाने में आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामले दर्ज किए गए थे। इनमें विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। स्वार में दर्ज एक मामले में गवाही पूरी हो चुकी है, जबकि केमरी के मामले गवाही होना शेष है।

विशेषाधिकार में रिश्वतखोरी की छूट नहीं

सुप्रीम फैसला

- नोट लेकर सदन में वोट दिया तो मुकदमा चलेगा
- सुप्रीम कोर्ट का सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार 25 साल पुराना फैसला पलटा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में रिश्वत लेकर वोट देने वाले माननीयों को अभियोजन से राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव के मामले में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया। सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर अपना फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश के अलावा संविधान पीठ में जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेपी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे। फैसला

सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं। नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों को वोट के बदले नोट लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमे) से छूट देने का फैसला सुनाया था। चीफ जस्टिस ने कहा कि माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है। पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए फैसले की जो व्याख्या की गई है, वो संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम मानते हैं कि रिश्वतखोरी, संसदीय विशेषाधिकार नहीं है। माननीयों द्वारा किया जाने वाला भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि जो विधायक राज्यसभा चुनाव के लिए रिश्वत ले रहे हैं उनके खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि आज सात जजों की पीठ ने कहा है कि अगर सांसद पैसे लेकर सदन में सवाल पूछते हैं या वोट करते हैं, तो वे विशेषाधिकार का तर्क देकर अभियोजन से छूट का दावा नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे लेकर वोट देने या सवाल पूछने से भारत का संसदीय लोकतंत्र तबाह हो जाएगा।

संविधान पीठ ने 1998 के झामुमो रिश्वतकांड पर दिए अपने फैसले पर पुनर्विचार के संबंध में सुनवाई पूरी कर बीते साल 5 अक्तूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अक्तूबर में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिश्वत के बदले वोट के मामले में मिले विशेषाधिकार का विरोध किया था। सरकार ने भी अपनी दलील में कहा था कि रिश्वतखोरी कभी भी मुकदमे से छूट का विषय नहीं हो सकती। संसदीय विशेषाधिकार का मतलब किसी सांसद-विधेयक को कानून से ऊपर रखना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान संसद या विधानसभा में अपमानजनक बयानबाजी को अपराध मानने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। प्रस्ताव में मांग की गई थी कि सांसदों-विधायकों द्वारा सदन में अपमानजनक बयानबाजी को कानून से छूट नहीं मिलनी चाहिए ताकि ऐसा करने वालों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जा सके। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ही बयानबाजी को अपराध मानने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सदन के भीतर कुछ भी बोलने पर सांसदों-विधायकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती और सदन के भीतर माननीयों को पूरी आजादी है। झारखंड की विधायक सीता सोरेन पर साल 2012 में राज्यसभा चुनाव में वोट के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। इस मामले में उनके खिलाफ आपराधिक मामला चल रहा है। इन आरोपों पर अपने बचाव में सीता सोरेन ने तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या किसी को भी वोट देने का अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत उन्हें विशेषाधिकार हासिल है।

पब्लिसिटी के लिए याचिकाएं दायर न करें वकील

सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की मांगों के मुद्दे पर दायर एक याचिका को वापस लेने की इजाजत दे दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे जटिल मुद्दों पर वकील सिर्फ पब्लिसिटी के लिए अखबारों की रिपोर्ट के आधार पर याचिकाएं दायर न करें। याचिका में मांग की गई थी कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना किसानों का अधिकार है और उनके इस अधिकार का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में मांग की गई थी कि सरकार किसानों के साथ उचित व्यवहार करे। किसान दिल्ली जाकर प्रदर्शन करना चाहते हैं तो उन्हें रोका न जाए क्योंकि ये उनका अधिकार है। याचिका में पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों को रोकने के लिए बनाए गए अवरोधों को भी हटाने की मांग की गई थी।

15 जून तक दफ्तर खाली करे आप

कोर्ट बोला- ये हाईकोर्ट की जमीन पर अतिक्रमण, ऑफिस के लिए केंद्र से जगह मांगें, दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के ऑफिस को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने आप को 15 जून तक ऑफिस खाली करने का आदेश दिया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने आप से अपने ऑफिस के लिए भूमि आवंटन के लिए भूमि एवं विकास कार्यालय से संपर्क करने को कहा। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका आप की तरफ से लगाई गई थी। आप आदमी पार्टी ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। इसमें उन्हें परिसर खाली करने का आदेश दिया गया था।

किसानों के साथ 'दुश्मनों जैसा व्यवहार' कर रही सरकार : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपना आधिकार मांग रहे किसानों के साथ 'दुश्मनों जैसा व्यवहार' कर रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने और उनकी आय दोगुनी करने की सरकार की गारंटी फर्जी साबित हुई है। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया कि अपने चुनिंदा पूंजीपति मित्रों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए मोदी सरकार ने किसानों के हितों की लगातार बलि दी है। जब देश का अन्नदाता किसान बंपर फ़सल पैदा कर निर्यात करना चाहता है तब मोदी सरकार गेहूं, चावल, चीनी, प्याज़, दाल आदि के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है! उन्होंने दावा किया कि अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा ने ऐसा ही किया है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि कांग्रेस-संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के दौरान जो कृषि निर्यात 153 प्रतिशत बढ़ा था, वो भाजपा के राज में केवल 64 प्रतिशत ही बढ़ा। मोदी सरकार की एमएसपी व दोगुनी आमदनी की गारंटी तो फ़र्ज़ी निकली ही, किसान विरोधी भाजपा ने हमारे 62 करोड़ किसानों की कमर तोड़ने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि कि जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। श्री शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाने में मदद मिली है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में आतंकवादी घटनाएं और असैनिकों की मौतों की संख्या घटी है तथा साथ ही सुरक्षा बलों के मारे जाने की घटनाओं में भी कमी आयी है।

दारा, राजभर, बालियान होंगे योगी कैबिनेट का हिस्सा

- आजम को जेल तक पहुंचाने वाले आकाश सक्सेना भी बनेंगे मंत्री
- रालोद से राजपाल बालियान और अशरफ अली को मिल रहा है मौका

ओपी राजभर | दारा सिंह चौहान | आकाश सक्सेना | अशरफ अली | राजपाल बालियान

लखनऊ। यूपी की योगी कैबिनेट 2.0 का पहला विस्तार 5 मार्च की शाम 5 बजे होगा। राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार में 5 नए मंत्री शामिल होंगे। बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की।

भाजपा सोर्स के मुताबिक, इस मंत्रिमंडल विस्तार में 2 कैबिनेट मंत्री, 2 राज्यमंत्री और 1 स्वतंत्र प्रभार मंत्री को शामिल किया जा रहा है। पहले मंत्रिमंडल विस्तार में 5 बड़े चेहरों को शामिल किया जा रहा है। सपा के दिग्गज नेता आजम खान को जेल तक पहुंचाने में भूमिका अदा करने वाले आकाश सक्सेना कैबिनेट का हिस्सा होंगे। रालोद से गठबंधन होने के बाद राजपाल बालियान और अशरफ अली को मौका मिल रहा है। पूर्वांचल का समीकरण साधते हुए ओपी राजभर और दारा सिंह को भी कैबिनेट में शामिल किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मंगलवार शाम को लखनऊ लौट रही है। उनके लखनऊ लौटने के बाद राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और सरकार के मंत्री मौजूद रहेंगे।

एलोपैथ और आयुर्वेद एक मंच पर आकर करें काम : डा. मांडविया

नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आने वाले दिनों में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति फैशन के रूप में आने वाला है। लोग योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का महत्व फिर से समझने लगे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एक मंच पर आए और मानव कल्याण की दिशा में कार्य करें। सोमवार को डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के 27वें दीक्षांत समारोह और 29 वें राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आयुष में सहयोगात्मक अनुसंधान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ईडी का समन गैरकानूनी

- एजेंसी से कहा- 12 मार्च के बाद की तारीख दीजिए, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हो जाऊंगा

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति घोटाला मामले में ईडी के बार-बार समन भेजे जाने पर सोमवार (4 मार्च) को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ईडी का समन गैरकानूनी है, पर वे फिर भी जवाब देने को तैयार हैं। केजरीवाल ने एजेंसी से कहा कि मुझे 12 मार्च के बाद की तारीख दीजिए। उसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हो जाऊंगा। ईडी ने शराब घोटाला केस में पूछताछ के लिए केजरीवाल को अब तक 8 समन भेजे हैं। हालांकि, केजरीवाल एक बार भी एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। उन्हें आठवां समन 27 फरवरी को भेजा गया था और 4 मार्च को पेश होने को बुलाया गया। इससे पहले 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को भी उन्हें समन भेज गया था। केजरीवाल जब 26 फरवरी को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे, तब आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा था कि मामला कोर्ट में लंबित है और इसकी सुनवाई 16 मार्च को है। रोजाना समन भेजने की जगह ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

मोदी की नीयत युवाओं को रोजगार देने की नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली हैं लेकिन सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है और युवाओं को सिर्फ धोखा दिया जा रहा है।श्री गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार खुद कह रही है कि उसके विभिन्न विभागों में कई लाख पद खाली हैं। देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाली मोदी सरकार का इस दिशा में कदम नहीं उठाने से साफ हो गया है कि उनकी नियत रोजगार देने की नहीं है। उन्होंने कहा, देश के युवाओं एक बात नोट कर लो। श्री मोदी की नीयत ही रोज़गार देने की नहीं है। नए पद निकालना तो दूर वह केंद्र सरकार के खाली पड़े पदों पर भी कुंडली मार कर बैठे हैं। यदि संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 09 लाख 64 हज़ार पद खाली हैं। महत्वपूर्ण विभागों में ही देखें तो रेलवे में 2.93 लाख गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार के पास इस बात का जवाब है कि 15 प्रमुख विभागों में 30 प्रतिशत से अधिक पद खाली क्यों हैं।

सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा दे प्राधिकरण

- ईज ऑफ लिविंग पर हो विकास प्राधिकरणों का फोकस
- मुख्यमंत्री ने किया सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजनाओं का अवलोकन, बेहतरी के लिए दिए दिशा-निर्देश

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

उन्होने ने कहा कि सहारनपुर देवभूमि का प्रवेश द्वार है। विगत 06-07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के

कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक- व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं।

सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है उससे यह स्थान बहुत दूर न हो। लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित की जाए। आमजन के लिए प्राधिकरण द्वारा नई आवासीय परियोजना की कार्ययोजना तैयार की जाए। मीरजापुर में माँ विंध्यवासिनी के पावन धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज और राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें। भविष्य के मीरजापुर की आवश्यकताओं के दृष्टिगत मीरजापुर के विकास क्षेत्र का दायरा और बढ़ाया जाना चाहिए। बस्ती, विकास की ओर तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। यहां चीनी मिल भी लगी है और मेडिकल कॉलेज भी स्थापित हुआ है। महायोजना-2031 के दायरे में इन्हें भी लाया जाना उचित होगा। विकास नियोजित हो और संतुलित हो, इसके लिए विशेष ध्यान देना होगा। अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो।

अर्थ आवाज़

ओप्पो का 4के रिकॉर्डिंग संग स्लिम आईपी 65 रेटेड 5जी स्मार्टफोन पेश

लखनऊ। ओप्पो इंडिया ने एफ 25 पीआरओ 5जी को दो स्टोरेज वेरिएंट में लॉन्च किया है। पहला मात्र 23,999 रु में 128 जीबी और दूसरा 25,999 रु में 256जीबी मिल सकेगा। यह स्मार्टफोन जो नए लावा रेड रंग में मिलेगा, उसमें फ्रंट और रियर शूटर पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 64 एमपी का रियर ट्रिपल-कैमरा सेटअप है। साथ ही 6.7 इंच बॉर्डरलेस एमोलेड डिस्प्ले, ऑक्टा-कोर डाइमेंसिटी 7050 SoC और 67W 5000mAh तेजी से चार्ज होने वाली बैटरी दी है। इसमें आईपी65 रेटिंग है तथा इसमें 7.54 मिमी की पतली प्रो फ़ाइल है और स्केल सिर्फ 177 ग्राम पर झुका हुआ है। ओप्पो इंडिया में प्रो कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर सवियो डिसूज़ा ने कहा OPPO F25 Pro 5G 5 जी फ्रंट और रियर दोनों कैमरों पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग एक मजबूत, साफ सुथरा बॉर्डरलेस डिस्प्ले आदि कई प्रीमियम सुविधाओं से बना है। इसमें सेगमेंट में सबसे तेज फोटोग्राफी और दक्षता के लिए स्मार्ट एआई प्रौद्योगिकियां दी गई है। इतना ही नहीं अपनी पतली हल्की, टिकाऊ बनावट के साथ एफ25 प्रो 5 जी उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक दमदार और स्टाइलिश अपग्रेड चाहते हैं और जो BornToFlaunt है। एफ25 प्रो 5 जी का 120 Hz एमोलेड डिस्प्ले 93.4 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात के लिए बिल्कुल बारीक बेजल्स के साथ आता है, जिससे बॉर्डर न के बराबर दिखाई देगा। इसकी 10-बिट कलर टेक्नोलोजी दृश्यों में प्राकृतिक ग्रेडिएंट के लिए 1 बिलियन से भी ज़्यादा रंगों और टोन की अनुमति देती है, जबकि 1100 निट्स की इसकी सबसे तेज ब्राइटनेस बारीकियों के साथ एचडीआर कंटेंट तय करती है। स्क्रीन पर पांडा ग्लास लगाकर इसे सुरक्षित किया गया है, जो इसे लंबे समय तक चलने और खरोंच न लगने की क्षमता को बढ़ाने के लिए दोगुना मजबूती देता है।

रोडशो में थर्मेक्स ने एनर्जी ट्रांजिशन सॉल्यूशंस किए पेश

लखनऊ। ऊर्जा एवं पर्यावरण संबंधी समाधान प्रदान करने वाली कंपनी थर्मेक्स ने लखनऊ में थर्मेक्स रोडशो रीडिस्कवर के दौरान उत्तर प्रदेश में उद्योगों के लिए नवीनतम इनोवेशन एवं ग्रीन ऑफरिंग्स को प्रदर्शित किया। रीडिस्कवर रोडशो कंपनी की तरफ से अपनी तरह का पहला नॉलेज इवेंट है। एक्पोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स 2022 के अनुसार देश में यूपी की रैंकिंग 7वीं है। इसके साथ डीपीआईआईटी ने लॉजिस्टिक्स ईज के मामले में लैंडलॉक्ड स्टेट्स में से यूपी को एचीवर के रूप में चिह्नित किया है। राज्य के बेहतर होते इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कारोबारी माहौल को देखते हुए यहां मैन्यूफैक्चरिंग एवं प्रोसेसिंग उद्योग की रुचि बढ़ रही है। स्वच्छ ऊर्जा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में यूपी आगे बढ़ रहा है, जो कार्बन उत्सर्जन कम करने के भारत के लक्ष्य के अनुरूप है। राज्य के उद्योग ज्यादा दक्ष ऊर्जा व्यवस्था को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। थर्मेक्स के रीडिस्कवर रोडशो में कई ऐसे अत्याधुनिक साल्यूशन एवं एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की पेशकश की गई, जिनसे राज्य में स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग के लक्ष्य को पूरा करना संभव हो सकेगा। इनमें कचरे से ऊर्जा बनाने के लिए मल्टी-फ्यूल बेस्ड एनर्जी सॉल्यूशंस, हीट पंप, बायोमास से चलने वाले इंडस्ट्रियल बॉयलर, कंप्रेस्ड बायोगैस, इलेक्ट्रिकल/हाइब्रिड हीटिंग एवं कूलिंग उपकरण, सौर ऊर्जा एवं कम बिजली की खपत वाले वाटर एंड एफ्लूएंट ट्रीटमेंट साल्यूशंस शामिल हैं।

अयोध्या में मोरारी बापू की श्रीराम कथा सम्पन्न

अयोध्या। श्रीराम की अवतरण भूमि अयोध्या से प्रवाहित रामकथा का रविवार को समापन हो गया। नौवे दिन न्यास कमेटी के चंपत राय ने कहा कि जहां कथा चल रही है वह अयोध्या का सुनसान स्थान है। बगल में मणि पर्वत नाम का स्थल है जहां एक महीने का झूला मेला लगता है। क्योंकि चैत्र माह में भगवान का प्रागट्य होने के बाद सावन में भगवान 4 महीने के होते हैं सब लोग अपने झूले को लेकर इकत्र होते हैं और बाकी सुनसान सड़क है, लेकिन आज इसी स्थान में राम कथा ने इस वीरान भूमि प्रभु के नाम से जागृत कर दिया। कथा के अंतिम दिन मुरारी बापू ने श्रीराम के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा मानस राममंदिर केवल अयोध्या का नहीं, यह मेरे अंतःकरण की प्रवृत्ति का निवेदन है, केवल पृथ्वी का मंदिर नहीं, यह त्रिभुवन का मंदिर है। यहां ध्वजा फहरेगी तो आसमान झुकेगा, घंटनाद होगा तो देश नृत्य करेगा। यह रामचरितमानस राम मंदिर है। एक सत्य को कोने से, अनेक रूप से देखते हैं, परिक्रमा करते हैं। ये त्रिभुवन गुरु शिव ने गाया है। जैसे पहले बताया था कि मंदिर की नींव होती है, द्वार, गर्भ गृह, शिखर और दंड होता है, ध्वजा फहरती है। सातों सोपान में बालकांड नींव है। अयन का मतलब धाम, मंदिर, भवन, प्रासाद होता है। कुंद इंदू सम देह उमा रमन करुना अयन। यह करुणा, कृपा दया का धाम है।। तो बालकांड में जड़ चेतन का उत्साह राममंदिर की नींव है।

श्याम स्टील के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन

नई दिल्ली। देश में स्टील इंडस्ट्री के एक प्रतिष्ठित नाम श्याम स्टील ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वर्चुअल आयोजित एक कार्यक्रम में जेएसके-2 पुरुलिया पश्चिम बंगाल में चौथे इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के उद्घाटन के साथ उत्कृष्टता की विरासत को जारी रखा है। 1953 में स्थापित श्याम स्टील उत्कृष्टता की मिसाल कायम की। नया उद्यम इसके अब तक के शानदार सफर में एक और बड़ी उपलब्धि है। श्याम स्टील के डायरेक्टर पुरूषोत्तम बेरीवाला ने कहा हम हमेशा से ही विकास और इनोवेशन के लिए प्रयासरत रहे हैं। रघुनाथपुर स्टील प्लांट का उद्घाटन इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। सुनियोजित तरीके से किया गया, विस्तार हमारी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और हमारे मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के हमारे अति महत्वपूर्ण लक्ष्य के अनुरूप है। श्याम स्टील इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर ललित बेरीवाला ने कहा स्थानीय समुदायों की स्थिति को बेहतर बनाने के साथ भारत की औद्योगिक प्रगति में योगदान देना हमेशा से हमारा विजन रहा है। रघुनाथपुर स्टील प्लांट के साथ हम न केवल अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, बल्कि हम पुरुलिया के पिछड़े जिले में प्रोडक्शन, मेंटेनेंस, क्वालिटी कंट्रोल, लॉजिस्टिक्स और एडमिनिस्ट्रेशन जैसे विभागों में 5,000 से अधिक पदों पर कर्मचारियों को नौकरी दे रहे हैं।

एमजी के न्यू हेक्टर वैरिएंट्स शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो लांच

लखनऊ। एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी-एमजी हेक्टर के दो नए वैरिएंट लांच किये। शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो नाम के नए वैरिएंट्स में सुरक्षा और ड्राइविंग सुविधा के साथ कई नए फीचर्स और सहज तकनीक शामिल हैं। सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ पेशकश और अद्वितीय डिजाइन तत्वों के साथ मानकीकृत/स्टैंडर्डराइज्ड बोल्ड-स्ट्राइकिंग एक्सटीरियर और इंटीरियर के साथ एमजी हेक्टर अब 13.99' लाख रु एक्स-शोरूम पर शुरू होती है। एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने बताया एमजी हेक्टर ने अपनी साहसिक/बोल्ड अभिव्यक्ति के साथ प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। एडीएएस लेवल 2 और कनेक्टेड फीचर्स व ढेर सारी तकनीकी सुविधाओं और बेहतर ड्राइविंग आराम/कम्फर्ट के साथ एमजी हेक्टर ने एसयूवी परिदृष्य को पुनर्भाषित किया है। प्रत्येक संस्करण ने आराम उन्नत तकनीक और एर्गोनोमिक डिज़ाइन का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण पेश करके सेगमेंट में नए मानक स्थापित किए हैं। हमारे मार्केट रिसर्च, इंडस्ट्री एनॉलिसिस और कस्टमर फीडबैक की इनसाइट्स का उपयोग करते हुए हम दो लेटेस्ट वैरिएंटस प्रस्तुत किए हैं।

रूबीना बनी बेबी केयर ब्रांड बमटम की ब्रांड एंबेसडर

लखनऊ। फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लि ने प्रसिद्ध सेलिब्रिटी रूबीना दिलैक को अपने बेबी केयर ब्रांड बमटम का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा करते हुए खुशी जाहिर की है। यह एसोसिएशन पैरेंटहुड का जश्न मनाने और शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए टॉप-क्वालिटी वाले चाइल्डकेयर को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पैरेंटहुड की अपनी हाल की शुरुआत और अपने बच्चों को बेस्ट केयर देने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, रूबीना दिलैक देशभर में नई मदर्स के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनकी सोच बमटम के बुनियादी संस्कारों के काफी करीब हैं, और इसलिए वे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए सही पसंद हैं। बमटम शिशु अवस्था से लेकर शुरुआती बचपन तक बच्चे के विकास के हर चरण का ध्यान रखने के लिए तैयार है। बमटम के पास उत्पादों की विस्तृत रेंज है जिसमें 0 से 5 वर्ष की उम्र के बच्चों की तमाम जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए प्रोडक्ट्स शामिल हैं। गत वर्षों में शिशुओं के आराम और खुशहाली को सुनिश्चित करते हुए ब्रांड ने अपने अटूट समर्पण दर्शाया है और भारतीय माता-पिता के बीच अद्वितीय भरोसा हासिल किया है। फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लि के को-फाउंडर मयंक बेरिया, चिराग बेरिया और नीलिमा बेरिया ने यह जानकारी दी।

रीजेंसी स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज प्रोग्राम शुरू करने वाला पहला प्राइवेट हॉस्पिटल

कानपुर। कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल लि ने ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया के सफल समापन के साथ हार्ट केयर में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर वाल्वुलर हृदय रोगों के ट्रांसकैथेटर मैनेजमेंट के लिए समर्पित स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज प्रोग्राम का संचालन करने वाला कानपुर क्षेत्र का पहला प्राइवेट हॉस्पिटल बन गया है। रीजेंसी हॉस्पिटल में इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता के नेतृत्व में संचालित की जा रही प्रक्रिया एडवांस्ड कार्डिएक केयर प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता में एक नया कीर्तिमान है। रीजेंसी के इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता ने कहा इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देकर हमें कानपुर में अपने मरीजों के लिए अत्याधुनिक हृदय संबंधी इलाज उपलब्ध कराने पर गर्व है। यह एक न्यूनतम चीरफाड़ वाली प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया एओर्टिक (महाधमनी) स्थिति में संकुचित और अपक्षयी हार्ट वाल्वों के इलाज के लिए डिज़ाइन की है। इसमे मरीज की कमर में एक बड़ी रक्त वाहिका में डाले गए कैथेटर का उपयोग कर एओर्टिक वाल्व को इंप्लांट किया जाता है। इसमें उपयोग किए जाने वाले ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व विशेष रूप से इस प्रक्रिया के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं, जो गाय या सुअर के दिल से प्राप्त प्राकृतिक ऊतक से बने होते हैं।

नगर पालिका की बोर्ड बैठक में 90 करोड़ 27 लाख का बजट सर्वसम्मत से पास

सभी सभासदों ने करतल ध्वनि से किया बजट का स्वागत

बाराबंकी स्पष्ट आवाज । नगर पालिका परिषद की आज संपन्न हुई बोर्ड बैठक में 90 करोड़ 27 लाख 800 का बजट सर्वसम्मत से करतल ध्वनियों के साथ पास हो गया। इस दौरान सभासदों ने अपने-अपने वार्ड का मुद्दा उठाया जिसे लेकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती शीला सिंह ने सभी सदस्यों के मुद्दों को संज्ञान में लेकर उन्हें कराए जाने का आश्वासन दिया इसके बाद सभी ने ताली बजाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। बैठक में सभासदों ने सफाई व्यवस्था हेतु पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मी लगाए जाने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराए जाने समेत कई मुद्दे सदन में रखा और मांग की कि इन्हें दुरुस्त कराया जाए जिसको नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह ने कहा कि वह सभासदों के हर मुद्दे को समाधान को तत्पर हैं बस आप लोग हमें बताते रहे हम समस्या के समाधान का निदान करने की पूरी कोशिश करेंगे उन्होंने खासकर जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं

उनका आभारी हूं कि जमुरिया नाले की सफाई में जो लोग उसकी जठ्ठ में आते हैं उन्हें डीएम साहब ने अलग रहने की व्यवस्था करने की बात हम लोगों से कही है यही नहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि वह नगर में नए 90 रिक्शा का संचालन भी कराएंगे। इसी प्रकार अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने सभी सभासदों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि उनकी जो भी समस्याएं होगी उनका निदान किया जाएगा। इस अवसर पर बोर्ड बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह के अलावा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला पवन शुक्ला अकाउंटेंट पाठक जी कुलदीप बाबू जलकल विभाग से जियाउल बाबू समेत नगर पालिका का पूरा स्टाफ तथा नगर के समस्त सभासद बैठक में मौजूद रहे।

रक्रिता को 1,84,540 डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा रक्रिता राव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की न्यूयार्क यूनिवर्सिटी (शंघाई कैम्पस) द्वारा 1,84,540 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। रक्रिता को यह स्कॉलरशिप 4 वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान दी जायेगी। छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

निर्दोष साबित होने तक नहीं लड़ूंगा चुनाव : सांसद

अश्लील वीडियो वायरल होने का मामला

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । अश्लील वीडियो वायरल होने के मामले में सांसद उपेंद्र रावत का एक बड़ा बयान सामने आया है सांसद ने जांच पूरी होने तक चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है जिसके बाद से जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं बताते चलें कि सोमवार को सांसद उपेंद्र रावत का तब अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जब एक दिन पहले उनका टिकट फाइनल हुआ था ।

जिसके बाद हरकत में आए सांसद उपेंद्र रावत ने न केवल निजी सचिव के जरिए वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है बल्कि वीडियो को ही एडिटेड बात कर विपक्षियों की साजिश का एक हिस्सा बताया था संबंध में आज सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी पत्र लिखकर मामले की जांच कराए जाने की मांग की है

वही सांसद उपेंद्र रावत ने संवाददाता को बताया कि वायरल वीडियो पूर्णतया एडिटेड है इसमें कोई भी सच्चाई नहीं है जब तक मामले की जांच पूरी होकर वह

■जिसके बाद हरकत में आए सांसद उपेंद्र रावत ने न केवल निजी सचिव के जरिए वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है

निर्दोष साबित नहीं हो जाते तब तक वह अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे । सांसद के इस बयान के बाद से जिले में राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई है । लोग तरह तरह की चर्चाएं करने लगे हैं । फिलहाल मामला क्या है यह अब पार्टी हाई कमान के निर्णय पर निर्भर है ।

बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल गोला ने मिट्टी जांच का चलाया अभियान

गोला गोकर्णनाथ(खीरी) बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला द्वारा मिल परिक्षेत्र के ग्रामो में कृषकों के खेतों पर जाकर मृदा परीक्षण कराने हेतु मिल द्वारा प्रख्यात *देहात* कम्पनी के माध्यम से खेत पर मृदा परीक्षण डिवाइस के द्वारा मिट्टी के नमूने लेकर खेत पर ही कृषकों को मृदा कार्ड उपलब्ध कराया।इस क्रम में ग्राम नगरा सलेमपुर में कृषक हरविंदर सिंह,गुरविंदर सिंह सहित तमाम कृषको का मृदा परीक्षण कराया गया व मृदा कार्ड खेत पर ही डिजिटल मृदा कार्ड उपलब्ध कराया गया। इस समय चल रही कृषक हित की मुहिम के सम्बंध में मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी ने बताया कि मृदा परीक्षण कराने के इच्छुक कृषक बन्धु मिल कर्मचारियों व अधिकारियों से तत्काल सम्पर्क करके मृदा परीक्षण अवश्य करा लें।यह पैदावार बढाने में मददगार साबित होगा और अनावश्यक

उर्वरक प्रयोग से होने वाले खर्च से बचत होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मृदा परीक्षण कृषि के लिए एक प्रभावशाली साधन है, क्योंकि यह गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने के लिए आवश्यक सूचनाएं देता है। मृदा परीक्षण भूमि में पहले से उपस्थित पोषक तत्वों का लाभ उठाते हुए फसल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उर्वरक की उचित और पर्याप्त मात्रा में खुराक का अनुप्रयोग सुनिश्चित करेगा। यह अभियान सभी क्षेत्रों में किया जायेगा। टीम का प्रतिनिधित्व एस के मिश्रा ,रावेन्द्र वर्मा ,राहुल यादव ने किया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में दो नकलची छात्रा सहित पकड़ा गया मुन्ना भाई

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को संपन्न हुई दोनों पालियों की परीक्षा में दो नकलची धरे गए जबकि एक मुन्ना भाई भी पकड़ा गया जो दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा था । पकड़े गए इन लड़कियों के खिलाफ नकल अधिनियम अध्यादेश के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है । विदित हो कि सोमवार को हाई स्कूल प्रथम पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी । परीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर फतेहपुर में छापा मारा तो वहां अनुचित साधन प्रयोग करते हुए एक छात्र रंगे हाथों पकड़ी गई । वहीं परीक्षा केंद्र बाबूराम मनोहर इंटर कॉलेज रुदौली में एक परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए मिला जिसे वहां के केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़ लिया और प्राथमिक दर्ज कर दी । वही एक छात्रआधुनिक भारतीय इंटर कॉलेज कोटवा सड़क में पकड़ा गया । सभी के विरुद्ध नकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है

सख्ती के चलते 1097 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

सोमवार को संपन्न हुई दोनों पालियो की परीक्षा में 1097 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी । हाई स्कूल में 20 हजार 113 तथा इंटरमीडिएट में 10 हजार 175 परीक्षार्थी पंजीकृत थे परंतु किन्हीं कारणों से 1097 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए ।

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई फतेहपुर की टीम ने दर्जनों शिक्षकों के साथ प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर, राम नारायन यादव के माध्यम में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को विभिन्न मांगों से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष फतेहपुर अरविन्द अंजान ने कहा कि बेसिक शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ आमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने की धमकी दी जा रही है।विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है परन्तु टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है।निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिमकार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जोकि नियमानुकूल नहीं है एवं शिक्षकों का उत्पीड़न है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उ0प्र0 शासन लखनऊ के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय प्रतिनिधि मण्डल की 30 अक्टूबर, 2023 एवं 09 नवम्बर, 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु समिति बनायी गयी थी, परन्तु चार माह बीत जाने के उपरान्त भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न करके केवल शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाये।

चोर उठा ले गए मोबिल से भरे 10 ड्रम

रामसनेहीघाट बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। बेखौफ चोरों ने रविवार की रात एक घर के बरामदे में रखे लगभग 1 लाख मूल्य के पुराने मोबिल से भरे 10 ड्रम चुरा कर उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के भिटरिया स्थित रामकुमार बैटरी के सामने बैशन पुरवा मोड़ के पास पवन कुमार पुत्र मिठाई लाल का घर है घर के बरामदे में लगभग एक लाख रुपये कीमत के पुराने मोबिल से भरे 10 ड्रम रखे थे। जिसे अज्ञात चोर किसी गाड़ी से लाद कर उठा ले गए। रविवार की शाम पवन घर जाकर सो गए सोमवार की सुबह देखा तो घर के बरामदे मे रखे पुराने मोबिल से भरे 10 ड्रम गायब थे। काफी खोज करने के बाद पता नहीं चल सका तब पवन कुमार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

लोधेश्वर धाम पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र, प्रवीण कुमार द्वारा थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत चल रहे (फाल्गुनी) महा शिवरात्रि मेला में विभिन्न जनपदों से आने वाले श्रद्धालुओं/कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत लोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही वाहनों की पार्किंग व्यवस्था तथा बैरीकेटिंग,सीसीटीवी कैमरों, कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में एक घायल दूसरा फरार

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । शहर कोतवाली क्षेत्र में बीती रात पुलिस और बदमाशों के मुठभेड़ हो गयी । मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर कोतवाली पुलिस बीती रात चेकिंग कर रही थी । इस दौरान जैदपुर-हैदरगढ़ लिंक रोड पर दो बदमाश बाइक से आते हुए दिखाई पड़े। पुलिस द्वारा बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला।

घायल बदमाश की पहचान उन्नाव जिले के सदर कोतवाली इलाके की काशीराम कॉलोनी निवासी करन कुमार के रूप में हुई है।

उसने अपने दूसरे साथी का नाम रवि बताया है। पुलिस ने करन के पास से नगद 32,000 रुपये, तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। करन पर लूट, चोरी सहित लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

वह शहर कोतवाली में 10 दो मुकदमों में फरार चल रहा था। घायल को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरे बदमाश की तलाश में पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दविश दे रही जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दे सरकार : तनुज

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । विगत् दो दिनों में हुई बेमौसम भारी बरसात, तेज हवा और अति ओलावृष्टि ने अन्नदाता की कमत तोड़ कर रख दी हैं। इस दैवीय आपदा से विकास खण्ड देवां, फतेहपुर, निन्दूरा, बंकी, मसौली सहित सम्पूर्ण जनपद के किसानों को भारी नुकसान हुआ हैं। सरसों, मटर, अरहर की फसलें पूरी तरह बरबाद हो गयी हैं। तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल खेतों में गिर गयी हैं। सरकार और जिला प्रशासन तत्काल युद्ध स्तर पर नुकसान का आकलन कर भारी बारिश अति ओलावृष्टि से बरबाद हुए किसान को मुआवजा दें। जनपद के अधिकतर किसान छोटी जोत के है इसलिये सरकार और प्रशासन उन किसानों को भी नुकसान की भरपाई करें जिन किसानों की फसल की बीमा नही हैं। उक्त मांग उत्तर प्रदेश कमेटी के

महासचिव एवं इण्डिया गठबन्धन के 53 लोकसभा बाराबंकी क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज संसदीय क्षेत्र में दौरे के दौरान विगत दो दिनो में अन्नदाता की फसल के नुकसान का स्थलीय परीक्षण के बाद प्रदेश सरकार से की। देश की अन्नदाता की बर्बाद हुई फसल को उनके खेतों में कांग्रेसजनो के साथ देखकर तनुज पुनिया ने किसानों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप की बर्बाद हुई फसल के नुकसान की भरपाई कराने में इण्डिया गठबन्धन कोई कोर कसर नही छोडेगा। इण्डिया गठबन्धन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया के साथ अन्नदाता की फसल के नुकसान व उनका हाल जानने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रामानुज यादव, अजय रावत, जसवन्त यादव, रामहरख रावत, के.सी. श्रीवास्तव आदि कांग्रेसजन मुख्य रूप से थें।

लोग दिखा रहे हैं समझदारी, आप भी निभाएं जिम्मेदारी

- एमडीए अभियान का आखिरी दिन पांच मार्च को
- जिले में 82.1 प्रतिशत लोग खा चुके हैं फाइलेरिया से बचाव की दवा
- फाइलेरिया मरीज लोगों को समझाकर खिलवा रहे हैं बचाव की दवा

शाहजहांपुर। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से शुरू हुए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) के दौरान फाइलेरिया मरीज भी लोगों को समझा कर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलवा रहे हैं । पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म से जुड़े मरीज अपने अनुभव साझा कर बीमारी की गंभीरता से लोगों को अवगत करा रहे हैं । वह लोगों को समझा रहे हैं कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो क्यूलेक्स मादा मच्छर के काटने से होती है । स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों, विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय, ग्राम प्रधान, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, फाइलेरिया योद्धाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की कोशिश से जिले में इस समय 80.6 फीसदी लोग दवा का सेवन कर चुके हैं । पांच मार्च अभियान का आखिरी दिन है।अभियान के दौरान लोगों के बीच यह संदेश देने पर जोर है कि फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद क्यूलेक्स मच्छर जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटती है तो उसे भी संक्रमित कर देती है।मच्छरों से बचाव के उपाय कर व साल में एक बार पांच साल तक लगातार फाइलेरिया रोधी दवा का

पांच नए सर्वोदय विद्यालयों की सौगात

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास मिशन के अंतर्गत प्रदेश के पांच असेवित जनपदों में समाज कल्याण विभाग को विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे गौतमबुद्धनगर, शामली, कन्नौज, बागपत और शाहजहांपुर जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधायुक्त विद्यालय का संचालन किया जाएगा। इसके लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। पांच एकड़ में बन रहे सर्वोदय विद्यालयों में छात्रावास, विद्यालय भवन, खेलकूद के मैदान सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक कुल 490 बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा अब गृह जनपद में ही प्राप्त होंगी। नई शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप स्टेम एजुकेशन, कंप्यूटेशनल थिंकिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से गुणवत्तापरक, तकनीक आधारित शिक्षा की व्यवस्था नवीन विद्यालयों में की जाएंगी। साथ ही अभ्युदय केंद्र के माध्यम से जेईई, नीट इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी इन विद्यालयों के छात्रों को प्राप्त होंगी। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में समस्त वर्गों के बीपीएल परिवार के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक व निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय संचालित हैं। इनमें नौ सर्वोदय एवं 02 एकलव्य विद्यालय अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए संचालित किए जा रहे हैं। यहां पर कक्षा छह से 12 तक के 35 हजार छात्र-छात्राओं को छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मेस, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, कंप्यूटर व टैब-लैब, जेईई, नीट की निःशुल्क कोचिंग, कौशल विकास प्रशिक्षण इत्यादि की समस्त सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने बताया कि, डबल इंजन की सरकार समाज के हर वर्ग को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके क्रम में पांच नए सर्वोदय विद्यालय निर्माण की स्वीकृति राज्य सरकार ने प्रदान किया है। यहां बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा गृह जनपद में ही प्राप्त होगी।

चार प्रधानमंत्री बने और तीन कैबिनेट मंत्रियों के हुए इस्तीफे

तीसरी लोकसभा आम चुनाव : 1962

विशेष संवाददाता

- नेहरू के बाद नंदा, शास्त्री फिर इंदिरा बनी पीएम
- आरोपों के चलते गृह, रक्षा व दो अन्य मंत्रियों हुए इस्तीफे

लखनऊ। तीसरा आम चुनाव कई मायनों में खास रहा। 1962 में हुए तीसरी लोकसभा के चुनाव में मतदाताओं ने शख्सियत के बजाए मुद्दों को तवज्जो दी। यह चुनाव जब हुआ उस समय भारत पाक के रिश्तों में खासी तल्खी आ चुकी थी। इसी लोकसभा के कार्यकाल में नेहरू मंत्रिमंडल के गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा में नेहरू जी के निधन के बाद उन्हे कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया गया। इसी लोकसभा कार्यकाल में इंदिरा गांधी को पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का भी अवसर मिला। केन्द्र में इसी लोकसभा कार्यकाल के दौरान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। केन्द्र के तीन मंत्रियों को अलग-अलग कारणों से अपने पदों से इस्तीफा देना पड़ा। रक्षामंत्री कृष्ण मेनन को इसलिए इस्तीफा देना पड़ा क्योकि वह सैन्यबलों को चीन के खिलाफ युद्ध के लिए तैयार नहीं कर पाए थे। इसके अलावा गृह और कार्यकारी प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा को इस बात के लिए इस्तीफा देना पड़ा क्योकि गोहत्या विरोधी आंदोलन के समय कानून व्यवस्था संभालने में विफल रहे थे। एक अन्य केन्द्रीय मंत्री केशवदेव मालवीय के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति द्वारा जांच करने पर उन्हे अपना पद छोड़ना पड़ा था। इसके अलावा टीटी कृष्णाचारी को इसलिए अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था क्योकि दस सांसदों ने उनके खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर आरोप लगाया था कि उन्होंने पद पर रहते हुए अपने पद का दुरूपयोग किया है। चुनाव पंडित जवाहरलाल नेहरू के लिए आखिरी चुनाव साबित हुआ। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद का पहला और दूसरा चुनाव नेहरू ने अपनी शख्सियत के दम पर लड़ा।

1962 के चुनाव की सबसे बड़ी खासियत ये थी कि अब तक स्वतंत्रता आंदोलन की खुमारी उतर चुकी थी। नेहरू खुद इस बात को समझ चुके थे और उन्होंने भी अपनी उपलब्धियों के दम पर इस इलेक्शन में उतरने का फैसला किया। नेहरू ने लोगों के बीच कृषि और उद्योग विकास की तस्वीर रखी। साथ ही ये भी बताया कि दो पंचवर्षीय योजनाओं के बाद देश ने कितनी तरक्की की है।

पहली बार इस इलेक्शन में सभी उम्मीदवारों के लिए एक बैलेट बॉक्स का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले के दोनों चुनाव में सभी उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग बैलेट बॉक्स का इस्तेमाल किया जाता था। अब एक ही पेपर में वोटरों को अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनना था। 1962 के चुनाव की एक और खासियत थी कांग्रेस के भीतर ही विरोधी रुप तैयार करने की कोशिश। राजगोपालाचारी ने साफ कहा कि इकलौती पार्टी भी कई बार निरंकुश हो जाती है। लेकिन राजा जी के इस कॉन्सेप्ट का विरोध किया गया इसलिए राजगोपालाचारी ने स्वतंत्र पार्टी की स्थापना की और कांग्रेस के खिलाफ चुनाव में उतरे। स्वतंत्र पार्टी को चुनाव में 18 सीटें जीतने में कामयाबी मिलीं। लोकसभा चुनाव में इस बार सीटों की संख्या 419 से बढ़कर 494 हो गई लेकिन कांग्रेस की सीटें 371 से घटकर 361 ही रह गईं।

किसको कितनी सीट

कुल सीटें	494
इंडियन नेशनल कांग्रेस	361
कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया	29
स्वतंत्र पार्टी	18
जनसंघ	14

छावनी परिषद में रात्रि सफाई अभियान शुरू

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। छावनी परिषद द्वारा नाईट स्वीपिंग (रात्रि सफ़ाई) अभियान का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 4 गाड़ियों को झंडी दिखा कर किया गया। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर ने बताया कि रात 9:00 बजे से 1:00 बजे तक लगभग 50 कर्मचारी सदर बाज़ार की सभी मुख्य दुकानें व बाज़ारों में तथा तोपख़ाना बाज़ार में सफ़ाई अभियान चलाया जाएगा। यह एक नयी पहल है जो छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा की जा रही है जिसका सदर व्यापार मंडल ने स्वागत किया है। सदर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू ने बताया कि व्यापारी हमेशा छावनी परिषद के साथ हैं और हमेशा सहियोग करते रहेंगे। 4 और गाड़ियाँ छावनी परिषद द्वारा ख़रीदी जा रही हैं वो भी रात्रि सफ़ाई अभियान में लगेंगी और यह जो भी कूड़ा इकट्ठा होगा वह छावनी परिषद के सुल्तानपुर रोड डंपिंग स्टेशन में डंप होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूप देवी संजय दयाल अंजुम आरा जगदीश काले, सुनील वेश अरुण अवस्थी मनीष पटेल आदि मुख्य रूप से थे।

सपा व कांग्रेस कुछ खास कमाल नहीं करने वाले : अठावले

- संविधान सम्मान की सफलता के बाद आरपीआई सभी जिलों में करेगी जनसभा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी और अखिलेश यादव कोई कमाल नहीं करने वाले हैं। यह लोग पहले भी एक साथ चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार भी चुनाव साथ में लड़ रहे हैं। यह बातें रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार डॉ. रामदास आठवले ने लखनऊ में हुई संविधान सम्मान रैली के दौरान कही। उन्होने कहा कि राहुल और अखिलेश यादव की जोड़ी इस बार भी चुनाव हारने जा रही है। भाजपा सभी 80 सीटें जीतेगी। रैली में यूपी के कई जिलों से आरपीआई कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए उनका मैं स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान का हमेशा सम्मान किया है, इसलिए आरपीआई भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन का नाम संविधान सदन रखा है, ये संविधान का सम्मान है। डॉ. रामदास आठवले ने रैली कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पिछले 2 दिनों से बारिश ने बहुत परेशान किया लेकिन प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आरपीआई के कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने बारिश को परेशान कर दिया। आरपीआई गरीबों, दलितों के अधिकारों के लिए जमीन पर संघर्ष कर रही है। एक समय था, जब आरपीआई उत्तर प्रदेश में मजबूत स्थिति में थी लेकिन कुछ कारणवश आरपीआई की जगह बसपा ने ले ली लेकिन आरपीआई फिर से पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यूपी में अपनी जमीन मजबूत कर रही है। डॉ. रामदास आठवले ने कहा कि आरपीआई बाबा साहेब की सबको साथ लेकर चलने वाली विचारधारा के साथ आगे बढ़ रही है। आज बसपा सुप्रीमो मायावती की पार्टी की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। इसलिए हम बसपा के हर कार्यकर्ता से कहना चाहते हैं कि आप आरपीआई के साथ आइये और आरपीआई सबका भला करेगी। हमारी पार्टी मोदी के नारे सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। आठवले ने कहा कि कांग्रेस और सपा के मन मे बाबा साहब और संविधान को लेकर अच्छी भावना नहीं है। बाबा साहब के संविधान को पीएम मोदी ने नमन किया और मत्था टेका। एक तरफ राहुल गांधी संविधान को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ वह समाज को तोड़ने का काम भी कर रहे हैं।

एकेटीयू की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 43 जिलों के 127 केन्द्रों पर होगी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाएं छह मार्च से प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारियों को लगभग पूरा कर लिया गया है। प्रदेश के 43 जिलों में परीक्षा के लिए 127 केंद्र बनाये गये हैं।

कुलपति प्रो0 जेपी पांडेय के निर्देशन में दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आफ लाइन मोड में होगी। परीक्षा की सुचिता को बनाये रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही विश्वविद्यालय से भी सभी केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। परीक्षा में डेढ़ लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं हर केंद्र पर दो आब्जरवर की भी तैनाती की गयी है। परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं।

लोहिया संस्थान में निदेशक का कार्यभार हस्तांतरण

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सोमवार को लोहिया संस्थान के प्रशासनिक भवन के भूतल पर स्थित निदेशक कार्यालय परिसर में संस्थान के शीर्षस्थ प्रशासन तथा कार्मिकों की उपस्थिति में सार्वजनिक दृष्टि में संस्थान के निदेशक कार्यभार का हस्तानांतरण हुआ। नवनियुक्त निदेशक प्रो (डॉ) सीएम सिंह ने तालियों की गड़गड़ाहट तथा फूल मालाओं व अनगिनत पुष्प गुलदस्तों के हुए जोशीले स्वागत के साथ संस्थान की अब तक कार्यवाहक निदेशक एवं किंग जॉर्जेस् मेडिकल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो (डॉ) सोनिया नित्यानंद से कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद युवा निदेशक प्रो सिंह ने अस्पताल सेवाओं का व्यक्तिगत राउंड द्वारा निरीक्षण किया तथा विभागाध्यक्षों से भेंट कर अस्पताल की समस्याओं का मौके पर जायज़ा लिया और रोगियों व संस्थान कार्मिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं एवं ससमय उपचार व रोगियों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता और प्राथमिकताओं पर जोर दिया।

संक्षिप्त आवाज़

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में एक अधेड़ युवती की रविवार रात्रि बिमारी से जूझते हुए ट्रामा मे मौत हो गया। कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पहुंची स्थानीय मानक नगर थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि 41 वर्षिय मृतका अंजू श्रीवास्तव पुत्री बांकेबिहारी निवासी रामनगर थाना मानक नगर के अनुसार उनकी दो पत्नियां थी। पहली पत्नी से उनके तीन पुत्रियाँ थी जिसमें दो पुत्रियों सहित पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। दूसरी पत्नी से उन्हें एक पुत्री हैं और वह उसके साथ प्रेम नगर में रहते है। उनकी मृतका पुत्री अंजू श्रीवास्तव उनके रामनगर स्थित मकान में अकेले रहती थी। जो लम्बे समय से बीमार चल रही थी और कई जगहों से उसका इलाज चल रहा था रविवार रात उनकी पुत्री की हालत ज्यादा ख़राब हो गई जिसे वह लोकबंधु अस्पताल इलाज के लिए ले गए डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा के लिए रेफर कर दिया वहीँ ट्रामा में चिकित्स्कों ने उनकी पुत्री को मृत घोषित कर दिया।

दरवाजा तोड़कर घरेलू सामान व नगदी चोरी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आशियाना क्षेत्र में बेखौफ चोरो ने बंद मकान का दरवाजा तोड़कर घर का घरेलु सामान व हजारो रूपये नगदी चोरी कर फरार हो गए। घर वापस लौटे पीड़ित ने घर का बिखरा हाल देख कंट्रोल नंबर पर सूचना दे पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के मकान संख्या 358-सी एकता विहार एल्डिको उद्यान प्रथम में गौरव सिंह पुत्र गंगा राम रहते है। पीड़ित के मुताबिक उसके पिता और बहन पैतृक गाँव में रहते है जबकि वह जनपद मथुरा में पढ़ाई कर रहा है। इस कारण उसे वही रहना पड़ता है और बीच बीच में वह लखनऊ अपने मकान पर आता रहता है। बीते 29 फरवरी की शाम जब वह लखनऊ अपने मकान आया तो देखा कि घर के अन्दर और पीछे वाला दरवाजा टूटा हुआ था और घर का समान विखरा हुआ था जिसकी सूचना पीड़ित ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को दी।

वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित टेढ़ी पुलिया पर सड़क किनारे खडी बुजुर्ग महिला को रविवार रात एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी और गाड़ी में फर्राटा भरते फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने अज्ञात वाहन की टक्कर से चोटिल महिला को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहाँ जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया उक्त बुजुर्ग 60 वर्षिय महिला ने काले रंग व लाल छीटदार स्वेटर और तोता रंग की साड़ी पहन रक्खा था। महिला की शिनाख्त नहीं होने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

उपनिबंधक कार्यालय का किया निरीक्षण

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल द्वारा सोमवार को विभागीय सुविधाओं का जनता को मिल रहे लाभ का जायजा लेने के लिए सरोजिनी नगर लखनऊ के उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में फैली अव्यवस्था और गंदगी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाहियों पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फ टकार लगाई तथा एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए।

भारी ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को तुरन्त मुआवजा दे सरकार : अजय राय

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। विगत दो दिनों पूर्व हुई भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को तुरन्त मुआवजा देकर राहत पहुंचाये सरकार। यह मांग करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने काकोरी ब्लाक के दौरे के दौरान कही। श्री राय सोमवार को वर्षा एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे।

इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन, पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, रूद्र दमन सिंह, अब्बास रिज़वी योगेश तालान, नितान् सिंह नितिन आदि मौजूद रहे। अजय राय ने पीड़ित किसानों से मुलाकात की और उनकी परेशानियां साझा की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिया कि उनका मुददा सरकार से प्राथमिकता के आधार पर उठाया जायेगा। उन्होने कहा ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरे क्षेत्र की फसल नष्ट हो चुकी है और अन्नदाता किसानों का पुरसाहाल लेने अभी तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इस अप्रत्याशित आपदा के कारण अब किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। तात्कालिक रूप व आर्थिक संकट के कारण पारिवारिक आजीविका चलाने की समस्या से ग्रसित हो गये हैं।

इन परिस्थितियों में'क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे' किए जाने का निर्देश इस गंभीर आपदा की समस्या का समाधान करने में विलंब करने का प्रयास प्रतीत होता है। अजय राय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की नष्ट हुई फसलों की भरपाई के लिए तुरन्त मुआवजा दे। सर्वे का कार्य संपादित होने में विलंब होगा।

बेमौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। रहीमाबाद सहित पूरे प्रदेश में हो रही बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई है। खेतों में सरसों की फसल पक कर तैयार है व कटाई चल रही है। ऐसे में बारिश होने से किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना है। मलिहाबाद में शनिवार रात से रुक-रुक कर बारिश जो की लगातार हो रही। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई और मौसम सुहाना हो गया। लखनऊ जिले में मौसम में आए अचानक बदलाव को लेकर किसानों के चेहरे की हवाइयां उड़ रही है। शनिवार की देर शाम व रात्रि से लगातार हो रही बारिश के साथ ही खेतों में खड़ी सरसों की फसल को भारी नुकसान से किसानों के चेहरे पर मायूसी आ गई। सरसों की फसल की कटाई हो चुकी है और वह खेतों में पड़ी है। वहीं पछेती सरसों की फसल तेज हवा के साथ आई बारिश से आधी से जयादा गिर गई है। इसमें भारी नुकसान होने से उत्पादन और गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। इससे किसानों को आर्थिक घाटा होने की संभावना है। जमोलिया, बांक, बारगद्दी, बिराहिमपुर, धना खेड़ा, तेरवा, जनकिंगर, कुशल खेड़ा, शेरनगर ,मुड़ियारा कैथन खेड़ा सहित मलिहाबाद उपखंड के क्षेत्र में बे मौसम की बारिश से सरसो की फसल व गेहूं की फ़सल में अधिक पानी भर जानें के कारण फ़सल खेत में गिर गई है भारी नुकसान होने से किसान चिंतित हैं। खेती-बाड़ी करने वाले युवा कृषक का कहना है बे मौसम की बारिश से खेतों में खड़ी हुई फसल को नुकसान है। वह आधी गिर गई । सरसों की फसल खेतों में कटी पड़ी है तथा दूसरी फसल खड़ी हुई है। तेज हवा के साथ आई बारिश से वह पसर गई।मौसमपरिवर्तन के साथ शीतलहर चलने से जहां आलू और सरसों की फसल को लेकर किसान परेशान हैं। वहीं तेज हवाओं के कारण खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल को भी नुकसान होता दिखाई दे रहा है। आलम यह है कि शनिवार रविवार को तेज हवा चलने से कई जगह खेतों में खड़ी फसल लेट गई जिसे देखकर किसान मायूस हैं। कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम परिवर्तन से सरसों तथा आलू की फसल में नुकसान होने की संभावना अधिक है। साथ ही जिन किसानों ने गेहूं की फसल में हाल ही में सिंचाई की है। ऐसे में हवा चलने से गेहूं की फसल को भी नुकसान हो सकता है। मौसम में अचानक बदलाव से सरसों की अगेती फसल में नुकसान होने की संभावना है। साथ ही बोए आलू की नालियों में भी बरसात का पानी भर जाने से आलू पर मिट्टी लगने से आलू की क्वालिटी गिरेगी। वहीं ज्यादा समय तक पानी रहने से आलू में सड़न भी होगी। वैसे इस बारिश से गेहूं की पिछैती फसल के लिए बारिश फायदेमंद है। लेकिन हवा चलने से गेहूं को भी नुकसान की स्थिति बनी है।

सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में फैटल दुर्घटनाओं में कमी आई - दयाशंकर

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एसोसिएशन आफ रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) द्वारा रोड सेफ्टी एवं फ्यूल एफि शिएंसी अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम ने विगत एक वर्ष में सड़क सुरक्षा एवं ईंधन खपत में कमी लाने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू में सुधार गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए परिवहन निगम को रनर अप का भी पुरस्कार मिला है। परिवहन मंत्री ने बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में परिवहन निगम के प्रयासों से फैटल दुर्घटनाओं में कमी आई है। चालकों को ड्राइविंग में सुधार को लेकर जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए गए। कानपुर स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में चालकों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खासकर ऐसे चालक जिनके द्वारा सड़क दुर्घटनाएं कारित होती हैं। परिवहन मंत्री ने बताया कि फ्यूल एफि शिएंसी के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में 5.25 किमी. प्रति लीटर डीजल औसत प्राप्त हुआ। जिसके लिए यूपीएसआरटीसी को पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों में तकनीकी सुधार के कार्य से यह प्रतिफ ल प्राप्त हुआ है। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम ने यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी ऑनलाइन टिकटिंग की व्यवस्था वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाए जाने सहित बसों में बहुत से कार्य किए हैं जिसके परिणाम स्वरूप परिवहन निगम की बसों में बेहतर रेवेन्यू प्राप्त हो रहा है एवं यात्री परिवहन निगम की बसों से चलना पसंद कर रहे हैं।

हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। विकासखंड बक्शी का तालाब में लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर चेयरमैन नगर पंचायत इटौंजा अवधेश अवस्थी, खंड विकास अधिकारी पूजा पाण्डेय ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी बक्शी का तालाब रामराज के अनुसार कार्यक्रम में विकासखंड की 17 न्याय पंचायतों से 5-5 निपुण छात्र, उनके अभिभावक, कोलोकेटेड आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षक, सुपरवाइजरों ने सहभाग किया। समारोह के मुख्य अतिथि अवधेश अवस्थी व पूजा पाण्डेय ने अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु शपथ दिलायी। नोडल प्रभारी एआरपी नीतू सैनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रगति के बारे में सभी को अवगत कराया। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय मल्लाहनखेड़ा तथा खेरवा विद्यालयों की बच्चियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी निर्गुण बच्चों व उनके अभिभावकों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

ई-केवाईसी ऐप किया गया विकसित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग किये जाने के दृष्टिगत लाभार्थियों के सत्यापन हेतु फेस आथेन्टीकेशन आधारित ई.केवाईसी ऐप विकसित किया गया है। जिसे योजना के एमआईएस पर होस्ट करने के साथ ही आवास ऐप एवं यूआईडीएआई डेटा से भी लिंक किया गया है। आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि इस ई.केवाईसी ऐप को भारत सरकार द्वारा 01 जनवरी 2024 से रोल आउट किया गया है।

नौकरी की मांग को लेकर रोडवेज मुख्यालय पर धरना

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। परिवहन विभाग में एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को मृतक आश्रित की नौकरी का इंतजार है। इन आश्रितों का कहना है कि नौकरी न मिलने से वे भुखमरी के कगार पर पहुंच चुका है। नौकरी की मांग को लेकर मृतक आश्रितों ने परिवहन मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया।

अंकित तिवारी युवा कांग्रेस मध्य के कार्यवाहक अध्यक्ष बने

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी0वी0 ने अंकित तिवारी को उ0प्र0 युवा कांग्रेस मध्य का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि अंकित तिवारी इसके पहले युवा कांग्रेस के लखनऊ के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रहते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा पार्टी के कार्यक्रमों एवं आन्दोलनों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है। श्री निवास बी0वी0 ने आशा की है कि अंकित तिवारी पूरी ताकत के साथ पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के ऊर्जावान नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

आंगनवाड़ी केंद्रों की बदलेगी सूरत, खुलेगे 25 नए स्कूल

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के 100 पिछड़े नगरों में विकास को गति देने के लिए योगी सरकार ने आकांक्षी नगर योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत पिछड़े नगरों में मौजूद स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का सबसे पहले कायाकल्प किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद 913 स्कूलों को जहां अपग्रेड किया जाएगा वहीं 25 नये विद्यालय भी शुरू किये जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद किराये के अथवा अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे 348 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए नये भवनों का निर्माण कार्य होगा। योगी सरकार इन सभी कार्यों के लिए 143 करोड़ से अधिक खर्च करेगी। स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये भवनों के निर्माण की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 398 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। योगी सरकार इसके लिए प्रति स्कूल 9.27 लाख और कुल 36.89 करोड़ खर्च करेगी। वहीं 913 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के लिए 2.5 लाख और कुल 22.87 करोड़ खर्च करेगी। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के फर्नीचर के लिए योगी सरकार कुल 6.56 करोड़ खर्च करेगी। यही नहीं 25 नये सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूलों को भी शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रति स्कूल 1.42 करोड़, जबकि कुल ?35.5 करोड़ खर्च किये जाएंगे। इस प्रकार स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये स्कूलों को खोलने के लिए योगी सरकार 101.83 करोड़ खर्च करेगी। वहीं आंगनवाड़ी केंद्र को लेकर भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर अलग से कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में ऐसे 348 आंगनवाड़ी केंद्र, जो किराये के भवनों या फिर अन्य शासकीय भवनों में संचालित हो रहे हैं, उनके लिए नये भवन बनाए जाएंगे। इनमें 59 केंद्र किराये के भवनों में चल रहे हैं वहीं, 289 केंद्र अन्य भवनों में संचालित हो रहे हैं। योगी सरकार प्रति आंगनवाड़ी केंद्र लगभग 12 लाख और कुल 41.20 करोड़ खर्च करेगी। बता दें कि योगी सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांशात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में

संक्षिप्त समाचार

मजदूर की आग से जलकर मौत

भरुआ सुमेरपुर। बिरखेरा निवासी सिद्धगोपाल यादव ने बताया कि उसका छोटा पुत्र बृजेश कुमार उर्फ बब्बू 38 वर्ष गांव में रहकर खेती किसानी करता था। गत माह 20 फरवरी को ओलावृष्टि से फसलें नष्ट होने से वह 22 फरवरी को मजदूरी करने के लिए कानपुर चला गया था। शनिवार को सुबह 5 बजे कमरे में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया था। इलाज के दौरान उसने उसी दिन शाम को दम तोड़ दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव गांव लाया गया। जिसका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह किया गया। ग्राम प्रधान अशोक यादव, जयराम यादव आदि ने मृतक के घर पहुंचकर सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

समोसा खाकर सात लोग पहुंच गये अस्पताल

हमीरपुर। कलौली जार गांव निवासी नवल की पत्नी गोमती ने बताया कि उसकी बड़ी बहन विनीता ने कल शाम को घर में समोसे बनाए थे। इसके लिए गांव की दुकान से मसाला खरीदा था। दो दिन पूर्व लाए गए रिफाइंड तेल में समोसे तले गए थे। जिन्हें घर के छोटे बड़े सभी लोगों ने खाया था। देर रात करीब 11 बजे के आसपास अचानक से सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। देखते ही देखते घर के सात सदस्यों की हालत बिगड़ गई। देर रात सभी को एंबुलेंस से छानी सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने वालों में विनीता 35 वर्ष पत्नी बृजकिशोर, इसका पुत्र प्रिंस 9 वर्ष, पुत्र निखिल 5 वर्ष, राधिका 10 वर्ष पुत्री महेश, पुत्र अमन 9 वर्ष, सरमन 50 वर्ष पत्नी रामआसरे और बेबी 5 वर्ष पुत्री नवल शामिल है। इन सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बेबी की हालत गंभीर बनी हुई है।

महिला ने पानी में उतरकर बताई समस्या

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के भ्रमण में निकले सदर विधायक को देवगांव में महिलाओं ने घेरकर रास्तों में भरे पानी को दिखाते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी की उदासीनता के चलते नालियों का निर्माण न होने से बारिश का पानी रास्तों में भर रहा है। सोमवार को क्षेत्र भ्रमण में पहुंचे सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति को देवगांव का महिलाओं ने घेर लिया और गांव के मध्य से गुजरे पत्योरा मार्ग किनारे नाली न बनाए जाने से बारिश का पानी रास्तों में भरा होने का नजारा दिखाकर समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई। सदर विधायक ने समस्या को देखकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से वार्ता करके जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

हमीरपुर। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम कक्ष, वीवीपैट कक्ष आदि देखा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि का अवलोकन किया जो क्रियाशील पाए गए। उन्होंने लॉक बुक, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फायर अलार्म सिस्टम को भी देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु, तहसीलदार अनुभव चन्द्रा तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

गुणवत्ता परिषद के सदस्य ने दिया प्रशिक्षण

भरुआ सुमेरपुर। भारतीय गुणवत्ता परिषद के सदस्य विवेक गंगवार ने प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि देश के सभी राज्यों की पंचायतों को एक सूत्र में पिरोकर विकास नई इबारत लिखी जाए। आपस में एक होने के उपरांत यह पता चलने लगेगा कि देश में कौन पंचायतें अच्छा कार्य कर रही है। इससे विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आरसीआई सरपंच संवाद के माध्यम से कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रधानों को सरपंच संवाद ऐप के बारे में भी विस्तार से बताकर सभी से जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल ऐप से क्षमता विकास कार्यक्रम पूरे देश की पंचायतों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। केंद्रीय जल संरक्षण विभाग के उमेश यादव ने जल संरक्षण के बारे में प्रधानों को विस्तार से बताया। संचालन जिला प्रशिक्षण अधिकारी विपिन कुमार ने किया। कार्यशाला में ब्लॉक के सभी प्रधान, बीडीसी आदि मौजूद रहे।

रपटा निर्माण के लिए विधायक ने किया पूजन

भरुआ सुमेरपुर। सुमेरपुर एवं मौदहा ब्लॉक के मध्य चंद्रावल नदी बहती है। इस नदी के किनारे बसे तमाम गांव बरसात में नदी के बढ़ते ही गांवों में ही कैद हो जाते हैं। पिछले वर्ष के किसवाही गांव से प्रसूता को लेकर आ रही एंबुलेंस इसी नदी में फंस गई थी। चुनाव के दौरान सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि वह रपटे का निर्माण कराएंगे। विधायक बनने के बाद उन्होंने इसकी पहल की और विधानसभा मे भी बात उठायी। सदर विधायक के प्रयास से शासन ने रपटा निर्माण के लिए 2 करोड़ 82 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। सोमवार को सदर विधायक ने किसवाही पहुंचकर रपटे का शिलान्यास करके निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के दौरान प्रधान अशोक सिंह, पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, श्याम करण यादव, राम रूप यादव आदि ग्रामीण रहे।

फंदे से लटका मिला युवती का शव

कानपुर। सेन पश्चिमपारा थाना की न्यूआजाद नगर चौकी के जोगईपुर गोपाल नगर निवासी अश्वनी यादव की शादी 2019 मे मुंगीसापुर थाना डेरापुर कानपुर देहात निवासी दिव्या यादव पुत्री स्व. राकेश कुमार के साथ हुई थी। मृतका के भाई अर्पित ने बताया की बहनोई अश्वनी कोई काम नहीं करता और अक्सर शराब पीकर बहन के साथ मारपीट करता। इतना ही नहीं, बेटी पैदा होने के बाद उसने और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अर्पित ने आरोप लगाया की रविवार को बहनोई अश्वनी का बाहर किसी से विवाद हुआ था। जिसके बाद वो घर आये और बहन के साथ मारपीट करते हुए उसे छत पर ले गए। जहां पर रखे गमले टूटे मिले है मारपीट से आहत बहन ने फोन करते हुए मारपीट की बात बताई और थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत की खबर आयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

चलती वैन में लगी आग

कानपुर। शिवराजपुर के भटपुरा गांव में जीटी रोड पर चलती हुई वैन में अचानक आग लग गई, वैन चालक और इसमें बैठी सवारियों ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। आग की वजह से जीटी रोड पर चलने वाला यातायात भी काफी देर तक थम गया। अनुमान है कि वैन में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। दमकल गाड़ी पहुंचने से पहले स्थानीय लोग वैन में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते रहे।

घर का ताला तोड़कर लाखों का माल पार

कानपुर। मंगला विहार निवासी माया गुप्ता ने बताया कि वह परिवार सहित राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए गई हुई थीं। वहां से लौटकर जब घर आए तो देखा कि कमरे से लेकर अलमारी के ताले टूटे पड़े है। इस पर जब घर के अंदर जाकर देखा तो बेड से लेकर अलमारी का सामान बिखरा हुआ नजर आया। उन्होंने बताया कि चोर करीब चार लाख के जेवर और और 70 हजार रूपए कैश चोरी कर ले गए हैं।

'बगावत' पर उतरे ई-रिक्शा चालक, लगाया जाम

शटल सेवा पर भारी विरोध, फोर्स के साथ बाकरगंज पहुंचीं एसीपी ट्रैफिक

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा चलाए जाने के विरोध में ई-रिक्शा चालक सड़क पर उतरे।

घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा शुरू की थी। एडीसीपी ट्रैफिक शिवा सिंह व एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने 45 टेंपों में घंटाघर सेवा का लोगो लगाकर शटल सेवा की शुरुआत की थी। बताया था कि घंटाघर को ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के लिए यशोदा नगर, नौबस्ता, किदवई नगर से आने वाले एवं घंटाघर की ओर जाने वाले ई-रिक्शा बाकरगंज चौराहे तक आएंगे। किदवई नगर से घंटाघर तक ई-रिक्शा संचालन की मांग पर चालकों ने बाकरगंज चौराहा जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा, एसीपी ट्रैफिक, बाबूपुरवा पुलिस समेंत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। एसीपी ट्रैफिक ने लिखित रुप से समस्याएं मांग कर उसके निदान का आश्वासन दिया, जिसके बाद ई-रिक्शा चालकों ने जाम खोला।

ई-रिक्शा चालकों ने आरोप लगाया कि घंटाघर से किदवई नगर आनी वाली सवारियां बाकरगंज चौराहे पर उतरने के बाद उचित दाम देने पर आनाकानी कर रहीं है। नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि केवल ई-रिक्शा चालकों पर सख्ती की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि किदवई नगर से घंटाघर वाले रूट पर भारी संख्या में सवारियों का आवागमन होता है।

आक्रोशित चालकों ने कहा कि अगर पाबंदी नहीं हटाई गई तो सभी चालक ई-रिक्शा वापस करने को बाध्य होंगे। हंगामें की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ सिंह, एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह समेत बाबूपुरवा, किदवई नगर, नौबस्ता, गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी ट्रैफिक ने ई-रिक्शा चालकों को लिखित समस्या देने पर निराकरण का आश्वासन दिया।

> एसीपी ने बताया कि सिर्फ शटल सेवा का लोगो लगे वाहन ही घंटाघर तक जाएंगे। शटल सेवा वाले वाहनों को बाकरगंज में सवारियां उतारने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर टेंपो चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि घंटाघर से किदवई नगर की ओर सवारियां बढ़ने पर और टेंपो शटल सेवा में शामिल किए जाएंगे।

शुक्लागंज रोड के दोनों छोर पर 'जड़ीबूटी' की सौगात

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। मंधना-गंगा बैराज-शुक्लागंज बंधा मार्ग को हर्बल रोड के रूप में जानी जाएगी। शासन ने लोक निर्माण विभाग को इस मार्ग के दोनों किनारों पर औषधीय रोपने के लिए कहा है। यह मार्ग फोर लेन बनाया जा रहा है। चौड़ीकरण होते ही नीम, महुआ व अन्य औषधियों के पौधे रोपे जाएंगे।

अभी यह मार्ग दो लेन है और अब यह फोर लेन हो जाएगा। इसके बाद इस पर आवागमन का बोझ भी बढ़ेगा। इसके किनारे पर कई हाउसिंग सोसाइटियां विकसित की जा रही हैं। साथ ही उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से बैराज के पास ही उन्नाव जिले की सीमा में औद्योगिक सिटी ट्रांसगंगा की स्थापना की जा रही है। इस सिटी में बहुत ही तेजी से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की उम्मीद बढ़ी है। ऐसे में इस मार्ग का चौड़ा होना बहुत ही जरूरी थी। यही वजह है कि इससे स्टेट हाईवे का दर्जा देने के साथ ही चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। अब इसे हर्बल मार्ग के रूप में पुनः विकसित किया जाएगा। तीन साल पहले इस मार्ग के किनारे बड़े पैमाने पर हर्बल पौधे रोपे गए थे। तब इसे हर्बल मार्ग का नाम नहीं दिया गया था। लेकिन अब इसे हर्बल मार्ग के रूप में ही जाना जाएगा, क्योंकि मंधना और शुक्लागंज आजाद चौराहा तक पौधे रोपे जाएंगे और दोनों छोर पर ही हर्बल मार्ग के बोर्ड लगेंगे।

देख रहे थे वीडियो, पहुंच गए नगर आयुक्त

गैरहाजिर कर्मचारियों, अधिकारियों का कटेगा एक दिन का वेतन

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगर निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित अधिकारी एवं कर्मचारी गण अनुपस्थित पाये गये/सीट पर उपस्थित नहीं मिले। नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अनुपस्थित पाये गये उपरोक्त अधिकारी एवं कर्मचारी का एक दिन का वेतन तत्काल प्रभाव से रोके जाने का आदेश दिया गया। साथ ही सन्तोष सैनी लिपिक जो कि कार्यालय अवधि में निरीक्षण के दौरान वीडियो देखते हुए पाये गये, उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश प्रभारी अधिकारी कार्मिक को दिये गये। 19 अधिकारी/कर्मचारियों को कार्यालय में देर से आने के सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के भी आदेश दिये गये है।

पार्क में ओपेन जिम और लगेंगे झूले

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा साकेत नगर में पूर्व सांसद बालकृष्ण मिश्र के आवास के सामने जीर्णशीर्ण पार्क का शिलायान्स किया गया। मौके पर पूर्व सांसद बाल कृष्ण मिश्र, क्षेत्र पार्षद गौतम, सीपी सिंह जोनल अधिकारी, डा0 वीके सिंह उद्यान अधीक्षक, अशीष श्रीवास्तव जोनल स्वच्छता अधिकारी, शिवा अवस्थी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। क्षेत्रीय पार्षद द्वारा पार्क में पूजा करते हुए शिलायान्स किया गया। नगर आयुक्त द्वारा पार्क में चारों ओर पाथवे, ओपेन जिम व झूले लगाये जाने के निर्देश उद्यान अधीक्षक को दिये गये। साथ ही जोनल अभियन्ता को सम्पर्क मार्ग के सुधार हेतु भी निर्देश दिये गये।

निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

हमीरपुर (स्पष्ट आवाज)। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी हमीरपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत जनपद हमीरपुर में आज बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वीप नोडल अधिकारी के के ओझा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सहायक स्वीप नोडल अधिकारी आलोक कुमार बीएसए के नेतृत्व में छात्रों शिक्षकों अनुदेशक शिक्षामित्र रसोइया एवं ग्राम शिक्षा समिति द्वारा जनपद के सातों विकास खण्डो के प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल के विद्यालयों ने गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने वाले नारे लगाए गए तथा मम्मी पापा मौसा मौसी चाचा-चाची ताऊ बुआ भैया भाभी वोट जरुर डालें के नारे लगाए। रैली का कोऑर्डिनेशन अकबर अली एवं जिला स्काउट मास्टर हमीरपुर ने किया।

विकास कार्यों में देरी, डीएम ने जताई नाराजगी

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग विकास की वैठक आयोजित की गई वैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित गाँवो की कार्ययोजना अनुमोदन के लिए रखी गई जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मेजर प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाय कि प्रोजेक्ट उचित है या नही, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैठकों का कार्यवृत्त जारी किया जाए। कार्यो में देरी होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में सभी कार्यवाही कर दुवारा बैठक आयोजित कराई जाए। इस अवसर पर सीडीओ व अन्य अधिकारी रहे।

ऑपरेशन त्रिनेत्र! पहचान तो गए हुईयो...

'हर घर कैमरा' मिशन में अन्नू अवस्थी ने लगाया कनपुरिया तड़का

20 चौराहे गोद लिए

कानपुर। 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' की सफलता का अंदाजा इस तरह लगाया जा सकता है कि आम आदमी से लेकर शहर के बड़े कारोबारी हर कोई धीरे-धीरे कारवां में शामिल होता जा रहा है। 'ऑपरेशन त्रिनेत्र अम्बैसडर प्रोग्राम' के तहत सोमवार को रिजेन्सी हेल्थ के डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने पुलिस मुख्यालय पहुंच कर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात की। उन्होंने संस्थान की ओर से 20 चौराहों को गोद लेते हुए 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के अंर्तगत सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की सहमति देते हुए चौराहों की लिस्ट सौंपी।

फील्ड में उतरी खाकी

सीपी अखिल कुमार के मिशन 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' को ग्राउंड लेवल पर सफल बनाने के लिए पुलिस स्टाफ भी जुट गया है। इसकी मिसाल पेश की है, पांडु नगर चौकी इंचार्ज राहुल शुक्ला सब-इंस्पेक्टर जैसे पुलिसकर्मियों ने। बीपीओ आमोद मिश्रा के साथ एसआई राहुल शुक्ला अब अपने क्षेत्र में कारोबारियों और कोचिंग मंडी एरिया में 'हर घर कैमरा' की मुहिम चला रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करके उनकी मैपिंग से क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल का प्रयास हो रहा है। एक और सच यह है कि सीपी के इस मिशन में जितनी दिलचस्पी नौजवान पुलिसकर्मी और एसआई दिखा रहे हैं, उतना जोश और संजीदगी थाना प्रभारियों में कम देखने को मिल रही है। एसीपी से लेकर पुलिस मुख्यालय में बैठे डीसीपी और खुद सीपी अखिल कुमार स्टाफ हर थाना स्तर पर मुलाजिमों की एक्टिविटी पर नजर रख रहे हैं।

डीसीपी ईस्ट ने संभाली कमान

पुलिस उपायुक्त पूर्वी एस. के. सिंह द्वारा कोतवाली थाने के नवीन मार्केट के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग/वार्ता करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से फीलखाना क्षेत्रान्तर्गत एक माँ के अपहृत जिगर के टुकड़े को सकुशल बरामद कर माँ को सुपुर्द किया गया। मुहिम को और बेहतर करने के लिए व्यापारियों से ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत हर घर/चौराहों/तिराहों पर उच्च कोटि के कैमरे लगवाने की अपील की गई एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और क्यूआरटी के लिये निवेदन किया गया। डीसीपी पूर्वी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया व व्यापार मंडल के पदाधिकारी को सुरक्षा एवं पुलिस सहयोग को पूर्ण आश्वासन दिया गया।

आशुतोष मिश्र 'रुद्र'

कानपुर। फीलखाना थाना अंर्तगत दो साल के बच्चे की अपहरण के बाद सकुशल बरामदगी ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' को 'बूस्टर डोज' दे दिया है। दरअसल, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जिस विजन को साकार करने की मुहिम चला रहे हैं। उसकी सफलता पर इस घटना के एक्सपोजर ने तस्दीक की मोहर लगा दी है। शहर की जनता खुश है और उत्साहित भी। असर सामने देखने को मिल रहा है।

हास्य कलाकार 'अन्नू अवस्थी' ने दिलचस्प कनपुरिया अंदाज के साथ 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के सपोर्ट में वीडियो जारी किया है। उन्होंने हर शहरवासी से सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल कराने की अपील की है, ताकि शहर को अपराध मुक्त बनाया जा सके और किसी भी घटना का जल्द से जल्द एक्सपोजर हो सके। अन्नू अवस्थी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब लाइक और शेयर मिल रहे हैं। इससे कानपुर पुलिस का हौसला बढ़ना लाजमी है।

दुष्कर्म में फंसा होटल मैनेजर, केस दर्ज

कानपुर। किदवईनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती नटराज सिनेमा के पास स्थित होटल रॉयल गैलेक्सी में काम करती है। पीड़िता के अनुसार दिसंबर में उसने होटल में काम शुरू किया था। जनवरी से होटल के सीनियर मैनेजर विशाल वर्मा ने आपत्तिजनक टिप्पणी करना शुरू कर दिया। चूंकि उसे नौकरी की जरूरत थी, इसलिए मैनेजर की हरकतों को नजरंदाज करती रही। एक मार्च को आरोपी ने उसे कमरा साफ करने के लिए कहा। जैसे ही कमरे में दाखिल हुई तो मैनेजर ने उसे पकड़कर उसके साथ जबरदस्ती की। हालांकि, विरोध करने पर छोड़ दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसे बदनाम करने व कैरियर बर्बाद करने की धमकी दी। पीड़िता ने शनिवार दोपहर गोविंदनगर थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने पर केस दर्ज किया।

'इंजन ऑयल' का झांसा देकर कार से उड़ा दिया बैग

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बर्रा विश्वबैंक सी ब्लॉक निवासी अमर गुप्ता हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बीते पांच फरवरी को वह उन्नाव जाने के लिए कार से निकले थे। नौबस्ता चौराहे के पास वह पहुंचे ही थे, तभी पीछे से आए बाइक सवार युवक ने कार से इंजन ऑयल निकलने की जानकारी दी। अमर हाईवे स्थित के पास कार खड़ी कर लीकेज देखने लगे, लेकिन लीकेज नहीं मिला। वापस कार में बैठे तो पीछे की सीट पर रखा बैग गायब मिला। अमर के मुताबिक बैग में लैपटॉप, हार्ड डिस्क के साथ कई जरूरी कागजात थे। पीड़ित के मुताबिक घटना के बाद मामले की शिकायत ऑनलाइन की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने तहरीर बदलवा कर रिपोर्ट दर्ज की।

लोकसभा चुनाव 2024: सांसद का 'टिकट', लड़ाई 'विकट'!

● हैवीवेट नेताओं के दिल्ली में डेरा डाले जाने की खबर

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। भाजपा टिकट की पहली सूची आते ही कानपुर नगर के कई दिग्गजों में खलबली मच गई है, जबतक कानपुर की टिकट फाइनल नहीं हो जाती तबतक यह सरगर्मी चलती रहेगी। टिकट की रेस में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नाम की भी चर्चा है। महाना शनिवार से दिल्ली में हैं। रविवार को सांसद सत्यदेव पचौरी भी दिल्ली रवाना हो गए। महाना और पचौरी के साथ पूर्व नौकरशाह अवनीश अवस्थी की पत्नी लोक गायिका मालिनी अवस्थी के अलावा रमेश अवस्थी का नाम भी अटकलों में है। राजनैतिक सूत्रों के हवाले से पता चलता है कि इस सीट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राय से ही प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। मालिनी अवस्थी का नाम भी लखनऊ से चलाया गया है। उनका पनकी में एक पारिवारिक मंदिर भी है जहां परिवार का जब-तब आना-जाना रहता है। भाजपा पहले ही किसी कद्दावर ब्राह्मण को प्रत्याशी बनाने के मूड में है। दूसरा नाम रमेश अवस्थी का लिया जा रहा है। शहर में उनके पोस्टर, होर्डिंग जगह-जगह लगायी गयी हैं। आरएसएस की तगड़ी पैरवी के बाद भी मेयर का टिकट कट जाने के बाद राजनीति और सामाजिक कार्यों में

सक्रिय नीतू सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। वह पचौरी की बेटी हैं। कानपुर लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की बहुतायत है। पहली बार 1991 में कैप्टन पंडित जगतवीर सिंह द्रोण ने चुनाव जीता था। फिर 1996 व 1998 में भी वह सांसद रहे। द्रोण ब्राह्मण समाज से आते हैं। उनके बाद तीन चुनाव कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल ने जीते। 2014 में मुरली मनोहर जोशी व 2019 सत्यदेव पचौरी ने सीट फतह की। दोनों ही ब्राह्मण हैं। मगर दूसरी तरफ आठ बार के विधायक प्रदेश सरकार में मंत्री रहे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना लोकप्रियता और सर्वसुलभ होने से चर्चा में हैं। वह 2009 का लोकसभा चुनाव कानपुर से लड़े थे, पर 18 हजार वोटों से हार गए थे। साथ ही एक नया नाम महंत बालयोगी चैतन्य अरुणपुरी का भी चल रहा है अब देखना यह है कि इस चुनावी माहौल में टिकट किसके हाथ जाती है।

पार्किंग में खड़ी गाड़ी में लगाई आग

कानपुर। श्यामनगर के पीएसी मोड़ के पास देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब पार्किंग में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। आग बुझाने के बाद जब लोगों को पेट्रोल की महक आयी तो सीसीटीवी चेक किए गए। सीसीटीवी फुटेज में जो सामने आया, उसके बाद तो यहां रहने वाले लोग भी हैरान रह गए। दरअसल, देर रात चेहरे पर मास्क लगाए एक युवक घर के नीचे बनी पार्किंग में दाखिल हुआ और अपने साथ बोतल में लाए पेट्रोल को कार में छिड़क दिया और इसके बाद आग लगा दी। कार में आग लगते ही युवक मौके से फरार हो गया। शोर सुनकर आए गृहस्वामी ने अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया। इसके बाद घटना की सूचना चकेरी पुलिस को दी गई।

भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम लालमन खेड़ा मजरा रौतापुर में भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के पदाधिकारी व सदस्यों ने बैठक किया जिसमें किसानों की समस्या गांव में हो रही समस्याओं भ्रष्टाचार को लेकर तहसीलदार अरसला नाज नायब तहसील अशोक कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्राइमरी विद्यालय में कराए गए कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच गांव में खड़ंजा की जॉच आवास शौचालय पात्रों को दिलाया जाने की बात कही इस मौके पर जिला प्रभारी अंबुज सिंह चौहान जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला, अनुराग शुक्ला जिला महामंत्री सर्वेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी कार्तिकेय दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि रहे।

ओलावृष्टि ने प्रभावित गांवों में बरपाया कहर

भरुआ सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)। एक पखवारा के अंदर तीसरी बार रविवार को देर शाम तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि से किसान कराह उठा है। ब्लाक के करीब 20 गांव ओलावृष्टि से प्रभावित हुए है। इन गांवों में किसानों का सब कुछ बर्बाद हो गया है।

बीते 20 फरवरी को पहली बार ओलावृष्टि होने से करीब ब्लाक 40 गांव प्रभावित हुए थे।अभी इन गांवों को सर्वे कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। तभी बीते मंगलवार को एक बार फिर जमकर ओलावृष्टि हुई। जिसमें धंधपुर, मौहर सहित आसपास के गांव प्रभावित हुए थे। यहां किसानों की फसलें जमीदोज हो गई थी। वही रविवार की देर शाम फिर ओलावृष्टि का कहर किसानों पर गाज बन कर गिरा। इससे टेढ़ा, पचखुरा बुजुर्ग, बरुआ, भौंरा, देवगांव, उजनेड़ी, पौथिया, सिकरी, नदेहरा, कुंडौरा, दरियापुर, कलौलीजार, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, कुम्हडपुर, सहुरापुर सहित करीब 20 गांवों में तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश व ओलावृष्टि हुई। जिससे किसानों की कटी पड़ी व बचीखुची फसलें भी जमीदोंज हो गई हैं जिससे किसानों का बुरा हाल है। ओला प्रभावित गांवों के किसानों ने बताया कि शाम सात बजे गरज चमक व बारिश के साथ तेज हवा में ओले गिरे। जिससे जो फसल बची थी वह भी बर्बाद हो गई है।

कई गुटों में बंटी भाजपा, कांग्रेस के गढ़ में कैसे लगाएगी सेंध

चन्द्रशेखर शरण सिंह

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) रायबरेली जिले में भाजपा की भले ही लंबी चौड़ी फौज खड़ी हो, परंतु जिले की भाजपा कई गुटों में बंटी हुई दिखाई पड़ रही है। सभी गुट अपना अलग ही राग अलापने में जुटे हुए हैं। यह गुट वह नहीं है ,जो लोकसभा टिकट की मांग कर रहे हैं। यह भाजपा की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व बड़े नेता हैं, जिनमें अलगाव व बिखराव साफ देखा जा सकता है। अगर यह लोग एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आ जाएं, तो कांग्रेस के गढ़ को ढ़हाना कोई बड़ी बात नहीं होगी। क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में जिले में कांग्रेस का एक भी विधायक जीत हासिल नहीं कर सका था।

2024 लोकसभा चुनाव में अगर रायबरेली में भाजपा संगठन एक जुटता दिखाते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी का साथ देती है, तो रायबरेली लोकसभा जीतना असंभव नहीं होगा। क्योंकि इस समय रायबरेली में कांग्रेस में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच अपनी उपेक्षा होने

के चलते मायूसी दिखाई दे रही है। कई पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली है। वहीं सपा में भी ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे के सनातन धर्म और राम मंदिर मोह के चलते सपा से दूरी बन गई है।जिसकी झलक राज्यसभा चुनाव में दिख चुकी है।पिछले लोकसभा चुनाव में इन्होंने कांग्रेस सांसद को जिताने में पूरी ताकत लगा दी थी। अब वह अपनी सारी ताकत कांग्रेस प्रत्याशी को हराने में भी लगाएंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने भी कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दिया था फिलहाल अभी बसपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में मोदी योगी लहर के चलते रायबरेली सांसद सोनिया गांधी की जीत का अंतर 2014 की अपेक्षा 2019 में घटकर लगभग आधा हो चुका था।2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह जो इस समय प्रदेश सरकार में मंत्री हैं, भले ही वह चुनाव हार गए थे, परन्तु उन्होंने सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर देते हुए 367740 मत प्राप्त किए थे, वहीं सोनिया गांधी को 534918 मत मिले थे।पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व रायबरेली सीट पाने को पूरी ताकत लगाए हुए है और हर हाल में भाजपा रायबरेली लोकसभा सीट को कांग्रेस से छीनना चाहती है।

पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को सिर्फ इसी सीट पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस भी अपनी मजबूत सीट और गढ़ को किसी भी हालत में खोना नहीं चाहती है और इसीलिए वह गांधी परिवार से ही अपना प्रत्याशी उतारेगी। जनता के बीच यह भी आम चर्चा है कि गांधी परिवार के अलावा कांग्रेस से अगर कोई दूसरा प्रत्याशी रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ता है, तो उसके लिए चुनाव जीत पाना काफी मुश्किल साबित हो सकता है, असंभव कहना भी ग़लत नहीं होगा। अभी जनता में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। वहीं कांग्रेस में प्रियंका गांधी वाड्रा के रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना अधिक जताई जा रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा ही रायबरेली सीट को बचाने में सफल भी हो सकती हैं।

भाजपा, कांग्रेस के गढ़ में कैसे लगाएगी सेंध

प्रदेश में 80 में से 80 सीटों का नारा भाजपा लगा रही है, जिसमें रायबरेली लोकसभा सीट जीतने की भी बात हो रही है, जो हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। परंतु कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगा पाना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। क्योंकि जिला भाजपा कार्यकारिणी की टीम कई गुटों में बंटी हुई है। इनमें आपस में ही नहीं बनती, क्या किसी प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद यह सभी टीमें एक साथ एक मंच पर शामिल होने को तैयार होंगी। ऐसी स्थिति में कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगा पाना उस समय और भी मुश्किल साबित हो सकता है, जब रायबरेली लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी प्रत्याशी होंगी। यह अलगाव व बिखराव कोई पहली बार नहीं देखा जा रहा है। अभी हाल ही में हुए 2022 के विधानसभा चुनाव में यही स्थिति बनी हुई थी। भाजपा के महारथी व बड़े दिग्गज नेता अपने ही बूथ पर भाजपा प्रत्याशी को वोट नहीं दिला सके थे। जिसके कारण मोदी योगी लहर के बाद भी रायबरेली जिले में भाजपा दो विधानसभा सीटों को छोड़कर बाकी चार विधानसभा सीटों पर बुरी तरह हार गई थी। विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद भी भाजपा की जिला कार्यकारिणी ने कोई सबक नहीं लिया। वही अलगाव व बिखराव आज भी पार्टी में बना हुआ है। आज भी आपस में खींचातानी और विरोधाभास बना हुआ है। कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में सेंध लगाने के लिए भाजपा किसे लोकसभा प्रत्याशी घोषित करेगी, जो भाजपा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर चल सके और कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाते हुए विजय हासिल कर सके।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर किया पैदल मार्च

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)एसडीम, सीओ व कोतवाल के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कस्बा महराजगंज और थुलवांसा में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया। बताते चलें कि एसडीएम राजित राम गुप्ता, सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल, प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने सीमा सशस्त्र बल के जवानों के साथ सबसे पहले कस्बा महाराजगंज ,उसके बाद थुलवांसा पहुंच कर पैदल मार्च किया। इस दौरान एसडीएम राजित राम गुप्ता ने सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान चौकी इंचार्ज थुलवांसा लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, चौकी इंचार्ज चंदापुर रवि पवार, दिनेश गोस्वामी, दरोगा सचिन शर्मा, दरोगा राहुल चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज

शिव की मूर्ति स्थापित करके किया विशाल भंडारे का आयोजन

छतोह ,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) सोमवार को निनावां ग्राम सभा में रामकृपाल साहू ने भगवान शंकर की मूर्ति स्थापित करके विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें तमाम भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन कर रहे रामकृपाल साहू ने बताया परशदेपुर, निनावां, पूरे मेहरबान ,पूरे कलंदर, वीरपुर, पूरे मकंदी के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । भंडारे में राजकुमार साहू, शिवकुमार साहू, हरकेश साहू, संदीप मोदनवाल, मोनू केशरवानी ने अहम भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 277 जोड़ों का विवाह संपन्न

रायबरेली।(स्पष्ट आवाज) मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में हुआ। इस अवसर पर कुल 277 जोड़ों का विवाह हुआ। जिसमें अमावां 16, हरचंदपुर 26, सतांव 9, राही 21, न0 प0 रायबरेली 3, बछरावां 27, न0 प0 बछरावां 4, महाराजगंज 11, शिवगढ़ 20,न0 प0 शिवगढ़ 3, खीरी 6,लालगंज 2,न0 प0 लालगंज 1, सरेनी 7, डलमऊ 15,दीनशाह गौरा 8,जगतपुर 2, रोहनिया 4, ऊंचाहार 8, छतोह 22, डीह 42, सलोन 10,न0 प0 सलोन 3, न0प0 नसीराबाद 3, न0 प0 परशदेपुर 4 शामिल हैं।

अल्फा हॉस्पिटल उतरौला को किया सील

बलरामपुर। जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी के निर्देश पर डॉ एस के श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को अल्फा हॉस्पिटल उतरोला को सील किया गया। इस अवसर पर डा संजय कुमार चिकित्सा अधिकारी, राजेश कुमार हंस, उपनिरीक्षक मनीष मिश्रा गांधी नगर चौकी प्रभारी व का अरविन्द यादव थाना उतरौला उपस्थित थे। उक्त हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित था। डिलीवरी, आपरेशन भी होते है, बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर भी संचालित हो रहा था।

पंचायत प्रतिनिधियों के साथ उद्यान मंत्री ने की बैठक

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) जिला पंचायत सभागार रायबरेली में प्रथम पाली में विकास खंड राही एवं अमावां और द्वितीय पाली में जगतपुर, दीनशाहगौरा और डलमऊ के पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन हुआ। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि एम.एल.सी, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार से प्राप्त निधि से जनपदवासियों के विकास कार्यों को किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुनें और उसके निस्तारण में हर संभव प्रयास करें। जनता की समस्याओं का निस्तारण करना ही हम सब की जिम्मेदारी है। क्योंकि जनता ने इसीलिए हमें चुना है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से जनपद को विकसित एवं समृद्ध बनाने हेतु चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी कार्यों और योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा इस तरह के पंचायत सम्मेलनों का आयोजन आगे भी अन्य विकास खंडों के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सुलभ तिथियों में आयोजित किया जाएगा।

शिवरात्रि पर्व पर शोभा यात्रा तैयारी की बैठक

बलरामपुर। महाशिवरात्रि पावन पर्व पर आदर्श नगर पालिका परिषद के सभागार में शिवनाट्य कला मंडल बलरामपुर के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें 8 मार्च को शिवरात्रि के पावन पर आशुतोष भगवान शंकर जी की शोभा यात्रा के तैयारी हेतु व्यापक दिशा निर्देश दिए गए शोभा यात्रा मार्ग अभिलंब ठीक करने, सफाई प्रकाश जल आपूर्ति हेतु आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन में कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए शिवनाथ कला मंडल के पदाधिकारी को विश्वास दिलाया कि हर संभव व्यापक व्यवस्था की जाएगी। बैठक में डीपी सिंह बैस संजय शर्मा, अंबरीश शुक्ला, रजत पांडे, पप्पू गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अभिषेक सिंघल व्यक्त किया।

स्मृति को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

छतोह ,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) स्मृति जुबिन ईरानी को अमेठी संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर छतोह ब्लॉक में हर्ष की लहर है। मुख्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा के रायबरेली के जिला उपाध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों ने खुशियां मनाई । खुशी में मिठाई बांटी और गोले दागे। प्रधान संघ के अध्यक्ष बृजपाल सिंह पासवान ने कहा कि इस बार सारे कार्यकर्ता हम लोग मिलकर कम से कम तीन लाख से दीदी जी को विजई बनाएंगे। ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में पूरा ब्लॉक एकजुट होकर काम करेगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। दीदी ईरानी हमेशा जनता के बीच में रह कर उनका दुःख दर्द सुनती हैं और समस्याओं का निराकरण करती हैं। इसलिए जनता दूनी जोश से इस बार उनका साथ देगी। इस

- **भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों ने खुशियां मनाई**
- **भारत सरकार में निरंतर हो रहा विकास कार्य**

अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान प्रतिनिधिगण देवेश प्रताप सिंह, सोहराब खां, रमाकांत तिवारी, अमरनाथ सरोज,भूपेंद्र सिंह, कमल प्रसाद उपाध्याय, लल्लन तथा सईद अहमद, क्रांति सिंह, अंकेश प्रताप सिंह, शुभम यादव, अभय तिवारी, पंकज सिंह, मोहम्मद शब्बीर खान आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत कटियारा ब्लाक हरगाँव, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/नि.सू./2023-24 दिनाँक- 04.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

समस्त पंजीकृत निर्माण सामग्री विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि मनरेगा योजना अन्तर्गत **ग्राम पंचायत कटियारा** में आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्य योजना वर्ष 2023-24 की निम्नलिखित परियोजना में प्रयुक्त सामग्री हेतु टेण्डर फार्म पर मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, निविदाएं टेण्डर दिनाँक 05.03.2024 से दिनाँक 11.03.2024 तक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय से प्राप्त कर व भरकर पेटिका में डाली जायेगी। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 11.03.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत	सामग्री का नाम	सामग्री धनराशि	निविदा शुल्क
1.	ग्राम पंचायत कटियारा में माधव गौशाला निर्माण कार्य।	12,98,673.00	ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, बालू, मौरंग, टीन चादर, लोहे के ग्रिल, सरिया आदि।	9,25,935.99	200.00

नियम व शर्तें :- प्राप्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा स्वीकृत होने पर आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति के सम्बन्ध में अपेक्षित शपथ पत्र देना होगा। भुगतान के पूर्व सामग्री के बिल से सभी देयकरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी। सामग्री की पी.डब्ल्यू.डी. के अनुरूप ही प्राक्कलन में प्राविधानित है। निविदा की अन्य शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत कटियारा ब्लाक हरगाँव, सीतापुर

पत्रांक : मेमो/एसएलडब्ल्यूएम/पंचम वित्त/15वां वित्त/नि.सू./2023-24 दिनाँक- 04.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

समस्त पंजीकृत निर्माण सामग्री विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत **ग्राम पंचायत कटियारा** में आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्य योजना वर्ष 2023-24 की निम्नलिखित परियोजना में प्रयुक्त सामग्री हेतु टेण्डर फार्म पर मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, निविदाएं टेण्डर दिनाँक 05.03.2024 से दिनाँक 11.03.2024 तक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय से प्राप्त कर व भरकर पेटिका में डाली जायेगी। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 11.03.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत	सामग्री का नाम	सामग्री धनराशि	निविदा शुल्क
1.	आर.आर. सेन्टर की बाउण्ड्रीवॉल व एजिंग निर्माण कार्य।	2,24,623.00	ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, बालू, मौरंग, सरिया आदि।	1,78,264.00	200.00

नियम व शर्तें :- प्राप्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा स्वीकृत होने पर आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति के सम्बन्ध में अपेक्षित शपथ पत्र देना होगा। भुगतान के पूर्व सामग्री के बिल से सभी देयकरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी। सामग्री की पी.डब्ल्यू.डी. के अनुरूप ही प्राक्कलन में प्राविधानित है। निविदा की अन्य शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

आरेडिका में मनाया गया राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह-2024

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह का आयोजन दिनांक-04 मार्च 2024 से 10 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में संरक्षा बुलेटिन के तृतीय संस्करण का विमोचन किया एवं संरक्षा शपथ ग्रहण की गयी।

महाप्रबंधक ने बताया कि किसी राष्ट्र के निर्माण एवं प्रगति में औद्योगिक जगत का अहम योगदान होता है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना भी भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण नवीनतम और अत्याधुनिक उपकरण से युक्त इकाई है। भारतीय रेल का योगदान हमारे राष्ट्र हित में सर्वोपरि है। कारखाने में कार्य के दौरान स्वंय की सुरक्षा, साथी की सुरक्षा एवं मशीन की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना अति आवश्यक हो जाता है। इन तीनों बातों का ध्यान रख कर कार्य करने

से हम अपने कार्यों के प्रति सही जबावदेही को अंजाम दे सकते हैं तथा परिवार के प्रति भी अपने जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निर्वाह कर सकते हैं। इस संरक्षा सप्ताह बुलेटिन में प्रकाशित कई उपयोगी जानकारी आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के निर्माण कार्य में लगे सभी वर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए सहायक सिद्ध होंगी। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के डिप्टी सीएमई सेफ्टी बी के कपूर ने बताया कि संरक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह के दौरान सभी शॉपों में कर्मचारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु संरक्षा उपकरणों के उपयोग एवं अग्निशमन प्रशिक्षण कराया जायेगा तथा संरक्षा जागरूकता को बढाने के लिए संरक्षा परामर्श सत्र एवं क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा संरक्षण सप्ताह के अंतिम दिन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई एस.एस.कलसी, सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, सीपीई आनन्द प्रकाश सोनी, डिप्टी सीएमई सेफ्टी बी के कपूर सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

अवैध तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

महाराजगंज,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) मुखबिर की सूचना पर थुलवांसा चौकी पुलिस ने एक आरोपी को अवैध तमंचा 312 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा।जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया है। चौकी इंचार्ज थुलवांसा लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बघई अहलवार नैया नाला पुल पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास तमंचा है। सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर उक्त व्यक्ति भागने लगा, जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान जिसके पास एक तमंचा 312 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है, आरोपी देशराज पासी पुत्र श्री राम जनपद अमेठी थाना फुरसतगंज के अंतर्गत गांव केसरी आधार का पुरवा का रहने वाला है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

सशस्त्र सीमा बल का विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान एवं दिशा निर्देश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर की अनुमति से सभागार कक्ष 9वीं/50वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (S.S.B) बलरामपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर बावत पॉक्सो अधिनियम, पोस एक्ट एवं जे जे एक्ट विमल प्रकाश आर्य, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश बलरामपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में एलपी उपाध्याय कमाण्डेन्ट 50वीं बटालियन, आरके तेज कुमार सिंह उप-कमाण्डेन्ट 50वीं बटालियन, सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर, मुकेश कुमार उप-कमाण्डेन्ट जीडी 50 वीं बटालियन, संजय पीएसी जीडी 50वीं बटालियन, डा समदर्शी सरोज उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, श्रीमती कविता त्रिपाठी सदस्य बाल कल्याण समिति बलरामपुर एवं 9वीं/50वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (S.S.B) बलरामपुर के महिला व पुलिस जवानों ने प्रतिभाग किया। विमल प्रकाश आर्य, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जनपद, सत्र न्यायाधीश बलरामपुर द्वारा पॉक्सो अधिनियम, पोस एक्ट, जेजे एक्ट के साथ भारतीय संविधान, दण्ड प्रक्रिया संहिता, भारतीय दण्ड संहिता, साक्ष्य अधिनियम, स्टाम्प एक्ट आदि विषय के सबंध में विस्तार से अवगत कराया। डा समदर्शी ने पशु क्रुरता अधिनियम के संबंध में जवानों को जानकारी दी। श्रीमती कविता त्रिपाठी सदस्य बाल कल्याण समिति बलरामपुर द्वारा उपस्थित जवानों को मानव तस्करी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यालय ग्राम पंचायत मझिगवां खुर्द विकास खण्ड बिसवाँ, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/15वॉ/पंचम/मनरेगा/राज्य वित्त/नि.सू./2023-24 दिनाँकः 04.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

कार्यालय ग्राम पंचायत मझिगवां खुर्द वि.ख. बिसवाँ के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 11.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 05.03.2024 से दिनाँक 11.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत मझिगवां खुर्द** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत मझिगवां खुर्द** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	मझिगवां खुर्द में विभिन्न स्थानों पर हयूम पाइप आपूर्ति कार्य।	1,39,500.00	हयूम पाइप आपूर्ति	200.00

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान सचिव

बैसवारा इंटर कॉलेज के 11वीं के छात्र की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) लालगंज कोतवाली क्षेत्र में कोरिहरा गांव के पास सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद समीर उम्र 18 वर्ष पुत्र मोहम्मद शकील उर्फ मुन्ना निवासी अलीनगर लालगंज, जो बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज में कक्षा 11 का छात्र था।

सोमवार की सुबह मोटरसाइकिल से अंबारा पश्चिम इंटर कॉलेज में कृषि विषय का प्री बोर्ड परीक्षा देने जा रहा था। तभी लालगंज बाईपास पर कोरिहरा गांव के निकट तेज रफ्तार से आ रही इनोवा कार ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके अन्य साथी व आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल ले जाना चाहा, लेकिन तब तक छात्र मोहम्मद समीर की मौत हो चुकी थी। टक्कर मारने के बाद इनोवा कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। मृतक छात्र के अन्य साथियों ने गाड़ी का नंबर नोट करते हए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लालगंज कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।कार चालक की तलाश की जा रही है।छात्र की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। छात्र मोहम्मद समीर की मौत पर बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, सह प्रबंधक बीपी सिंह, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह व विद्यालय परिवार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

एनटीपीसी ऊंचाहार में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति समर्पित रहते हुए कार्यविधियों का यथाशक्ति अनुपालन तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरणादायी अभिवृत्तियों की तरफ उन्मुख होकर सम्पूर्ण सुरक्षा के साथ हमें अपने दैनिक कार्य को संपादित करना है। इस संकल्प को केन्द्र में रखकर एनटीपीसी ऊंचाहार में मुख्य महाप्रबंधक मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थित जनसमूहों को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्घटनाएं और व्यावसायिक बीमारियां राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल बनाती हैं तथा व्यक्ति, समाज एवं उद्योग के लिए हानिकारक होती हैं। श्री छाबड़ा ने कहा कि एनटीपीसी में बहुत ही उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य नीति है। हम सभी को उसी सुरक्षा नीति के तहत अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करना है क्योंकि जीवन अनमोल है। एनटीपीसी ऊंचाहार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह बहुत ही आकर्षक रूप में मनाया गया। सबसे पहले परियोजना परिसर में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसका नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक ने सभी महाप्रबंधकों सहित किया। सुरक्षा जागरूकता को विस्तार देने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा विभाग द्वारा एक सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर, निबंध-नारा लेखन व प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया, जिनमें कर्मचारियों व उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत पैलाकीसा, विकास खण्ड महोली, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/पंचम/15वां वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/नि.सू./2023-24 दिनाँक- 04.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

कार्यालय ग्राम पंचायत पैलाकीसा वि.ख. महोली के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 11.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 05.03.2024 से दिनाँक 11.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत पैलाकीसा** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./ एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत पैलाकीसा** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	ग्राम गदनिया में कृष्ण कुमार के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य।	3,82,900.

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, मंगलवार, 5 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, दशमी (कृष्ण पक्ष)

आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
अरस्तु

दो दशक के भीतर बदल गयी लोगों की मानसिकता

ने शनल सैंपल सर्वे की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्चे में तेजी से कमी देखी जा रही हैं वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है।एक और तथ्य यह है कि कि खाद्यान्न के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। एनएसएस की रिपोर्ट का समग्र विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानि की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है पर इन्हें भी शामिल कर लिया जाये तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रहे हैं। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है और यह स्पष्ट हो गया है कि माल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है तो दूसरी और मानें या ना मानें पर सर्वे से तो यही स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव गांव नहीं रहे और वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है।देश में दो दशक में ही आये ड्रास्टिक बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी वहीं 2022-23 आते आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई।

> जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्चे में तेजी से कमी देखी जा रही हैं वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है।

आज का इतिहास

1959-भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं %राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ% के समर्पित कार्यकर्ता शिवराज सिंह चौहान का जन्म।
1965-भारतीय हॉकी के बेहतरीन परिरक्षकों (डिफेंडर) में से एक रहे परगट सिंह का जन्म।
1968-मार्टिन लूथर किंग की हत्या।
1983-आस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी के नेता बाब हाक प्रधानमंत्री बने।
1997-भारत तथा तेरह अन्य देशों ने इंडियन ओशन रिम एसोसियेशन के गठन की घोषणा की।
1999-आज़ाद देश के राष्ट्रकुल के कार्यकारी सचिव बोरिस बेरनोवस्की की बर्खास्तगी। फ़िल्म अभिनेता सुनील दत्त ने कोलंबो से अपने 17 सदस्यीय दल के साथ दक्षिण एशिया की 13 हज़ार किलोमीटर लम्बी सद्भावना यात्रा का शुभारम्भ किया।
2001-कोलंबिया के राष्ट्रपति परुत्राना चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए। मक्का में ईद के दौरान भगदड़ में 36 यात्री मरे।
2002-राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
2003-अलकायदा का शीर्ष आतंकवादी मुस्तफ़ा अहमद अल-हवसावी रावलपिंडी में गिरफ़्तार।
2006-पाकिस्तान में अलकायदा और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 100 लोग मारे गये।
2007-अर्जेन्टीना ने भारत द्वारा अदालती कार्रवाई के लिए क्वात्रोची के प्रत्यर्पण दस्तावेज स्वीकृत किये।

पश्चिम बंगाल में अत्याचार और भ्रष्टाचार के पुराने सभी रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं

योगेन्द्र योगी

पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के तौर-तरीकों से यही लगता है यह भारत का नहीं बल्कि किसी दूसरे मुल्क का हिस्सा है। देश का यह एक ऐसा प्रदेश बनता जा रहा है जहां संविधान के अनुसार शासन करने की जद्दोजहद जारी है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार की मनमर्जी ने इस प्रदेश के हालात बिगाड़ दिए हैं। पश्चिम बंगाल ऐसे प्रदेश की शक्ल इख्तियार करता जा रहा है, जहां सरकार समर्थित लोगों पर भ्रष्टाचार और गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं। घोटालों, चुनावी हिंसा और हाल ही में संदेशखाली में महिलाओं से बलात्कार के मामलों से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की नौबत आ गई है। हालांकि केंद्र की भाजपा सरकार यह गलती नहीं करेगी। ऐसी स्थिति में न सिर्फ राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, बल्कि ममता बनर्जी को सहानुभूति का फायदा भी मिल सकता है। यही वजह है कि संदेशाखाली की घटना के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग और प्रदेश भाजपा की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग के बावजूद केंद्र सरकार ने इस कोई फैसला नहीं लिया।घोटालों और चुनावी हिंसा के कारण बदनामी का कलंक झेलने वाली ममता सरकार अब संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं से बलात्कार के मामले में सुर्खियों में है। संदेशखाली के सरगना शाहजहां शेख के आतंक की कहानी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। तृणमूल कांग्रेस समर्थित अपराधियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भी उनके हमलों से सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में मनी लॉन्ड्रिंग में छापे के कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की टीम को हमले का शिकार बनाया गया। जब अधिकारियों ने संदेशखाली में उसके घर में घुसने की कोशिश की तो 2,000 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने लाठी, डंडे और रॉड से हमला बोल दिया। इस घटना के बाद ही शेख के काले कारनामों का खुलासा हुआ। ममता सरकार ने इस मामले को दबाने-छिपाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इस घटना की जानकारी लेने के लिए गए राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम को मौके पर नहीं जाने दिया गया। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी भी संदेशखाली कोर्ट की परमिशन से पहुंच सके।कलकत्ता हाई कोर्ट ने संदेशखाली में यौन उत्पीडन् के आरोपों पर स्वत- संज्ञान लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि शाहजहां शेख के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने संदेशखाली मामले में पूरे मामले में राज्य की सरकार से रिपोर्ट भी मांगी है। अब सरकार को हाई कोर्ट में हलफनामा देना होगा। इस हलफनामे में सरकार को बताना होगा कि संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के लिए अब तक क्या-क्या किया गया है? शाहजहां पर पहले भी गंभीर आरोप लगे थे। इसमें जबरन वसूली, हमला, बलात्कार और हत्या शामिल है।

क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को खत्म करने पर तुली हैं?

अजय कुमार

बसपा से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बढ़ गई है। अमरोहा से सांसद दानिश को मायावती ने टीएमसी की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के रिश्वत के बदले प्रश्न पूछने के मामले में उनका समर्थन करने के लिए निलंबित कर दिया था।

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन

> बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवत: वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये।

ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं।बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है।

2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया। उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए। 2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने। लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ। 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे, लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने कहा, ÷पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी।

आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक दयानन्द सरस्वती

योगेश कुमार गोयल

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार उनकी जयंती प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की दशमी को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 05 मार्च को है। ऐसे में हिन्दू कैलेंडर के अनुसार स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 05 मार्च को मनाई जाएगी। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक हैं, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर-वार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और संन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान



की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच योग का भी गहन अभ्यास किया देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और %स्वराज% का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और %स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है% का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब %सत्यार्थ प्रकाश% आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें %संन्यासी योद्धा% भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराइयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वे आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे। स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, संन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल ?

प्रभुनाथ शुक्ल

भारत घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहां हमें कठघरे में खड़ा करती हैं वहीं उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अकसर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह व्यस्था सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहां ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध करानी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है, ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है।

भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहां खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है। विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहां माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था वहीं अब पर्यटन उद्योग तेजी से आर्थिक समृद्ध की ओर बढ़ रहा रहा है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है। भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के रिश्ते को क्या नाम दें?

-राकेश सैन

देश में लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर 'इंडी' गठजोड़ के तहत कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबन्धन हो चुका है। देश के अन्य हिस्सों जैसे दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और गोवा में दोनों दल मिल कर चुनाव लड़ेंगे जबकि पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ। इस अजीबो-गरीब गठजोड़ को देख कर हास्य अभिनेता कादर खान की उस फिल्म में कॉमेडी का स्मरण हो आया जिसमें प्रेमी की माँ और प्रेमिका का बाप भी एक दूसरे के चक्कर में पड़ कर शादी कर बैठते हैं। अब इस रिश्ते से प्रेमी अपनी प्रेमिका का भाई हो गया और उसका अपना पिता उसका ससुर भी बन गया। प्रेमिका भी अपनी माँ को सासू कहे या मम्मी, उसे समझ नहीं आ रहा था। परिवार में इन दोनों जोड़ियों के होने वाले बच्चों के सामने समस्या पैदा हो गई कि कौन किसको किस रिश्ते से पुकारे? इसी तर्ज पर उक्त राजनीतिक गठजोड़ को देख कर यह बात सत्य साबित हो गई है कि देश में नई तरह की राजनीति का वायदा करके आए अरविंद केजरीवाल ने वास्तव में नया कर दिखाया है। हालांकि इस तरह के बेमेल गठजोड़ अतीत में भी कुछ स्थानों पर होते रहे हैं परन्तु राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार यह बेर और केर का साथ चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ चले अन्ना हजारे आन्दोलन से उपजी आम आदमी पार्टी अब उसी के पक्ष में दिखाई दे रही है।रोचक है कि चुनावों में प्रचार के दौरान पंजाब में कांग्रेस जहां भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार को कोसेगी और अरविंद केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को उछालेगी वहीं दोनों दल दूसरे राज्यों में एक-दूसरे

की पीठ खुजाएंगे। केंद्र में अगर सत्ता परिवर्तन होता है तो यहां के सांसद चाहे वह कांग्रेस के हों या आप के एक साथ सरकार में बैठेंगे और भाजपा सरकार बनी रहती है तो विपक्ष में गलबहियां डाले दिखेंगे, यानि हमीं से मुहब्बत हमीं से लड़ाई- अरे मार डाला दुहाई दुहाई। पंजाब में इस रिश्ते को फिक्स मैच या नूरा कुश्ती का नाम दिया जाने लगा है। कल 1 मार्च को पंजाब विधानसभा में शुरू हुए बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने पंजाब में शंभू सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन में मारे गए युवक को लेकर आप की सरकार को घेरा तो सत्तापक्ष ने कांग्रेस पर पलटवार किया। भाजपा ने इसे फिक्स मैच बता कर उपहास किया है और कहा है कि किसानों के खिलाफ दोनों अंदर से मिले हुए हैं।इस बेमेल खिचड़ी गठबन्धन को लेकर एक कहानी सुनाई जाने लगी है कि जैसे बाढ़ के समय जान बचाने के लिए अपनी दुश्मनी भुला कर हर तरह के जीव-जन्तु ऊंचाई वाली जगह पर एकत्रित हो जाते हैं परन्तु पानी उतरते ही उनकी मित्रता उसी बाढ़ के जल में प्रवाहित हो जाती है और फिर एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जाते हैं। लगता है कि देश में जिस तरह का राजनीतिक वातावरण बना हुआ है और भाजपा की विजय की अभी से भविष्यवाणी करने वालों की संख्या बढ़ रही है, शायद उसी के भय से आम आदमी पार्टी व कांग्रेस ने मिल कर भानुमती का कुनबा जुटाया है। देश के इतिहास में यह दूसरा चुनाव है जब भ्रष्टाचार को लेकर सरकार हावी है और विपक्षी दल रक्षात्मक मुद्रा में हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर तो काफी समय से इस तरह के केस चले आ रहे हैं परन्तु कट्टर ईमानदार अरविंद केजरीवाल व आप के कई बड़े नेताओं पर भी दिल्ली आबकारी घोटाले के छींटे पड़े हैं जो उन्हें बेचैन किए हुए हैं। आम आदमी पार्टी के कई नेता तो जेलों में कैद हैं और यहां तक कि उन्हें इन केसों में सर्वोच्च न्यायालय से जमानत तक नहीं मिल पा रही। ये वही केजरीवाल हैं जो सोनिया गांधी को मंच पर खड़े हो कर भ्रष्टाचारी बताते थे और दिल्ली की पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री दिवंगत शीला दीक्षित के कथित भ्रष्टाचार के सबूतों का पुलिंदा होने का दावा करते थे। दिल्ली विधानसभा चुनावों में उन्होंने दावा किया था कि सत्ता में आते ही इन सबको जेल की हवा खिलाई जाएगी।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

गुरूजनों ने भरी हुंकार, उत्पीड़न बंद करे सरकार

● प्राथमिक शिक्षक संघ ने माँगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। उत्पीड़न के विरोध में सरकारी शिक्षकों ने सोमवार को जोरदार हुंकार भरी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा के आवाहन पर जिले भर के शिक्षको ने बीआरसी पर एकत्र होकर महानिदेशक को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष रवीन्द्र दीक्षित की अगुवाई में प्राथमिक शिक्षको ने अपनी विभिन्न माँगों को लेकर ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर इकट्ठा होकर सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन दिया और शिक्षको की समस्याओं का तत्काल समाधान कराये जाने की माँग की। शिक्षको की माँग है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टेबलेट को सक्रिय किये जाने के लिये सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाये। शिक्षको को भी राज्य कर्मियों की भाँति एक कलेण्डर में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को दिया जाये तथा अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाये। सरकार शिक्षको का उत्पीड़न बंद कर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करायें। शिक्षको का कहना है कि यदि उनकी माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया तो शिक्षक समुदाय बीएसए आफिस एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देने को मजबूर होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। नगर में रत्नेश मिश्रा, परसेण्डी में नवीन श्रीवास्तव, एलिया में अश्विनी सिंह, सिधौली में उमेश सिंह, हरगांव में देवेन्द्र सिंह, कसमंडा में गिरजेश अवस्थी, बेहटा में सिद्धार्थ पटेल, मिश्रिख में जिला अध्यक्ष रविंद्र दीक्षित, महेश पाल, पिसावां में अश्वनी सिंह, गोंदलामऊ में अजय सिंह, बिसवां में सुनील बाजपेयी, खैराबाद में पवन सिंह, मछरेहटा में दिनेश मिश्र, चंद्र शेखर द्विवेदी, महोली में शिव सागर वर्मा, लहरपुर ज्ञान वर्मा, रेउसा में महेंद्र पांडे, सच्चिदानंद अवस्थी महमूदाबाद हंसराज वर्मा, सकरन नसीर अहमद, रामपुर मथुरा जंग बहादुर ने कार्यसमिति व शिक्षको के साथ बीईओ को ज्ञापन दिया। सेवता संवाददाता के अनुसार विभिन्न माँगों को लेकर बेसिक शिक्षको ने सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रेउसा ब्लॉक इकाई अध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षक बीआरसी पहुँचे और सरकार की दमनकारी नीति पर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि शिक्षको की समस्याओं को नजरअंदाज कर ऑनलाइन हाजिरी के लिये दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारी शिक्षको का वेतन रोकने और उन्हें निलम्बित करने की कार्रवाई कर रहें है। संगठन मंत्री सच्चिदानंद अग्निहोत्री ने कहा कि अन्य विभागों के कर्मचारियों को उपार्जित अवकाश, मध्यावकाश तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है, जबकि शिक्षा विभाग में ऐसा नहीं है। इस अवसर पर अमरेंद्र गोस्वामी, आशुतोष मौर्य, रामेन्द्र मिश्र, कुलदीप सिंह, आदित्य मिश्र, संगीता यादव, राजकुमार वर्मा, राकेश जैन, अमरेंद्र सुमन, राजेन्द्र शुक्ल, उमाशंकर वर्मा, पंकज, राजेश कुमार पांडेय, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे। महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी मांगों के समर्थन में महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हंसराज वर्मा, मंत्री अजय मिश्र व ज्ञानेश मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील वर्मा, डॉ. वहीदुज्जमा, विजय वर्मा, अनुपम वर्मा, नरेंद्र यादव, गेंदाराम, कुलदीप कुमार, कंचन वर्मा, अर्चना वर्मा, जावित्री वर्मा, निहारिका गुप्ता, ममता देवी, नीतू सिंह, रेनू सिंह, आफ्ताब अहमद सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

निजी अस्पतालों में अप्रशिक्षित कर रहे थे मरीजों का इलाज

● एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने अस्पतालों व डायग्नोस्टिक सेन्टरों का किया निरीक्षण

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील व स्वास्थ्य प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र के करीब आधा दर्जन अस्पतालों व डागनोस्टिक सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ज्यादातर अस्पतालों में अप्रशिक्षित लोग इलाज करते मिले। लखनऊ मार्ग स्थित एवन हास्पिटल से टीम देख अस्पताल संचालक व चिकित्सक भाग गए। एसडीएम शिखा शुक्ला व सीएचसी अधीक्षक आशीष सिंह की संयुक्त टीम ने सोमवार को इंडियन हास्पिटल, एवन अल्ट्रा साउंड सेंटर, जीवक नर्सिंग होम, लखनऊ हास्पिटल, न्यू नेशनल हास्पिटल व समाधान डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक निरीक्षण किया। टीम को जीवक नर्सिंग होम मे बीए और एमकाम पास लोग इलाज करते मिले। निरीक्षण के दौरान अप्रशिक्षित चिकित्सक मिलने पर न्यू इंडिया, इंडियन हास्पिटल, जीवक नर्सिंग होम, लखनऊ हास्पिटल के साथ एवन अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कार्रवाई की रिपोर्ट भेजी गई है। टीम को समाधान डायग्नोस्टिक सेंटर पर सबकुछ ठीक मिला। न्यू नेशनल हास्पिटल में ओटी को सीज किया गया है। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में प्राइवेट अस्पतालों के साथ डायग्नोस्टिक सेंटरों का निरीक्षण किया जा रहा है। अप्रशिक्षित चिकित्सकों को इलाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन अस्पतालों में अव्यवस्था मिली है उन्हें बंद कराते हुए उनपर कड़ी कार्रवाई के लिए संयुक्त रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। संचलाक सहित अन्य कर्मियों के भाग जाने पर एवं हास्पिटल को सीज कर दिया गया है।

पीसीएस शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने ग्रहण किया कार्यभार

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। वाराणसी से स्थानान्तरित होकर आये पीसीएस शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने सोमवार को सीतापुर में कार्यभार ग्रहण किया। मालूम हो शैलेन्द्र कुमार मिश्रा का स्थानान्तरण विगत दिनों हुआ था, वह जौनपुर जिले के मूल निवासी है, वाराणसी से पहले वह सोनभद्र में तैनात रह चुके है।

दबंग पर मोहल्ला वासियों ने लगाया आवागमन रोकने का आरोप

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर के प्रेमनगर मोहल्ले के एक दबंग व्यक्ति ने नाबदान में आरसीसी पिलर बना कर जल निकास और सड़क पर टीन डालकर तथा दो मकानों के मध्य ओवरपास आवागमन रोक दिया। इस सम्बन्ध में मोहल्ले के आधा दर्जन लोगों ने एसडीएम और नगर पंचायत ईओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किये जाने की माँग की है। मोहल्ला प्रेमनगर निवासी मो. हाशिम, निजामुद्दीन, जियाउद्दीन, मोहम्मद सगीर, हाफिज इफ्तिखार, मोहम्मद फहीम, डा. आरिफ अमीनुद्दीन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सुएब और मास्टर जगदीश आदि ने उपजिलाधिकारी, सिधौली और अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत सिधौली को दिए गए प्रार्थनापत्रों में बताया है कि मोहल्ला प्रेमनगर (दक्षिणी) में इन्द्रप्रस्थ मैरिज हाल के सामने वाली गली में उनके मकान बने हैं। उसी गली में विपक्षी रफ्फू पुत्र मुन्ने अली का भी मकान है। विपक्षी गली से ट्राली आदि निकलने से रोकने के लिए सार्वजनिक नाली में आरसीसी का पिलर बना रहा है। गौरतलब है कि रफ्फू उपरोक्त ने एक पिलर नाली में पहले से बना रखा है और अब दूसरा पिलर बना रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विपक्षी द्वारा बनाया जा रहा पिलर अनावश्यक है और केवल लोगों का निकास रोकने के लिए बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गली में टीन डालकर भी उसने अतिक्रमण कर रखा है।

गाँजर की हरियाली को नष्ट करने पर आमादा लकड़कट्ठे

● माहौल रात के अंधेरे में हरे-भरे वृक्षों पर चल रहा आरा

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके में बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों पर चलने वाले आरे पर रोक लगाने में जिम्मेदार नाकाम साबित हो रहे है। रेउसा, तम्बौर सहित सकरन थाना इलाके में हरियाली के दुश्मन खूब फल फूल रहे है। रात के अंधेरे में हरे पेड़ों पर चलने वाले आरे को स्थानीय पुलिस समेत वन कर्मी रोक नही पा रहे है। वन महकमे की कार्यवाही केवल मुकदमा दर्ज कराने तक सीमित रह गई है। ठोस कार्यवाही के अभाव में लकड़कट्ठो के हौसले बुलंद है। खुलेआम हरे पेड़ों को काटकर तम्बौर में स्थित आरा मशीनों पर बेच दिया जाता है। बीते शुक्रवार को तम्बौर थाना इलाके के दबकहा और सूर्य पुरवा मजरा अज्जयपुर में तीन दर्जन हरे आम के पेड़ों को बिना परमिट काट डाला गया। यही नहीं लकड़ कट्ठो ने बाग से लकड़ी भी उठा ले गए पर इसकी भनक बीट की पुलिस समेत वन कर्मियो को भनक तक नहीं लग सकी। ग्रामीणों की शिकायत पर जागे वन कर्मियो ने दोनो मामलों का तम्बौर थाने में हरे आम के पेड़ों को अवैध तरीके से काटने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने वन दरोगा हिमांशु वर्मा की तहरीर पर ग्राम सूर्यपुरवा मजरा अज्जयपुर में नौ आम के हरे पेड़ों को अवैध तरीके से काटने के मामले में नन्हू पुत्र मंगू निवासी ग्राम रमुवापुर व रब्बानी निवासी छोटकऊ निवासी चिड़ीमारन टोला थाना तम्बौर समेत डबकहा में 26 आम के पेड़ों के बिना परमिट कटान करने पर छगा पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला काजी टोला थाना तम्बौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

चार दिनो से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में शुक्रवार से लापता किशोरी का सुराग नही लग सका है। परिजनों ने गैर समुदाय के युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर तलाश तेज कर दी है। बताते चलें कि थाना इलाके की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गयी। पिता का कहना है कि जब वह गायब हुई उस वक्त किशोरी व उसकी बड़ी बहन घर पर ही थी। किशोरी के पिता ने गांव के ही शादाब पुत्र गुलजार व उसके साथी अदीश सोनी पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। रविवार की शाम पुलिस ने पिता की तहरीर पर शादाब व अदीश के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363, 366 के तहत के दर्ज कर तलाश तेज कर दी है।

सौहार्द और भाई चारे के साथ मनायें त्यौहार: शिखा शुक्ला

● माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: कोतवाल
● महमूदाबाद कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। महाशिवरात्रि, होली रमजान व ईद-उल-फित्तर दोनों धर्मो के लिये पवित्र त्योहार हैं। सभी पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। समाज में आपसी प्यार और सौहार्द बनाने का संदेश हमारे त्योहारों से मिलता है। ऐसे में कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे समाज के लिये समस्या उत्पन्न हों। अनैतिक कार्यो को न कोई करे और अगर कोई कर रहा है तो उसे करने से रोकना समाज के वरिष्ठ और जागरूक लोगो की जिम्मेदारी है। यह बात महमूदाबाद की उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कोतवाली महमूदाबाद में शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी पर्वों को आपसी भाईचारे के रूप में एक दूसरे के साथ मिल जुल कर मनाएं। यदि कहीं कोई अराजक तत्व आपके पर्व मनाने में बाधा उत्पन्न करता है। तो उसकी सूचना पुलिस को तत्काल दें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में निर्भय होकर मतदान करें। त्योहारों के समय स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से सक्रिय रहेंगी। नागरिकों को बिजली पानी की सुविधा अबाध रूप से मिलेगी। कोतवाल अनिल सिंह ने कहा कि त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। समाज में शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर है। अगर कहीं पर कोई समस्या है तो तत्काल आप लोग सीयूजी नम्बरों पर संपर्क स्थापित करें। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी माहौल बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। शांति समिति की बैठक में नगर पंचायत पैंतेपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि उरूज आलम, सभासद चक्र सुदर्शन पांडेय, उमेश वर्मा, मो. सैफ, संदीप यादव, मो. वली, दिनेश पाठक, सरस चंद्र मिश्र, मनोज शुक्ल, शशिबिंदु यादव, महेंद्र शुक्ल, सर्वेश यादव के साथ कई अन्य सभासद व दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में हुआ विकास कार्यों पर मंथन

● प्रधान व बीडीसी सदस्यों से रूबरू हुए बिसवां विधायक, दी योजनाओं की जानकारी
● बैठक में करीब पांच करोड़ की विकास योजनाओं को संचालित करने पर लगी मुहर
● पार्टी की नीतियों एवं समूचे क्षेत्र में विकास कार्यों पर दिया जायेगा जोर: मुन्नी देवी

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कसमंडा ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक सोमवार को हुई। इस बैठक में इलाके के कई ग्राम प्रधान व दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, प्रेमदीप जायसवाल, बीडीओ प्रशांत कुमार शुक्ल, एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद, प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष कुमार भार्गव आदि मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे बिसवां विधायक निर्मल वर्मा का सभी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अहम बिंदुओं पर चर्चा के बाद विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूद सभी को जानकारी दी। नारी शक्ति वंदन पर उन्होंने बोलते हुये कहा कि हमारी माताओं बहनों एवं बेटियों को भाजपा सरकार में सम्मान मिला है। बीते वर्षों में महिलाओं की मजबूत हुई स्थिति और उनको मिल रहे सम्मान की हकीकत खुद ब खुद आगे है। विधायक निर्मल वर्मा ने इस पर जोर दिया कि ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर इलाके में जिन महिलाओं को मौका मिला है वह आगे से बैठक का हिस्सा जरूर बने। सभी के बीच बैठक में इलाके के विकास कार्यों पर मंथन किया गया। और जरूरी कार्यों को लेकर अपने-अपने प्रस्ताव दिये गए। बताया जा रहा है कि बैठक में इंटरलॉकिंग, शासकीय भवनों की मरम्मत, नाला आदि से संबंधित करीब पांच करोड़ की विकास योजनाओं को संचालित करने पर मुहर लगी है। कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सदन में अपनी समस्याएं भी रखी। ऐसे बीडीसी सदस्यों से विधायक ने वार्तालाप कर उन्हें संतुष्ट करने का काम किया। ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी ने बताया कि क्षेत्र पंचायत की बैठक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई है। सरकार की विकास योजनाओं पर चर्चा के साथ कार्यों को पूरी पारदर्शिता से संपन्न करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा पार्टी की नीतियों को ध्यान में रखते हुए अभी तक जिस तरह विकास क्षेत्र में काम होते चले आए हैं उसी तरह आगे भी आम जनमानस के हित में कार्यों पर जोर दिया जाएगा।

लोक कल्याण के लिए कार्य कर रहे वैज्ञानिक

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना है। विज्ञान से लोगो में अंध विश्वास का विनाश होता है। सभी स्टूडेंट्स को विज्ञान विषय में रुचि लेकर इसे अपने कैरियर के लिए चुनना चाहिए। आधुनिक समय में विज्ञान एवं वैज्ञानिक निरंतर लोक कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। कोविड-19 में बनी वैक्सीन इसका प्रमाण है। यह बात विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी ने कही। विज्ञान दिवस के मौके पर बुधवार को सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन हिंदी मीडिएम, इंगलिश मीडिएम के बच्चों द्वारा आकर्षक मॉडल बनाए गए। छात्र अनुराग वर्मा द्वारा जेसीबी, आनंद पटेल द्वारा मंगलयान, राजवीर गुप्त द्वारा स्पोर्ट कार, परिधि वर्मा द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल,मयंक वर्मा द्वारा चंद्रयान-3, चारू वर्मा द्वारा सोलर पावर सिस्टम, गीतांश सिंह द्वारा क्रेन, सोम वर्मा द्वारा पवन चक्की, अजय सिंह द्वारा ज्वालामुखी, आशीष कुमार ने वायु प्रदूषण, हर्षित यादव द्वारा जेसीबी, अभिनव सिंह द्वारा पासिंग वायर, ओजस्वी श्रीवास्तव द्वारा वॉटर टैंक, अभय वर्मा द्वारा विक्रम लैंडर, सिद्धार्थ सिंह द्वारा वॉटर प्यूरीफायर, सुरभि वाजपेयी द्वारा ज्वालामुखी, छवि शुक्ला द्वारा वायु प्रदूषण, प्रतिभा चौहान द्वारा पवन चक्की, प्राची कश्यप द्वारा पानी की टंकी, प्रांशु कश्यप द्वारा टुल्लू पंप व अंशिका यादव द्वारा वॉटर प्यूरीफायर के आकर्षक मॉडल बनाए। निर्णायक मंडल में शामिल जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनंत रत्न,आदर्श जायसवाल, एसआर वर्मा, प्रतिभा सिंह, गुंजन यादव, अनीता वर्मा, नीरज वर्मा, संदीप वर्मा द्वारा बनाए गए मॉडलों का परीक्षण करने के बाद अनुराग वर्मा के जेसीबी माडल को प्रथम, सोम वर्मा के पवन चक्की मॉडल को द्वितीय, अभय वर्मा के विक्रम लैंडर, सिद्धांत सिंह के वॉटर प्यूरीफायर मॉडल को तृतीय,आनंद पटेल के मंगलयान, गीतांश सिंह के क्रेन व अभिनव सिंह के पासिंग वायर मॉडल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

संक्षिप्त आवाज़

फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। खैराबाद इलाके में सोमवार की सुबह युवक का शव फांसी पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए।घंटों पड़ताल के मृतक की शिनाख्त रामकोट निवासी कुलदीप के रुप में हुई है। पुलिस का दावा है मंगलवार को उसका विवाह होना था। बताते चलें कि सोमवार की सुबह खैराबाद इलाके में ग्रामीणों ने युवक का शव एक पेड़ पर लटकता देखा।खबर मिलते ही खैराबाद इंस्पेक्टर नीरज सिंह लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे।शव को कब्जे में ले शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। घंटों चले प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त रामकोट इलाके के खगेशियामऊ निवासी कुलदीप उम्र 24 पुत्र रामदयाल के रूप में हुई। इंस्पेक्टर खैराबाद का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।मंगलवार को कुलदीप का विवाह होना था।किन परिस्थितियों उसने यह कदम उठाया है जांच की जा रही है।

विवाह होने से एक दिन पहले लगा ली फांसी

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। खैराबाद इलाके में सोमवार की सुबह युवक का शव फांसी पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। घंटों पड़ताल के बाद मृतक की शिनाख्त रामकोट निवासी कुलदीप के रुप में हुई है। पुलिस का दावा है मंगलवार को उसका विवाह होना था। बताते चलें कि सोमवार की सुबह खैराबाद इलाके में ग्रामीणों ने युवक का शव एक पेड़ पर लटकता देखा। खबर मिलते ही खैराबाद इंस्पेक्टर नीरज सिंह लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में ले शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। घंटों चले प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त रामकोट इलाके के खगेशियामऊ निवासी कुलदीप उम्र 24 पुत्र रामदयाल के रूप में हुई। इंस्पेक्टर खैराबाद का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मंगलवार को कुलदीप का विवाह होना था। किन परिस्थितियों उसने यह कदम उठाया है जांच की जा रही है।

जैविक खेती अपनाकर खुशहाल बने किसान: प्रिंस कुमार

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नवभारत फर्टिलाइजर द्वारा पहला के देवहरा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके अध्यक्षता गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान जितेंद्र मिश्र ने की। नवभारत फर्टिलाइजर द्वारा सोमवार को आयोजित गोष्ठी में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कृषि अधिकारी प्रिंस कुमार ने कहा कि अधिक पैदावार लेने के लिए आजकल दिन प्रतिदिन किसान रासायनिक खाद और दवा का प्रयोग अत्यधिक मात्रा में कर रहे हैं, जिसके चलते खेत की उर्वरक शक्ति दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। रासायनिक खादों के प्रयोग के चलते हवा और जल प्रदूषित होता जा रहा है। कंपोस्ट और गोबर खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने से खेत में सूक्ष्म जीवाणु की बढ़ोत्तरी होती है। जिससे मिट्टी भुरभुरी बन जाती है और मिट्टी का उर्वरक शक्ति बढ़ जाती है। कंपनी के अनूप जायसवाल व सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि जैविक खेती करने से खेत की उर्वरक शक्ति बहुत लंबे समय तक बरकरार रहती है। गन्ने की फसल में जैविक खाद का प्रयोग कर जहां बेहतर पैदावार मिलेगी वहीं फसल में लगने वाले रोगों से भी बचा जा सकता है। इस मौके पर किसान मनोज चौहान, अशोक, राजेश प्रजापति, तूफानी, दुर्गेश, रामू, छोटेलाल, महेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कैप्टन मनोज पांडेय के नाम पर जाना जायेगा बिसवां-सिधौली-मिश्रिख मार्ग

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिले के बिसवां-सिधौली-मिश्रिख मार्ग को अब परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर अपनी मंजूरी दे दी है। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि कारगिल युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय ने सीतापुर की माटी में जन्म लिया। अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नाम से मार्ग का नाम रखा जाना उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि है। राज्यमंत्री ने बताया कि 66 किलोमीटर लंबा यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है। उन्होंने बताया कि कसमंडा ब्लॉक के रूढ़ा गांव में 25 जून 1975 को जन्मे कैप्टन मनोज पांडेय ने कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों को मार गिराया था। पाकिस्तान के कब्जे में चोटी को मुक्त कराकर शान से तिरंगा लहराया था। इस दौरान वह शहीद हो गए थे। केंद्र सरकार ने उनके इस अदम्य साहस के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया था।

जिपं सदस्य ने दिया इस्तीफा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिला पंचायत कार्यालय की लगातार उपेक्षा से तंग आकर वार्ड नंबर 16 हरगाँव की जिला पंचायत सदस्य अनीता ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। अनीता ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर विकास कार्य के प्रस्ताव पर विचार न करने का आरोप लगाया है। अनीता ने सपा उम्मीदवार के रूप में जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में विजय हासिल की थी।

संचालन समिति ने 26 मामलों का किया निस्तारण

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत, सामूहिक बलात्कार, दहेज हत्या प्रकरणों से सम्बन्धित पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति स्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु आज डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति की बैठक हुई। जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 26 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन, वरिष्ठ कोषाधिकारी, एलडीएम अनल कुमार, जिला प्रॉबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करायेंगे राजेश वर्मा

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तमाम कयासों के बावजूद सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से चौथी बार के सांसद राजेश वर्मा पर भाजपा ने भरोसा जताते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। राजेश वर्मा को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजेश वर्मा के भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य, डा. अम्मार रिजवी, रामकुमार वर्मा ÷नन्हा÷, मोहन प्रसाद बारी, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश वर्मा, संतोष सिंह, कपिल वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवीण वर्मा, संजय वर्मा, रमाशंकर वर्मा, रामप्रवेश प्रजापति, आरजे वर्मा, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अतुल वर्मा, सत्यवान वर्मा, नमन वर्मा, मृगांक वर्मा ने भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा राजेश वर्मा को प्रत्याशी बनाये जाने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि सांसद वर्मा अपने पुराने रिकॉर्डो को ध्वस्त कर भारी मतों से जीत दर्ज करते हुए पार्टी के चार सौ पार के नारें को साकार करेंगे। राजेश वर्मा के टिकट की घोषणा होते ही बिसवां रोड स्थित रामकुमार वर्मा के आवास पर एक दूसरे को लड्डू खिलाते हुए गोले पटाखे दगाकर हुए खुशी जाहिर की।

बेटे की हत्या के बाद खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा शिक्षक पिता

● सीओ को प्रार्थना पत्र देकर गैंग लीडर और हिस्ट्रीशीटर पिता के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। स्मैक तस्करी व मारपीट के लिए चर्चित हुए 4152 गैंग के सदस्यों द्वारा छात्र का अपहरण कर हत्या किए जाने के बाद से नगर में दहशत का माहौल है। मृतक छात्र के पिता ने 4152 गैंग के सरगना, उसके गैंगस्टर पिता के खिलाफ कोतवाली पुलिस के साथ सीओ को प्रार्थनापत्र देकर असुरक्षा की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। मृतक छात्र के पिता शिक्षक सुनील यादव ने दिए महमूदाबाद के क्षेत्राधिकारी व कोतवाल के दिये गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि गैंग में 12 से 25 वर्ष तक के किशोर से युवा तक जुड़े हैं जो बेहद बेखौफ हैं। इनके द्वारा आए दिन स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ नगर के अन्य लोगों से मारपीट की जाती रहती है। 4152 गैंग के सदस्य छात्र द्वारा मेरे मृतक बेटे सुधाकर यादव को अगस्त माह में मारकर नहर में फेंककर धमकी दी थी और उसके बाद छह माह में उस धमकी को उसने गैंग के एक अन्य साथी की मदद से पूरा कर दिया।

पीड़ित ने अपने साथ परिवार की सुरक्षा की चिंता जताते हुए गैंग पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि गैंग संचालक किशोरावस्था में ही मजदूर पर तमंचे से किए गए जानलेवा हमले में बाल सुधार गृह जा चुका है और उसका पिता महमूदाबाद थाने की हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। गैंग संचालक अभिषेक वर्मा उर्फ राज के पिता रंजीत वर्मा पर महमूदाबाद, रामपुर मथुरा, सदरपुर व बाराबंकी के फतेहपुर थाने में विभिन्न संगीन धाराओं में करीब दो दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। पीड़ित ने आशंका जताई है कि गैंग लीडर व उसका पिता दोनों ही इस समय जेल से बाहर हैं इसलिए वे कभी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित ने 4152 गैंग लीडर व उसके हिस्ट्रीशीटर पिता पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में महमूदाबाद के क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ल ने बताया कि मृतक छात्र के पिता द्वारा सोशल मीडिया पर 4152 नाम से आईडी बनाकर चलाने वाले के खिलाफ शिकायतपत्र दिया है। सर्विलांस सेल की मदद से आईडी की सघनता से जांच कराई जा रही है। यदि इससे जुड़े सदस्यों की अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाएगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने व्यय अनुवेक्षण टेक्निकल टीम को किया प्रशिक्षित

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज

संक्षिप्त समाचार

प्राथमिक विद्यालय हर्रा की बाउंड्री वॉल टूटी

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हर्रा के प्राथमिक विद्यालय हर्रा की बाउंड्री वॉल रविवार की देर रात में टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई सुबह से विद्यालय पंहुचे अध्यापक ने विद्यालय की बाउंड्री वॉल टूटी हुई देखकर अगर बगल पता लगाया कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल कैसे टूटी है।अध्यापक को शक है कि विद्यालय के बगल स्थित युवक द्वारा बाउंड्री वॉल ट्रैक्टर ट्राली से धक्का मार कर तोड़ दिया गया है। जबकि पड़ोसी कह रहा है कि हमने विद्यालय की बाउंड्री वॉल नहीं तोड़ी है बताया जा रहा है कि पड़ोसी युवक के घर शटरिंग के लिए ट्रैक्टर ट्राली से बांस पटरा आया था उसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली के धक्के से विद्यालय की बाउंड्री वॉल टूट गई। विद्यालय के अध्यापक ने बाउंड्री वॉल टूटने की जानकारी ग्राम प्रधान सहित विभागीय खंड शिक्षा अधिकारी को दे दिया है। प्राथमिक विद्यालय हर्रा चुनाव में मतदान केंद्र बनाया जाता है ऐसे में विद्यालय में बाउंड्री वॉल रहना आवश्यक है।

अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल,रेफर

राजगढ़ (मिर्जापुर)। चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेसगढ़ मे बीती शनिवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती किया गया। जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी राकेश 17 वर्ष बीती शनिवार की रात बारात में सम्मिलित होने के लिए सक्तेसगढ़ जा रहा था। कि इसी दौरान राजगढ़ चुनार मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार राकेश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती किया गया। जहां हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय मिर्जापुर कर दिया गया।

लावारिश शव को किया सुपुर्दे खाक

जौनपुर । शहर स्थित हजरत हम्जा चिस्ती कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफलावारिस लाश इंतजामिया कमेटी द्वारा एक शव जो भंडारी पुलिस चौकी थाना कोतवाली द्वारा जिला अस्पताल से पोस्ट मार्टम के बाद प्राप्त हुआ था को सुपुर्दे खाक किया गया । अध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया की अगर प्रशासन को कोई भी लावारिस लाश मुस्लिम समुदाय की मिलती है तो उस शव को उक्त टीम पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से दफ्नाने का कार्य करती है।

उक्त मिट्टी की जनाजे की नमाज हाफिज अजहर ने अदा कराई। मिट्टी में मेराज,बख्तियार आलम,सिराज अहमद,रिजवान,रहीम लल्लू,,इरफान अहमद कुरैशी, सहित कांस्टेबल सरोज कुमार आदि मौजूद रहे।

बरसात और ओलावृष्टि से क्षतिपूर्ति की करें शिकायत

जौनपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के नुकसान होने की स्थिति में बीमित किसानों को बीमा कवरेज एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक के बीच प्राकृतिक आपदाओं से हुई अधिसूचित फसलों की बीमित फसलों की क्षति, ओलावृष्टि एवं फसल कटाई के बाद सूखने के लिए खेतो में रखी गयी फसल के 14 दिन के अन्दर भारी बरसात व चक्रवात से फसलों की क्षति व्यक्तिगत लाभ के अंतर्गत आती है, किन्तु इसके लिए बीमित कृषकों को नुकसान होने के 72 घण्टे के अन्दर एसबीआई जनरल बीमा की टोल फ्री नंबर 18002091111 या उत्तर प्रदेश सरकार की टोल फ्री नंबर 18008896868 पर शिकायत दर्ज कराना होता है, तभी सर्वे कर संबंधित किसानों को क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाती हैं। उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कृषि प्रसार डा. रमेश चंद्र यादव ने बीमित कृषको से अपील किया है कि फसलों की क्षतिपूर्ति हेतु बीमा कंपनी के टोलफ्री नंबर पर समयांतर शिकायत दर्ज कराए तथा क्षतिपूर्ति हेतु अपना आवेदन कृषि विभाग में उपलब्ध कराए, जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योनान्तर्गत बीमित कृषको को ससमय क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।

कौशल विकास के 50 विद्यार्थियों का चयन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र पर 50 छात्र छात्राओं का हुआ चयन। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र पर सोमवार को टोकाई रबर ऑटो पार्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान की तरफसे आए प्रतिनिधि अंजलि और धर्मजीत के द्वारा 50 छात्र छात्राओं को चयनित किया गया।

यह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र को गणित विभाग के प्रो. राजकुमार नोडल अधिकारी के रूप में देख रहे हैं। साथ ही उन्हें योग्य प्रशिक्षणकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नोडल अधिकारी प्रोफेसर राज कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार, राजन कुमार, संतोष, अभिषेक, सूर्यकांत, प्रिया आदि लोग उपस्थित रहे।

एचडीएफसी बैंक ने एक्सप्रेसवे टू-व्हीलर मेगा लोन मेला लॉन्च

वाराणसी। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने 6 मार्च, 2024 से 7 मार्च, 2024 तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एक्सप्रेसवे दोपहिया मेगा लोन मेले की घोषणा की है। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से 750 से अधिक शाखाओं से भागीदारी देखी जाएगी। इसके अलावा, बैंक ने प्रमुख दोपहिया डीलरों को बैंक की शाखाओं में अपनी नवीनतम दोपहिया पेशकश प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया है।यह पहल दोपहिया डीलरों और बैंक के बीच शाखाओं में मौके पर ही ऋण मंजूरी प्रदान करने के लिए कारगर साबित होगा। यह ग्राहकों को टेस्ट राइड लेने और तुरंत खरीदारी का निर्णय लेने का अवसर भी प्रदान करेगा क्योंकि बैंक मौके पर ही अन्य सहायक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ निर्बाध ऋण प्रसंस्करण की सुविधा प्रदान करेगा।एचडीएफसी बैंक कई नई शाखाओं के साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में तेजी से अपना विस्तार कर रहा है, जिसका लाभ इन राज्यों में बैंक के दोपहिया ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उठाया जाएगा।राष्ट्रीय ऋण पुस्तिका के साथ 31 दिसंबर, 2023 तक 11,300 करोड़ रुपये का दोपहिया ऋण बैंक के लिए सबसे तेजी से बढ़ते खुदरा अग्रिम पोर्टफोलियो में से एक है।

फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड ने रूबीना दिलैक को बमटम का बनाया ब्रांड एंबेसडर

वाराणसी। फैमिलीकेयर कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड ने प्रसिद्ध सेलिब्रिटी रूबीना दिलैक को अपने बेबी केयर ब्रांड बमटम का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा करते हुए खुशी जाहिर की है। यह एसोसिएशन पैरेंटहुड का जश्न मनाने और शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए टॉप-क्वालिटी वाले चाइल्डकेयर को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पैरेंटहुड की अपनी हाल की शुरुआत और अपने बच्चों को बेस्ट केयर देने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, रूबीना दिलैक देशभर में नई मदर्स के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनकी सोच बमटम के बुनियादी संस्कारों के काफी करीब हैं, और इसलिए वे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए सही पसंद हैं।बमटम शिशु अवस्था से लेकर शुरुआती बचपन तक बच्चे के विकास के हर चरण का ध्यान रखने के लिए तैयार है। बमटम के पास उत्पादों की एक विस्तृत रेंज है जिसमें 0 से 5 वर्ष की उम्र के छोटे बच्चों की तमाम जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए प्रोडक्ट्स शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, शिशुओं के आराम और खुशहाली को सुनिश्चित करते हुए, ब्रांड ने अपने अटूट समर्पण दर्शाया है और भारतीय माता-पिता के बीच अद्वितीय भरोसा हासिल किया है।

आसिफ शेख और विदिशा श्रीवास्तव श्री काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर करेंगे दर्शन

वाराणसी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एण्डटीवी के शोज के प्रमुख कलाकार-च्भाबीजी घर पर हैंच् के विभूति नारायण मिश्रा और अनीता भाबी ने भारत में भगवान शिव के सबसे प्रतिष्ठित मंदिर में जाकर दर्शन करेगें। आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी) अपने होमटाउन वाराणसी पहुँचे और उन्होंने विश्व-प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर शिव महोत्सव में भाग लिया। वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर दर्शन करने के बारे में, एण्डटीवी के शो च्भाबीजी घर पर हैंच् में विभूति नारायण मिश्रा की भूमिका निभा रहे आसिफ शेख ने कहा, च्काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने की मेरी बहुत दिनों से इच्छा थी और मैं खुश हूँ कि आखिरकार मेरी इच्छा पूरी हुई। इसके अलावा, च्भाबीजी घर पर हैंज् को नौ साल पूरे हो चुके हैं और इस उपलब्धि की खुशी मनाने का और कोई बेहतर तरीका नहीं था। इस तरह, मंदिर जाने के दो दमदार कारण थे, अपनी उपलब्धि की खुशी मनाना और भगवान शिव से आशीर्वाद लेना।

दस फीट के मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने मकान से पकड़ा

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में रविवार की भोर में करीब दस फीट का मगरमच्छ चहलकदमी करते हुए मकान में घूस गया मगरमच्छ को मकान के अंदर देखकर गृहस्वामी ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया सूचना मिलते ही मौके पर पंहुची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को मकान के अंदर से काफी मशक्कत के बाद पकड़कर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर सुरक्षित ददरी जलाशय के गहरे पानी में छोड़ा दिया है

तब जाकर गृहस्वामी व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। भटवारी गांव निवासी सप्त मुनि आदिवासी के मकान में रविवार की देर रात में चहल-कदमी करते हुए एक मगरमच्छ करीब दस फीट का घूस गया भोर में परिवार के लोग उठे तो देखा कि मगरमच्छ घर के अंदर है जिस पर शोर मचाने लगे और इसकी सूचना

वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र को दिया वनक्षेत्राधिकारी के निर्देश पर मगरमच्छ को पकड़ने के लिए वन दरोगा अजय प्रकाश व वन्यजीव रक्षक रामदास आदिवासी शीतला बक्स सिंह अरविंद कुमार नीटू शर्मा मौके पर पंहुचकर मकान के अंदर से मगरमच्छ को काफी मशक्कत के बाद पकड़कर बांस के सहारे ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर सुरक्षित ददरी जलाशय के गहरे पानी में छोड़ दिया।

मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद गृहस्वामी व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।इस संबंध में वन दारोगा अजय प्रकाश ने बताया कि एक मगरमच्छ करीब दस फीट का चहलकदमी करते हुए भटवारी गांव के एक व्यक्ति के मकान में घूस गया था सूचना मिलने पर मौके पर टीम के साथ पंहुचकर मगरमच्छ को पकड़कर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर सुरक्षित ददरी जलाशय में छोड़ा गया है।

नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत निकली पदयात्रा

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सोनभद्र द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत पदयात्रा नगर भ्रमण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्यअतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व विशिष्ठ अतिथि के रुप मे राज्यमंत्री उ0प्र0सरकार संजीव कुमार गोंड,सदर विधायक भूपेश चौबे, नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद मौजूद रही।

भ्रमण कार्यक्रम सवेरा ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर मेन मार्केट होते हुए चण्डी तिराहे पर समाप्त हुआ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति का जनजागरण करना था इस कार्यक्रम मे भाजपा महिला मोर्चा की महिला कार्यकर्ता हाथ मे स्लोगन लिखा हुआ स्टैण्डी व गले मे भाजपा का टोपी व पट्टा लगाकर नारा लगाते हुए गाजे बाजे के साथ नगर का भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से कुसुम शर्मा, पुष्पा सिंह, बलराम सोनी, गुडिया त्रिपाठी,रंजना पांडेय, सरोज केशरी, तारा देवी, अनामिका जायसवाल, रिशु सिंह, मीना पाटील, सुषमा गोंड, हेमलता जायसवाल, कविता यादव, सहित आदि कार्यकर्ता मौजद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित की गयी शोकसभा

हलिया(मिर्जापुर)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में सोमवार को शोक सभा आयोजित की गई बता दे कि बीती रात में सूचना प्राप्त हुआ कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सन उन्नीस सौ सन्तानवे से कार्यरत थे जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निस्वार्थ भाव से कुष्ठ रोग से सम्बंधित समस्त लाभार्थी को सेवाएं दे रहे थे जो अचानक किसी कारण बस उनकी तबियत बीते शुक्रवार से खराब हो गई थी जो कि सूचना मिलने पर परिवार के लोग बनारस के ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया गया जिससे तबियत ज्यादा खराब होने के कारण कल देर शाम उनका निधन हो गया जिसकी खबर सुन विभागीय अधिकारी कर्मचारी स्तंभ रह गए जिसके उपरांत आज सुबह दिन शुक्रवार को उनकी यादो में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें डॉ विवेक खरे सर के नेतृत्व में समस्त स्टॉफके साथ दो मिंट का मौन रहकर मृत आत्मा के लिए शांति की कामना की गई साथ ही डॉ विवेक खरे सर द्वारा बताया गया कि दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान की कामना करता हूँ । इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके परिवार के साथ हैं ! यूनीसेफ बी एम सी अंकित शुक्ला द्वारा दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं भगवान जी से प्रार्थना है कि परिवार को भगवान सहन भूति प्रदान करे इस दौरान समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे डॉ विवेक खरे डॉ हर्षवर्धन डॉ रीना डॉ निर्मल डॉ सुरेश कनोजिया बी एम सी अंकित शुक्ला यूनीसेफ बी एच डब्लू दीपक सिंह स्टॉप नर्स दिप मंजरी प्रियंका पटेल फार्मासिस्ट सुभाष पटेल अजय कुशवाहा लैब टेक्नीशियन आलोक पटेल अनिल पटेल ए एन एम मंजू देवी वार्ड बाय रमा शंकर दुबे आदि उपस्थित रहे

कृषक जैविक खेती से करें आय का सृजन : विधायक

जौनपुर। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी/ मेला का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि रमेश बन्द्र मिश्रा, विधायक, बदलापुर रहे। मुख्य अतिथि द्वारा किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की चर्चा की गयी। किसानों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर उद्यान विभाग से सम्पर्क करके लाभ लेने हेतु कहा गया। कृषक जैविक खेती अपनाकर अपने आय का सृजन करें तथा मुख्य अतिथि एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत 20 बी.एच.पी. तक का ट्रैक्टर क्रमशः 04 किसानों को राजनाथ यादव, सरोज कुमार, तथा रामसजीवन यादव, कृष्णकान्त सिंह पावर टिलर 8 बी.एच.पी. से अधिक हेतु चाबी किसान जवाहर लाल मौर्य को दिया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाथ उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत तीन उद्यमियों क्रमशः हजारी लाल, महेश कुमार मौर्य, श्रीमती नीलम देवी को मशरूम, राईस मिल व पलोर मिल उद्योग लगाने हेतु धनराशि का चेक वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसानों की तकनीकों को समझने व अपने प्रक्षेत्र पर तकनीकों का प्रसार करने के बारे में बताया गया तथा महिलाओ को उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु कहा गया। उपनिदेशक, उद्यान वाराणसी मण्डल जयकरण सिंह जी द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला । जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा द्वारा सम्बन्धित कृषकों को सब्जी की खेती, मसाला की खेती, पुष्प की खेती, पान की खेती व परियोजना आधारित कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ किसानों तक कैसे पहुंचे पर से चर्चा की तथा जनपद में पाली हाउस लगाने का आवाहन किया गयां। कृषि विज्ञान केन्द्र, अमहित के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. आर.के. सिंह द्वारा किसानों को सब्जी की खेती में अपार सम्भावनाएं बताते हुए कहा कि सब्जी और फलों की खेती में द्वितीय स्थान पर है । कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्शा के अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार कन्नौजिया ने बताया कि किसानों को समूह में खेती करने से अत्यधिक लाभ होगा तथा बाजार किसानों के घर तक पहुंचेगा जिससे किसान की आय दुगुनी होगी। कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्शा के उद्यान वैज्ञानिक डा राजीव कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि आम के फसल में बौर का समय है, इसकी सुरक्षा हेतु टिप्स दिए इस कार्यक्रम के अन्त में पूर्व ब्लाक प्रमुख जय प्रकाश सिंह राणा व देवराज पाण्डेय द्वारा किसानों एवं वैज्ञानिकों के कार्यों की सराहना की ।

कार चालक समेत दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बरेज गांव निवासी उमेश कुमार डब्ल्यू चौरसिया ने रविवार की देर शाम थाने में तहरीर तेजगति लापरवाही पूर्वक अल्टो कार चालक द्वारा कार चलाते हुए विलेनो कार में टक्कर मारने तथा मारपीट करने व जान से मारने की धमकीं देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।तहरीर में बताया है कि रविवार की देर शाम अपनी कार विलेनो जो बहन की शादी में देने हेतु लिये है को लेकर कोरांव गये हुए थे वापस लौट रहे थे कि जैसे ही दुर्जनीपुर मोड़ के आगे बाबा ढाबा के पास जैसे ही पंहुचे कि बाई तरफ से एक कार अल्टो जिसका चालक कार तेजगति लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरी विलेनो कार में टक्कर मार दिया।

प्रधानमंत्री का संकल्प है नारी शक्ति मजबूत हो : सरिता भदौरिया

इटावा। हमारी मातृशक्ति में बहुत उत्साह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो संकल्प है कि नारी शक्ति मजबूत हो उसकी एक झलक आज की इस शक्ति बंधन मैराथन दौड़ में देखने को मिल रही है।उक्त उदगार सदर विधायक सरिता भदोरिया ने च्नारी शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत च्शक्ति वंदन दौड़ज् जिसका आयोजन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विरला शाक्य के नेतृत्व में आयोजित शक्ति बंधन दौड़ में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से आज यहां हमारी माताएं बहने आई हैं,उससे मुझे आज प्रसन्नता हो रही है कि देश जिस दिशा में जा रहा है और जिस विकसित भारत की बात हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं वह मातृशक्ति के आशीर्वाद से ही संभव है।नारी शक्ति बंधन मैराथन के अन्तर्गत इटावा शहर के शास्त्री चौराहे से पक्का तालाब चौराहे तक नारी शक्ति के विशाल जन समूह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।मुख्य अतिथि विधायक सरिता भदौरिया ने दौड़ कार्यक्रम का शुभारंभ किया,विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया,क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला,महिला मोर्चा की ज़िलाध्यक्ष विरला शाक्य,ज़िला उपाध्यक्ष रिचा मिश्रा,राधा पाल, श्याम राजपूत, रेखा पोरवाल,

प्रमिला पालीवाल, जिला मंत्री गुड्डी बाजपेई,ममता गुप्ता, चंचल तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रेनू शुक्ला, कोषाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, रजनी भदौरिया, कुसमा राजपूत मनी लता जाटव, सीमा यादव विनीता राजपूत, सीता मिश्रा, बबली प्रजापति, सीमा यादव चकरनगर मंडल अध्यक्ष शिवानी गुप्ता और भरथना प्रथम मंडल अध्यक्ष अंजू राजावत एवं मंडल अध्यक्ष एवं मंडल की महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाया।

नि: शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 9 मार्च को

इटावा। चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान इटावा के तत्वावधान में जनपद के स्वनामधन्य पूर्व सांसद रहे स्व. चौ. रघुराज सिंह की स्मृति में 9 मार्च शनिवार को प्रातः 9 बजे से भरथना नगर के राजागंज (पाली बंबा के पास, बकेवर रोड) स्थित शशिप्रभा मैरिज होम में निशुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर की तैयारियों के संबंध में चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की अध्यक्ष एवं स्वर्गीय सांसद की पुत्री श्रीमती आशा दुबे ने नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष राजेश नारायण दुबे के आवास पर बैठक की जिसमें शाखा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राठौर, सचिव राम प्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र

कुमार पोरवाल, उप कोषाध्यक्ष संजय माधवानी, संयोजक मंडल के सदस्य आदित्य पांडे के अलावा श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी ने मौजूद रहकर शिविर का अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयासों पर विचार विमर्श किया। इसमें होर्डिंग पोस्टर लगाकर तथा रिक्शे पर नगर और क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार कराने का निर्णय लिया गया।

विक्टर पब्लिक इन्टर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

भरथना, इटावा। शहर की सुप्रसिद्ध संस्था विक्टर पब्लिक इंटर कॉलेज में विज्ञान दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया,जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों द्वारा वर्किंग साइंस मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा को उजागर किया।साइंस प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक रोहन सिंह यादव ने फीता काटकर किया।रोहन सिंह यादव और विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती इंदु यादव तथा प्रिंसिपल श्रीमती अल्पना केसरवानी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती पर मल्लपुरम कर पूजन किया।प्रिंसिपल मैडम ने छात्रों को साइंस दिवस पर डॉ.सी.वी.रमन के जीवन पर और उनके द्वारा साइंस में किए गए शोध कार्यों पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि 28 फरवरी सन 1928 को डॉक्टर सी वी रमन के नाम पर ही उनके द्वारा खोजे गए प्रकाश के इफेक्ट को रमन इफेक्ट के नाम से जाना गया।विज्ञान दिवस को मनाने का उद्देश्य बच्चों एवं अभिभावकों में साइंस के प्रति रुचि और जीवन के प्रति विज्ञानीय दृष्टिकोण पैदा हो बच्चे किसी भी विषय को नए ढंग

से सोचें और नई-नई चीजों का आविष्कार करें। प्रबंधक जी ने और बच्चों के अभिभावकों ने साइंस एग्जीबिशन का अवलोकन करके विभिन्न मॉडलों को देखा एवं सराहा बच्चों ने अपने मॉडलों को विस्तृत रूप से वर्णन करके बिना हिचक बताया।क्लास केजी 1 के अथर्व , स्वास्तिक, व अभय ने क्रमशः पार्क वाइल्ड एनिमल्स और वॉटर डिस्पेंसर बनाया। तनिष्का ने सीजन एस का मॉडल बनाया देवनारायण क्लास फोर्थ ने रेलवे स्टेशन और चित्रशा क्लास फोर्थ ने वॉटर डिस्पेंसर बनाया,धृती ने चंद्रयान 3 को चला कर दिखाया।सृष्टि गुप्ता क्लास फोर्थ ने ज्वालामुखी का वर्किंग मॉडल बनाया।शिव गौतम ने लिफ्ट चला कर दिखाई वहीं अन्य और बच्चों के भी मॉडल बहुत ही सराहनीय थे जिसमें वैभव का फेरिस व्हील नैना का 3डी होलोग्राम आयुष एवं हर्षित की विंडमिल थी।

मतदान के अधिकार के प्रति किया जागरूक

जौनपुर। राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सोमवार को चारो इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवियों द्वारा शिविर के प्रथम सत्र में चयनित ग्राम सभा में मतदाता जागरूकता अभियान पर एक रैली निकाली गई। रैमतदान के अधिकार के प्रति जागरूक किया जौनपुर। राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सोमवार को चारो इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवियों द्वारा शिविर के प्रथम सत्र में चयनित ग्राम सभा में मतदाता जागरूकता अभियान पर एक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को मतदान के अधिकार के प्रति एवं अपने मत का पूर्ण प्रयोग करने के लिए जागरूक हेतु जागरूक किया गया। रैली में अनेक प्रकार के नारों से चयनित ग्रामों में घूमकर जागरूक किया। रैली अपने चयनित ग्रामों से होते हुए पुनः शिविर स्थल वापस आयी। मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि प्रो0 गिरजा शंकर त्रिपाठी , एवं विशिष्ट अतिथि प्रो0 मायानंद उपाध्याय, रहें।

कटर प्लांट पर पत्थर के नीचे दब कर युवक की मौत

अहरौरा (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बारा डीह में संचालित कटर प्लांट पर बीते रात्रि के आस पास पत्थर की फरी टूट कर युवक के ऊपर गिरने से युवक की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कन्हईपुर निवासी शिव कुमार पुत्र स्वर्गीय रामधनी उम्र 28 वर्ष उक्त कटर प्लांट पर रात्रि ड्यूटी के दौरान कार्य कर रहा था जहां वह कई वर्षो से कार्य कर रहा था युवक के रिश्तेदारों ने बताया कि प्लांट संचालक को कई बार युवक ने बताया की प्लांट में जहां पत्थर को काटा जाता है ।

कार्यालय जिला पंचायत, मीरजापुर

पत्रांक : 1078/जि0पं0 मी0/2023-2024/मृत पशु शव निस्तारण ठेका/लाइसेंस दिनॉक : 04/03/2024

मृत पशुशव निस्तारण का ठेका/लाईसेंस हेतु अल्पकालीन टेण्डर/निविदा विज्ञाप्ति प्रकाशित की आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के 1023/जि0प0/2023-24 दिनांक 17.02.2024 द्वारा मृत पशुशव निस्तारण का ठेका /लाइसेंस वित्तीय वर्ष 2024-25 (01.04.2024 से 31.03.2025 तक) की नीलामी हेतु प्रकाशित विज्ञाप्ति में शासनादेश संख्या 2232/33-2-2020-420 जी/2020 दिनोंक 20 अक्टूबर 2020 के कुछ अनिवार्य प्रावधान संबंधित निविदा में सम्मिलित न होने के कारण जिला पंचायत, मीरजापुर द्वारा जनपद के विकास खण्डवार मृत पशु शव निस्तारण सम्बन्धित ठेका/लाइसेंस निर्गत किये जाने हेतु शासनादेश संख्या 2232/33-2-2020-420 जी/2020 दिनॉक 20 अक्टूबर 2020 के अनुक्रम में अल्पकालीन टेण्डर /निविदा आमंत्रित की जाती है, जो विज्ञाप्ति प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 11.03.2024 को 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है तथा दिनॉक 12.03.2024 को 10.00 बजे खोली जायेगी निविदा डालने हेतु निम्नवत् शर्ते है।

1- टेण्डर/निविदा विकास खण्डवार आमंत्रित होगी। 2- प्रत्येक विकास खण्ड सापेक्ष निविदा के साथ जमानत धनराशि रू0 2000/- नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। 3- प्रत्येक विकास खण्ड के सापेक्ष निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 100/- निर्धारित है। 4- जिला पंचायत मीरजापुर के बकायेदार टेण्डर/निविदा में प्रतिभाग नहीं कर सकते। 5- प्राप्त निविदा की उच्चतम धनराशि निविदा खुलने के पश्चात् उसी दिन तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा जमा धनराशि जब्त कर उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 6- निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यशील दिवस में निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। 7- अन्य आवश्यक शर्तो के सम्बन्ध में जानकारी निविदा अवधि में कार्यालय जिला पंचायत, मीरजापुर के पटल सहायक से प्राप्त किया जा सकता है।

नोटः- उक्त तिथि में नीलाम न होने वाले विकास खण्ड के सापेक्ष नीलामी सम्बन्धित विकास खण्ड की नीलाम होने तक उक्त दिनॉक के आगामी प्रत्येक बुधवार को अपरान्ह 12.00 बजे की जायेगी।

(शोभाराम वर्मा)	(उपेन्द्र कुमार)	(राजू कन्नौजिया)
अभियन्ता	अपर मुख्य अधिकारी	अध्यक्ष
जिला पंचायत, मीरजापुर	जिला पंचायत, मीरजापुर	जिला पंचायत, मीरजापुर

जश्ने गौसे आजम पर महफिल का हुआ आायोजन

इटावा। जश्ने गौसे आजम पर महफिल का आायोजन किया गया। महफिल में शायरों ने खूबसूरत कलाम पेश कर मेहफ़िल में खूब वाह वाही लूटी। महफिल का आयोजन अहमद अली वारसी की ओर से उनके उझैदी स्थित आवास पर किया गया।

हाफिज़ कैफ ने नात पाक पेश कर नातिया मुशायरे की शुरुआत की।उन्होंने कुछ इस तरह पढ़ा नबी के इश्क में जिसने जान देदी है, उसी को हक में रब ने अमान देदी है। कोई भी रोक न पायेगा उसको जन्नत से, रसूले पाक ने जिसको ज़बान दे

संक्षिप्त समाचार

मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

बर्डपुर सिध्दार्थनगर स्पष्ट आवाज़। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बर्डपुर के द्वारा सोमवार को महानिदेशक बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश को खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक बर्डपुर अरुण कुमार के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि विभाग द्वारा शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि सभी लोग अपने पर्सनल आईडी से सिम खरीदें और विभाग द्वारा दिए गए टैबलेट को ऑन करके सभी रजिस्टर को ऑनलाइन करें एवं अध्यापकों एवं बच्चों की उपस्थिति भी ऑनलाइन लगाई जाए। हमारा संघ इसका घोर विरोध करता है। ब्लॉक मंत्री मोहिउद्दीन ने बताया कि जब तक प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में समस्त शिक्षकों को 31 उपार्जित अवकाश , द्वितीय एवं चौथे शनिवार को अवकाश, अर्ध आकस्मिक अवकाश एवं विभाग द्वारा सिम नहीं प्राप्त हो जाता है, तब तक हम डिजिटलाइजेशन का कार्य नहीं करेंगे। हम आगे की लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान बलवंत चौधरी, शब्बीर अहमद, अभिमन्यु गुप्ता, विनोद कुमार, विजय चौधरी, केशव मिश्रा, प्रवीण उपाध्याय, सावित्री चौधरी, शारदा देवी, शालिनी बाजपेई, रंजन निरंजन सुमित सहित तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम बैच का हुआ समापन

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। फाउंडेशनल लिट्रेसी एण्ड न्यूमेरेसी के तहत ब्लॉक संसाधन केन्द्र भनवापुर पर चल रहे बुनियादी शिक्षा व संख्या आधारित ज्ञान आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम बैच का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। प्रशिक्षक के रूप में ब्लॉक एआरपी के. के. मिश्रा ने शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के तहत आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका भाषा और गणित में बताये गये तरीकों व गतिविधियों की जानकारी दी गई। साप्ताहिक और वार्षिक योजनाओं का सही क्रियान्वयन और सप्ताह के दिनों में भाषा और गणित के तीनों कालांश के कार्यों को पूर्ण करने, आंकलन व पुनरावृत्ति, ट्रैकर को भरने का तरीका बताया गया। शिक्षकों को अपने स्कूल के कक्षा एक से तीन के बच्चों का भाषा व गणित का आंकलन निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर बीइओ बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र, एआरपी बदरुज़्ज़मा, कपिल तिवारी, वेद प्रकाश, आबिद रिज़्वी, दिलीप तिवारी, सरिता, सन्त प्रताप, बलवीर सिंह, जय सिंह, अभिषेक शुक्ल, राना उस्मानी आदि लोग उपस्थित रहे।

बच्चों को पिलाई गयी खसरे से प्रतिरक्षण की दवा

संविलियित विद्यालय भनवापुर में 238 बच्चों को दी गई खसरा रोधी दवा

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के संविलियित उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर में सोमवार को बच्चों को खसरे से बचाव के लिए होम्योपैथिक औषधि दी गयी। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. भास्कर शर्मा द्वारा बच्चों को पिलाने के लिए दवा उपलब्ध करायी गयी। विद्यालय में अध्ययनरत 238 बच्चों को प्रार्थना सभा के बाद खसरे की दवा पिलाई गयी। प्रभारी प्रधानाध्यापक चन्देश्वर यादव द्वारा बच्चों को दवा पिलायी गयी। बच्चों को प्रेरित करने के लिए सहायक अध्यापक अखिलेश सिंह ने पहले दवा पीकर दिखाया। इस दौरान अमरावती चौधरी, राम मूरत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

नल से पानी भरने गई नाबालिग को अगवाकर गैंग रेप

सिंगाही -खीरी, (स्पष्ट आवाज) थाना क्षेत्र के एक गांव में सरे शाम सात बजे गांव में लगे सरकारी नल पर किशोरी पानी भरने गई थी। शराब के नशे में धुत मनचलों युवकों ने जबरन लड़की को नल से उठाकर गन्ने के खेत में ले जाकर दुराचार किया। पीड़ित किशोरी के पिता ने थाने पर तहरीर दी है। रविवार को क्षेत्र के एक गाँव 13 वर्षीय नाबालिक किशोरी शाम को 7:00 बजे घर के बाहर लगे सरकारी हैंड पंप पर बाल्टी में पानी लेने गई थीद्य तभी गांव के ही मनचले युवा संदीप उर्फ बाबू राजू पुत्र शमशेर सिंह निवासी दलराजपुर शराब के नशे में धुत तो होकर नाबालिक बच्ची का मुंह दबाकर अपने कोल्हू पर ले गए वहां से वह दोनों पड़ोस के ही एक गन्ने खेत में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। इधर लड़की जब पानी लेकर वापस घर नहीं गई तो परिजनों को चिंता हुई और बाल्टी नल पर पड़ी देख कर बाघ से प्रभावित इलाका होने के कारण घर वाले लड़की को इधर-उधर ढूंढने लगे। लेकिन देर रात तक लड़की का कहीं पता नहीं चला। जब सुबह करीब 3ः00 बजे गांव वापस आये तो लड़की बेहोशी के हालात में वही नल के पास पड़ी मिली पीड़ित लड़की के पिता ने सिंगाही थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। इंस्पेक्टर अमित सिंह भदोरिया ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीण व लड़की के बयान दर्ज किए हैं। इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने बताया की तहरीर मिली है दुराचार करने का मुकदमा दर्ज कर लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

प्रेम प्रसंग में हुई थी रामबरन की हत्या

मोहम्मदी -खीरी, (स्पष्ट आवाज)। कोतवाली क्षेत्र में गांव बौआं के पास पुलिया के नीचे एक युवक की अपने गांव जाते समय 10 फरवरी की रात बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी जिसे शव 11 फरवरी को सुबह मिला था। मृतक के पिता द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया गया था। पुलिस घटना के खुलासा के लिए हाथ पैर मारती रही लंबे समय के बाद हत्या में शामिल आरोपियों के करीब पहुंच चुकी है जिसका शीघ्र खुलासा किया जाएगा। निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया गांव मोहम्मदपुर कामी निवासी रामबरन 35 वर्ष पुत्र छोटेलाल कस्बा मोहम्मदी में एक प्राइवेट अस्पताल में कार्य करता था। बौआं गांव की एक लड़की का पहले अपने दूरदराज के रिश्तेदार से प्रेम प्रसंग चलता था। इसी बीच उसकी जिंदगी में रामबरन आ गया। जिसके चलते दोनों प्रेमियों में टकराव की स्थिति बन गई। पहले वाले प्रेमी ने इसे रास्ते से हटाने को लेकर प्लान तैयार किया था। जिन्होंने ही घटना को अंजाम दिया है। घटना के खुलासा को लेकर सर्विलांस और, एसओजी टीम के साथ स्थानीय अधिकारियों ने मिलकर संयुक्त प्रयास से आरोपियों के करीब पहुंच चुके हैं। जिसका सफल खुलासा आज मंगलवार को किया जाएगा।

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे

अमेठी। सोमवार को राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव महाविद्यालय पीपरपुर अमेठी में कॉलेज की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह के दिशा-निर्देशन में तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरण किया गया।बी.ए. तथा बी.कॉम पंचम सेमेस्टर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।253 छात्र छात्राओं को? स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।भारत सरकार द्वारा नई तकनीकी विकसित करने के लिए 21वीं सदी में सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण के अंतर्गत फोन का वितरण किया गया।स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं में एक नया जोश तथा उल्लास देखने को मिला।

पुलिस व सीआईएसएफ ने जनपद के बॉर्डर व सूदुरवर्ती क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

मुसाफिरखाना,अमेठी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में सीआईएसएफ की टीम ने क्षेत्र के गांव में सोमवार को एरिया डोमिनेशन के तहत पैदल मार्च कर लोगो को निर्भय होकर मतदान करने का संदेश दिया।मुसाफिरखाना कोतवाली के लिए पूरे प्रेमशाह में बनी बैरक में दो दिन पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान आकर रुके। आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, होली आदि व लोक सभा चुनाव को शांति व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ रसूलाबाद, भद्दौर, दादरा, औरंगाबाद सहित आधा दर्जन गांव में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान आम जनता को निर्भय होकर त्योहार व चुनाव में मतदान करने का संदेश दिया।

सड़क हादसे में दो महिला और एक बच्ची की मौत

मोहम्मदी- खीरी,(स्पष्ट आवाज)। कोतवाली क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव दिलावरपुर के पास गोला डिपो की अनुबंधित बस ने सवारियों को लेकर जा रहे ई रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे रिक्शा के परखचें उड़ गए उसमें सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो जाने पर चीख पुकार मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई एम्बुलेंसों से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक महिला को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं घायलों को इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जाते समय एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई।और कुछ ही देर में इलाज के दौरान रवीना पत्नी समसुल 26 वर्ष ने भी दम तोड़ दिया है ।सड़क पर बिखरे पड़े घायलों के चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के अनुसार सोमवार को 2 बजे करीब स्टेट हाईवे पर गांव दिलावरपुर के ई-रिक्शा चालक मुजीब गांव से जावेद की पत्नी रुखसाना,पुत्र अर्शलान और पुत्री आलिया 3 वर्ष,रवीना पत्नी समसुल के अलावा अपनी पुत्री के घर आई गांव सिकंदरपुर जिला बलिया निवासी बुच्ची देवी पत्नी हीरालाल 55 वर्ष को बैठाकर सुबह 10 बजे कस्बा के लिए गया था।सवारियों ने खरीदारी और दवाई लेकर उसी रिक्शे से वापस आते समय गांव के किनारे पहुंचते ही गोला की ओर से आ रही रोडवेज की अनुबंधित बस चालक ने सवारी लेकर जा रहे हैं ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे सभी सवारिया गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां सड़क पर बिखरे पड़े घायलों को आनंद फानन में जानकी एम्बुलेंस के साथ कई एंबुलेंसो को बुलाकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है ।

डॉक्टरों ने इलाज के दौरान बुच्ची देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं पांच अन्य घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया जहां रास्ते में 3 वर्षीय आलिया और रुबीना ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है।चालक अपने को घिरता देख बस को छोड़कर भाग निकला।पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की है।

विधायक ने राजस्थान के डीसीएम को दिया अंग वस्त्र

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने सोमवार को बस्ती सर्किट हाउस में राजस्थान के मा0 उप मुख्यमंत्री डा0 प्रेम चन्द बैरवा को पुष्पगुच्छ देकर तथा अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। वहीं विधायक ने राजस्थान के मा0 उप मुख्यमंत्री डा0 प्रेम चन्द बैरवा कुशल मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ बैठकर विधायक विनय वर्मा ने कई अन्य विषयों पर भी चर्चा-परिचर्चा की। इस दौरान गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल, बांसी विधायक से विधायक व पूर्व मंत्री मा0 जय प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही समेत कई अन्य नेता, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहें।

वाहन चेकिंग के नाम पर जिम्मेदार कर रहे जेबें गरम

प्रतापगढ़ स्पष्ट आवाज़। जनपद में वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से मनमाने तरीके से वसूली भी की जा रही है। कभी गाड़ी के कागजात तो कभी हेलमेट न पहनने की वजह से वाहन जब्ती की कार्रवाई का डर दिखाकर जमकर अवैध वसूली हो रही है। ट्रैफिक पुलिस जाम हटवाने से ज्यादा अवैध वसूली में लगी रहती है। शहर में ट्रैफिक पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर बिना हेलमेट के चलने वालों से रुपए लेकर उन्हें छोड़ देती है। अगर कोई पैसे देने में आनाकानी करता है तो उसका चालान काट दिया जाता है। यह इनका एक दिन का धंधा नहीं, बल्कि हमेशा का है। चैकिंग के नाम पर वसूली नहीं रुक पा रही है। शहर में यातायात पुलिस द्वारा प्रतिदिन विभिन्न स्थानों में वाहनों की चैकिंग लगाई जा रही है। जिससे कुछ लोग कार्रवाई होने के डर से कुछ खर्चा पानी देकर निकल लेते हैं ।

शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण को लेकर दिया गया ज्ञापन

- उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई तत्वाधान में ज्ञापन देने के लिए जूटे शिक्षक
- मांगे पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज । उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सोमवार को शिक्षकों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर बीईओ डुमरियागंज को ज्ञापन देते हुए समस्याओं के निस्तारण की मांग की गयी। जबकि समस्याओं के समाधान न होने पर शिक्षकों द्वारा धरना प्रदर्शन की भी चेतावनी दी गई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को भेजे गए अपने ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा है कि उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण शिक्षक परेशान और भयभीत हैं। ज्ञापन देने के पश्चात ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति व एमडीएम की सूचना ऑनलाइन विभागीय अधिकारियों द्वारा भेजने का दबाव डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार और वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा सिर्फ टैबलेट उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने आगे बताया कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय प्रतिनिधि मण्डल की 30 अक्टूबर 2023 व 9 नवम्बर 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किये जाने के लिए समिति बनायी गयी थी। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। ज्ञापन में प्रमुख मांग में शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह एक कैलेण्डर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश, प्रत्येकमाह के द्वितीय शनिवार को अवकाश और अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाये। यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त माँगों का शीघ्र ही निस्तारण नहीं किया जाता है तो संघ के लोग धरना प्रदर्शन के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर सुनील सिंह, अजीत कोरिया, श्रीश चंद्र, नसीम अहमद, मोहम्मद सलीम, अदनान मालिक, धर्मराज दुबे, फखरुद्दीन, अमरनाथ, राम मिलन, अवधेश पटेल, चंद्रलाल, अखिलेश गौतम, आकाश चतुर्वेदी, आबिद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

बोलेरो के धक्के से दूल्हे के पिता की मौत

राजगढ़ (मिर्जापुर)। बेटे की बारात की द्वाराचार लगाकर वापस बारात जनवाशे में जाते समय सड़क पर बोलेरो ने दूल्हे के पिता को धक्का मार दिया इलाज के लिए मिर्जापुर ले जाने पर अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया आन फानन में वैवाहिक रस्म को पूरा कर बारात रात में ही लौट गई। राजगढ़ थाना क्षेत्र के बसंतपुर डढ़िया ग्राम निवासी बशीर अली की पुत्री मैरून निशा की शादी पड़री थाना क्षेत्र के देवाही गांव में जलील 60 वर्ष के पुत्र सैफअली के साथ तय थी। मंगलवार को जलील अपने पुत्र का बारात लेकर बसंतपुर ग्राम आए थे रात्रि 9रू30 बजे दुअरा लगाकर लड़की के घर से मिर्जापुर सोनभद्र मार्ग पार कर अपने बारात के जनवासे में जा रहे थे जैसे ही मिर्जापुर सोनभद्र सड़क को पार करने की सोच रहे थे।

उत्तराखंड के हर्ष राणा और बस्ती के सौरभ साहनी को दिया मैन ऑफ द मैच

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम रेलवे स्टेशन के सामने छतहरी शोहरतगढ़ के उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अनुमति प्राप्त गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 में सोमवार का मुकाबला क्रिकेट एसोसिएशन आफ चंपावत उत्तराखंड व चंडीगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर उत्तराखंड के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बारिश से बाधित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 05 विकेट पर 219 रन बनायें। वहीं उत्तराखंड की तरफ से सोनू ने 64, हर्ष राणा ने 54 व सिद्धार्थ ने 46 रनों का योगदान दिया। चंडीगढ़ की तरफ से आदित्य मानिक व रितेश ने 01-01 विकेट लिया। चंडीगढ़ की तरफ से निर्धारित 15 ओवर में से 11 ओवर में पूरी टीम 72 बनाकर ऑल आउट हो गयीं। जिसमें अमन ने 28 व सलमान ने 16 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड की तरफ से हर्ष राणा ने 5 और मोहित व हर्षित ने 02-02 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच उत्तराखंड के हर्ष राणा को दिया गया। पहले मैच के मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ के चिकित्सक सर्जन डा0 सरफराज अंसारी रहें। वहीं दूसरी पाली का मुकाबला सिद्धार्थनगर व बस्ती के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बस्ती ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट होकर 137 बनाये। बस्ती की तरफ से दिव्यांश सिंह ने 21, सत्यानंद व आकाश ने 18-18 रन और अंश पटेल व संदीप ने 14-14 रनों का योगदान दिया। सिद्धार्थनगर की तरफ से वत्सल ने 03 व मानस सिंह ने 02 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने होती सिद्धार्थनगर की टीम निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 132 रन ही बना सकीं। जिसमें धनंजय यादव ने 47, अमन अली ने 29 व बशीर अहमद ने 29 रनों का योगदान दिया। बस्ती की तरफ से जितेंद्र, सौरभ व आकाश ने 01-01 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच बस्ती के सौरभ साहनी को दिया गया। दूसरे पाली के मुकाबले के मुख्य अतिथि चिकित्सक सर्जन डा0 नसीम अहमद रहे। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, विवेक मणी त्रिपाठी, राजेश उपाध्याय, एजाज अंसारी, सलमान इदरीश, अमरदीप चौधरी मौजूद रहें। वहीं अंपायर विवेकानंद मलिक आशीष चौधरी और स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा व कमेंटेटर के रूप में धर्मेंद्र सिंह रहे।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित हुई नारी शक्ति दौड़

प्रतापगढ़ स्पष्ट आवाज़। भाजपा के महिला मोर्चा की ओर से जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नारी शक्ति दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी गार्डन से किया गया जिसका अंबेडकर चौराहे पर समापन हुआ। इस दौरान महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूचि केसरवानी ने कहा कि मोदी सरकार में जिस तरीके से महिला शक्ति को बढ़ावा दिया है, इसकी झलक पूरे देश में देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है देश की नारी सशक्त होगी तो हमारा समाज सशक्त हो गया। इस मौके पर मौजूद जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान ने कहा कि नारी शक्ति दौड़ कार्यक्रम के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कार्यों को लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा है साथ ही यह भी बताने का प्रयास किया गया है कि और भी कई कार्य कर रहे हैं जिसके लिए हमें आगे भी मोदी सरकार की जरूरत है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, राम आसरे पाल, कुसुम सिंह, सारिका श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुष्मिता, मनप्रीत, मंजू त्रिपाठी, कामिनी श्रीवास्तव, सरोज सिंह सहित आदि महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

ध्रुव चरित्र की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास आचार्य केसरीनाथ तिवारी ने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि भागवत कथा अमृत के समान है। इस कथा का श्रवण करने से मनुष्य मोक्षगामी बनता है। उन्होने कहा कि बाल्यावस्था में ध्रुव भगवान नारायण की भक्ति में लीन रहता था। उसकी भक्ति को देखकर भगवान नारायण ने उसे दर्शन दिया। कथाव्यास आचार्य केसरीनाथ ने कहा कि निर्मल हृदय से सच्ची भक्ति करने पर मनुष्य को परमात्मा की कृपा अवश्य प्राप्त होती है और उसकी समस्त मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। मनुष्य को अपने मन, वाणी से परमात्मा के प्रति आस्था रखते हुए उनकी उपासना करनी चाहिए। कथा के मुख्य यजमान कृपाशंकर द्विवेदी ने रोली चंदन से व्यासपीठ का पूजन किया और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। संयोजक शिवाकांत द्विवेदी ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर कृष्णा द्विवेदी, उमाकांत द्विवेदी, श्रीकांत, शशिकांत, शौर्य द्विवेदी, डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

15 तक चलेगा संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में सदस्यता अभियान

संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करते चुनाव समिति के पदाधिकारी

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को सदस्यता अभियान के तहत प्रथम चरण के कार्यक्रम की घोषणा हुई। सदस्यता अभियान की घोषणा होते ही तहसील व दीवानी न्यायालय परिसर मे अधिवक्ताओ के बीच चुनाव सरगर्मी बढ़ गयी दिखी। समिति की ऐल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे चुनाव कराए जाने की घोषणा की गयी। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रथम चरण के कार्यक्रमो को जारी करते हुए बताया कि पांच मार्च से आगामी पन्द्रह मार्च तक सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होने बताया कि मौजूदा सत्र के चुनाव में 2022 वर्ष के पंजीकृत अधिवक्ता मतदान में शामिल होगे। उन्होने ऐलान किया कि समिति उन्ही अधिवक्ताओ के आवेदन स्वीकार करेगी जो लालगंज तहसील एवं दीवानी न्यायालय मे नियमित वकालत किया करते हैं। मतदाता बनने वाले अधिवक्ताओ को बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के प्रमाण पत्र अथवा पहचान पत्र की छायाप्रति भी आवेदन के साथ संलग्नक करनी होगी। वही समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि आगामी ग्यारह मार्च को समिति की बैठक में मौजूदा मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। बैठक का संचालन चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक मे चुनाव समिति के उपाध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू, कोषाध्यक्ष शिवाकांत उपाध्याय, आयव्यय निरीक्षक बेनीलाल शुक्ल एवं ऐल्डर कमेटी के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष रामलगन यादव के साथ पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, पूर्व अध्यक्ष संतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता के निधन पर शोक

लालगंज, प्रतापगढ़। जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता कन्हैया लाल पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर सोमवार को वकीलो ने शोक सभा कर न्यायिक कामकाज से खुद को विरत रखा। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी स्व. कन्हैया लाल के निधन को विधिक सेवा के क्षेत्र में रिक्तता कहा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे स्व पाण्डेय के निधन पर दुख जताया। बैठक का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने स्व पाण्डेय के निधन पर फुल कोर्ट रिफ्रेंस आनर का प्रस्ताव रखा। शोकसभा में ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, रमेश पाण्डेय, राममोहन सिंह, केबी सिंह, प्रमोद सिंह, विपिन शुक्ल, दीपेन्द्र तिवारी, शहजाद अंसारी, रमेश पाण्डेय, हरकेश पटेल, जितेन्द्र सिंह, जान्हवी प्रताप सिंह, मो. असलम, शैलेन्द्र मिश्र, राजेश तिवारी, आशीष तिवारी, संदीप सिंह, विनय जायसवाल, संतोष पाण्डेय, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सूर्यकांत निराला, घनश्याम मिश्र, विनोद मिश्र, बीडी पटेल, सुरेश मिश्र मदन, राहुल मिश्र, टीपी यादव, शिवाकांत उपाध्याय, कमलेश तिवारी, सुशील शुक्ल, राव वीरेन्द्र सिंह, ललित गौड, उदयराज पाल, राजेश सरोज, प्रभाकर पाल, रामकिंकर शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, कालिका प्रसाद पाण्डेय, बृजेन्द्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

महिला आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

लालगंज, प्रतापगढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के नेतृत्व मे एएफसी संस्था द्वारा सोमवार को ब्लाक लालगंज सभागार मे दो दिवसीय लखपति महिला आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। बीडीओ इंदुप्रकाश श्रीवास्तव एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विकासखण्ड के तिरपन ग्राम पंचायतों से समूह की महिलाएं शामिल हुई। पर्यावरण सेना प्रमुख ने इस मिशन के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उददेश्य गांव में समूह से जुडी महिलाओं की आय बढ़ाना है। समूह से जुडी महिलाएं विभिन्न उद्यमों जैसे-पशुपालन, सिलाई-कढ़ाई, छोटे उद्योग आदि के द्वारा अपनी आय बढ़ाकर एक लाख रूपये वार्षिक कर सकती है। इसी उददेश्य को लेकर यह प्रशिक्षण कराया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से समूह की महिलाएं अपनी आय को बढ़ाकर लखपति महिला बन सकती है। उन्होने बताया कि वार्षिक एक लाख रू की आय करते हुए आज समूह से जुडी बहुत सी महिलाएं लखपति दीदी का खिताब हासिल कर चुकी है। इस मौके एडीओ आईएसबी आत्माराम मौर्य, ब्लाक मिशन प्रबन्धक बीएमएल रंजना पटेल, सुधा कुशवाहा, दिनेश कुमार, नेहा देवी, नीलम देवी, मंजूलता, गीता, निर्मला आदि मौजूद रहीं।

हलिया ब्लाक मुख्यालय से सहायक उपकरण के बस से रवाना हुए दिव्यांग

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड मुख्यालय से सोमवार की सुबह विभिन्न ग्राम पंचायतों से चयनित164 दिव्यांगों को सहायक उपकरण दिलाने के लिए दिव्यांगों को खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा द्वारा तीन निजी बसों से एडीओ एसटी मनोहर लाल व एडीओ सहकारिता धर्मेंद्र निषाद के देखरेख में चयनित दिव्यांगों को बस से जिला मुख्यालय

नपा पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की

बिजनौर (स्पष्ट आवाज)। नहटौर नगर पालिका के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन न करने तथा बोर्ड सभासदों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र देकर उनका स्थानांतरण कराएं जाने की मांग की है।

नगर पालिका के सभासद विशाल हाशमी,नबील अहमद, बिजेंद्र सैनी, शाहिद, इजलाल अहमद, अतीक अहमद, कलीम अहमद, सभासद पति अनिल चौधरी, नईम अल्वी, जाहिद हुसैन,शराफत अल्वी आदि ने डीएम को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि नहटौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी अपने कर्त्तव्यो का पालन नहीं कर रहे हैं। जिससे नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था, सफाई अभियान आदि कार्य चोपट पड़े हुए हैं। जिससे नगर में संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। अधिशासी अधिकारी का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण भी नहीं है।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते सभासद नहटौर

सभासदों का आरोप है कि जब कोई सभासद अपनी समस्या लेकर उनके पास जाता है तो अधिशासी अधिकारी उसके साथ अभद्रता करते हैं। इतना ही नहीं अधिशासी अधिकारी चेयरपर्सन को बिना बताए पालिका कार्यालय से गायब हो जाते हैं तथा अपने समकक्ष अधिकारी को चार्ज भी नहीं देकर जाते हैं। जो नगर पालिका एक्ट की धाराओं का घोर उल्लंघन है। उधर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोप निराधार बताए हैं।

डीएम ने मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

बलिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दृष्टिगत स्वीप योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को अपने आवास के बाहर मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद के लो टर्न आउट वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक करने का कार्य इस वैन के माध्यम से किया जाएगा। आज यह वैन जनपद के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करते हुए देवरिया निकल जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निर्वाचन अधिकारी अखिलेश यादव, एसडीएम सदर आत्रेय मिश्रा सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिलाओं ने जलभराव व नाले की समस्या को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद। वार्ड 21 क्षेत्र की महिलाओं ने जलभराव व नाले की समस्या को लेकर नगर निगम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसके बाद एक ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपा गया जिसमे ज्ञापन के माध्यम से नगर आयुक्त को अवगत कराया कि वार्ड 21 के कमला नगर क्षेत्र को तीन गलियों में पिछले तीन महीनों से बिना बरसात के ही जलभराव हो रहा है जिसका मुख्य कारण हाईवे का मुख्य नाला बंद होना है जिस नाले में कमला नगर का पानी पास होता है । वह नाला स्टेट हाइवे के मुख्य नाले से जुड़ा है और यही हाईवे का नाला कई जगह से चौक है जिसकी सूचना हमारे पार्षद श्री विवेक शर्मा जी ने कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को दी। परन्तु जल भराव की समस्या का कोई भी स्थाई समाधान अभी तक नहीं हो सका है। नगर निगम के द्वारा नाले पर इंजन से भरा पानी खिचवाया जाता है फिर एक दो दिन बाद वही स्थिति हो जाती है। जिससे स्कूल के छोटे-छोटे बच्चो को घर से बाहर जाने में व स्कूल जाने बहुत परेशानी होती हैं और हम भी अपने घरो में कैद होने को मजबूर हो गये है। अगर नगर निगम के अधिकारियों का यही उपेक्षा पूर्ण व्यवहार रहा तो बरसात के दिनों में समस्या विकराल रुप धारण कर लेगी जिसका जिम्मेदार नगर निगम मुरादाबाद होगा ।

संक्षिप्त आवाज़

आज से होगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत

बदायूँ (स्पष्ट आवाज़)। केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में आज मंगलवार से तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला ने उक्त जानकारी देते हुए बताया प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में आज 5 से 7 मार्च तक कराया जा रहा है। उन्होंने बताया आज मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता द्वारा किया जाएगा।उन्होंने आमजन से अपील की है कि वह प्रातः10 से सांय 5 बजे तक केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं सम्बंधी प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठाएं।

डीएम ने निर्माणाधीन पार्क के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर एवं न्यायालय परिसर के बीच कराया जा रहे। निर्माणाधीन पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। यहां पर जिलाधिकारी कार्यालय, न्यायालय, विकास भवन जिला अस्पताल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, तहसील सदर, जिला पंचायत आदि महत्वपूर्ण कार्यालय स्थापित होने के कारण अत्यधिक आमजन का आवागमन बना रहता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है, इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी के सराहनीय प्रयास से सड़क का चौड़ीकरण, सौंदरीकरण व अन्य कार्य के संबंध में वहा उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अवगत कराना है कि टांडा मार्ग पर जिलाधिकारी आवास से पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट तक पीली एवं तिरंगे की रोशनी में रोड लाइट तथा आसपास परिसर चमक रहा है, यह परिसर प्रतिदिन ऐसे ही दिन ढलते ही आभा बिखेरने लगता है। रात में भी दिन जैसी भव्यता तथा महानगरों के समान सुविधाएं दिखती है मुख्य मार्ग से कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने पर जगमग होता प्रवेश द्वार बरबस ध्यान आकर्षित करता है। वही दोनों ओर लाइटें और कलेक्ट्रेट का दूसरा प्रवेश द्वार भी लाइटों से जगमगा रहा है। अतिक्रमण वाला स्थान आज पार्क में बदल चुका है दोनों तरफ आवागमन की सड़क और पार्क के चारों तरफ लगी लाइटें सुंदरता में चार-चांद लगा रही हैं। तहसील परिसर में निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित फरियादी से उनकी समस्याओं से अवगत होकर एसडीएम को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला सूचना अधिकारी तथा अधिवक्तागण मौजूद रहे।

मछुआ आवास निर्माण में पात्र आवेदकों को दिया जाये योजना का लाभ : अंकित अग्रवाल

बिजनौर (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता के लिए जिले में पात्र आवेदकों का रेण्डमाईजेशन एवं जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं निर्देशों के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजना के लाभ से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति योजना से आच्छादित न होने पाए।

उन्होंने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पाया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनान्तर्गत विभिन्न लाभप्रद कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें विशेष कर एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता, मछुआ बाहुल्य ग्रामों में स्ट्रीट लाईट तथा चिकित्सा सहायता प्रमुख परियोजनाएं मछुआरों एवं मत्स्य पालकों के लिए संचालित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में सर्व प्रथम एकल आवास सहित मछुआ आवास, चिकित्सा सहायता, मछुआ बाहुल्य गांव में स्ट्रीट लाइट स्थापित कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि एकल आवास सहित मछुआ आवासों के निर्माण के लिए जिला बिजनौर को कुल 94 आवेदन ऑफ लाईन प्राप्त हुए, जिनका खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन एवं ग्राम सभा की खुली बैठक का प्रस्ताव कराया गया, जिसमें कुल 41 आवेदन पात्र तथा 53 आवेदन अपात्र पाये गये है।

उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी मत्स्य सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

पुलिस द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

बदायूँ (स्पष्ट आवाज़)। जनपद पुलिस द्वारा क्राइम पर अंकुश के दृष्टिगत, गरुड़ वाहिनी अभियान के तहत जिले के अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सोमवार को समस्त क्षेत्राधिकारियों,थाना अध्यक्षों तथा चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के बैंकों तथा चौराहों पर पुलिस बल के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों बॉर्डर से लगे बैरियर तथा वाहनों की चेकिंग की गई।

एनटीपीसी टांडा में 53वें सुरक्षा दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। एनटीपीसी टांडा में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। यह सुरक्षा माह पूरे 30 दिनों तक मनाया जाएगा। 04 मार्च को प्रातः 09.30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस सुरक्षा पार्क में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराया एवं उपस्थित सारे कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए नील कुमार शर्मा ने कहा कि सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करते हुए खुद को सुरक्षित करना चाहिए ताकि हम परिवार के साथ-साथ संस्था एवं देश के उन्नति में सहायक हो सकें। इस वर्ष की सुरक्षा थीम है ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें। इसके पश्चात सुरक्षा प्रभात फेरी का आयोजन प्रशासनिक भवन से सेवा भवन तक किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं सुरक्षा पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास खण्ड कसमंडा के सरांय गांव मे छत्रपाल बाबा धाम पर श्री रुद्रमहायज्ञ एवं भक्ति ज्ञान स मेलन का शुभार भ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। मंगल कलश शोभायात्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से होते हुए रामघाट से जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पहुंची। जहाँ पर विधिविधान से भक्ति ज्ञान स मेलन का शुभारंभ हुआ। छत्रपाल बाबा धाम में प्रारंभ हुआ सप्त दिवसीय सप्तदशम रुद्र महायज्ञ एवं भक्ति ज्ञान स मेलन में आचार्य ओपी तिवारी, पारसनाथ पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा छत्रपाल बाबा धाम से शुरू होकर ठठूरा स्थित अति पावन उत्तर दिशा को प्रवाहित स्थान रामघाट पहुंची।

नाले की सफाई की मांग को लेकर दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

बिजनौर (स्पष्ट आवाज)। नहटौर में पंजाब नेशनल बैंक के सामने नाला बंद होने के कारण जलभराव की स्थिति पैदा होने पर दुकानदारों ने प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान की मांग की।जिसके बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने नाले की सफाई करना शुरू किया है।

नहटौर के पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित नाला बंद होने के कारण जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। आसपास की दुकानों व पंजाब नेशनल बैंक और पोस्ट ऑफिस को जाने वाले रास्ते पर पानी भर गया और गंदगी फैल गई कई बाइक सवार पानी में गिरकर चोटिल हो गए। दुकानदारों कहना है कि नगर पालिका से बार-बार इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है। लेकिन नगर पालिका इस और कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। जिस कारण समस्या बढ़ती जा रही है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर दुकानदार अजय जैन, राजकुमार, गोल्डी, दीपक कुमार, शुभम कुमार आदि ने प्रदर्शन किया। पालिका ईओ ओम गिरी ने बताया कि समस्या संज्ञान में है।समाधान के प्रयास किए जा रहें है।

प्रदर्शन करते हुए दुकानदार

सपा का समर्थन मिलने पर नगीना सीट से चन्द्रशेखर देंगे भाजपा को कड़ी टक्कर

●ओमकुमार मोदी वैतरणी के सहारे लगायेंगे भाजपा की नैया पार?

बिजनौर (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी दल अपनी सियासी बिसात बिछाने में जुट गए हैं। इस समय सबसे ज्यादा चर्चा वेस्ट यूपी की नगीना(सुरक्षित) सीट की हो रही है, क्योंकि इस सीट से भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के 2024 में चुनाव लड़ने की चर्चा है। नगीना सीट वेस्ट यूपी में सबसे बड़ी लोकसभा सीट है।

इस सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। अगर वोटर की बात करें तो यहां पर करीब 15 लाख वोटर हैं। नगीना सीट पर तीन लोकसभा चुनाव हुए हैं और हर बार यहां से अलग-अलग पार्टी के सांसद रहे हैं। सपा, बीजेपी, बसपा का एक-एक बार सांसद रहा है। 2024 का लोकसभा चुनाव चंद्रशेखर आजाद के आ जाने से रोचक होने की उम्मीद लगाई जा रही है।

इस बार बदल गए समीकरण : उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित लोकसभा सीटों में एक नगीना सीट है। नगीना लोकसभा सीट पहले बिजनौर में आती थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में इसको अलग करके नई लोकसभा सीट बना दी गई थी। पहले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, दूसरे चुनाव में बीजेपी और तीसरे लोकसभा चुनाव में बसपा का सांसद जीता था। अब 2024 में चौथी बार लोकसभा चुनाव होगा, लेकिन भीम आर्मी चीफ के आ जाने से इस सीट का समीकरण बदल गया है। चन्द्रशेखर आजाद नगीना लोकसभा क्षेत्र में पिछले एक माह से सक्रिय बनें रहकर दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर चुके है जहां मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर बड़ी संख्या में मुस्लिमों का भी उन्हें समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है।

मुस्लिम वोटरों की आबादी ज्यादा : नगीना लोकसभा सीट पर 1493411 कुल वोटर हैं, जिसमें 795554 पुरुष और 697857 महिला वोटर हैं। नगीना लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं, लेकिन यहां सबसे ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं। 21 फीसदी एससी वोटर हैं। नगीना विधानसभा में मुस्लिमों की आबादी करीब 50 फीसदी से भी ज्यादा है। नगीना लोकसभा सीट पर पांच विधानसभा सीट नजीबाबाद, नगीना धामपुर, नहटौर और नूरपुर आती हैं।

अब तक का लोकसभा सफर : 2009 में पहली बार नगीना सीट पर लोकसभा चुनाव हुआ और सपा के यशवीर सिंह ने बाजी मारी। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर थी, इसलिए ज्यादातर सीटों पर बीजेपी ने बाजी मारी थी और पूर्ण बहुतमत की सरकार बीजेपी ने बनाई थी। 2014 लोकसभा चुनाव में बीजेपी के यशवंत सिंह ने सपा के पूर्व सांसद यशवीर सिंह को मात दी थी। 2019 में बसपा के गिरीश चंद्र ने बीजेपी के यशवंत सिंह को हराकर जीत हासिल की थी।

2017 के विधानसभा चुनाव में तीन सीट भारतीय जनता पार्टी और दो सीट सपा ने जीती थी नूरपुर विधानसभा सीट पर 2018 में उप चुनाव हुआ उसे दौरान यह सीट सपा के पाले में चली गई थी 2022 में फिर विधानसभा चुनाव हुआ जिसमें सपा के राम अवतार सिंह जीते थे इन्होंने भाजपा के सीपी सिंह को चुनावी मैदान में धूल चटाई थी। इस सीट पर भाजपा की हार प्रत्याशी घोषित करने के बाद से ही तय मानी जा रही थी।

नजीबाबाद विधानसभा सीट की बात करें तो वर्तमान में सपा के तस्लीम अहमद विधायक हैं इन्होंने भाजपा के कुंवर भारतेंद्र सिंह को मात दी थी।

नगीना विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक मनोज पारस सपा के हैं जिन्होंने भाजपा के डॉक्टर यशवंत को चुनाव हराया था। धामपुर विधानसभा से भाजपा के अशोक कुमार वर्तमान विधायक हैं। नहटौर विधानसभा से भाजपा विधायक ओम कुमार ने रालोद के मुंशी रामपाल को 2022 के चुनाव में हराया था। ओम कुमार नहटौर विधानसभा से लगातार तीसरी बार विधायक हैं जो एक बार बसपा से विधायक रहे हैं तथा लगातार दो बार भाजपा से विधायक हैं। ओम कुमार की क्षेत्र में साफ सुथरी छवि है तथा एससी-एसटी समुदाय में उनकी पकड़ अच्छी मानी जाती है तथा तीन बार लगातार विधायक हैं इसलिए पार्टी ने उन्हें नगीना लोकसभा से टिकट देकर विश्वास जताया है।

नगीना लोकसभा सीट पर यह देखना दिलचस्प होगा की एससी एसटी बोटो का बंटवारा कितना होता है वही मुस्लिम एकजुट हुए तो चंद्रशेखर आजाद कड़ी टक्कर देते दिखाई देंगे क्योंकि उन्हें सपा का समर्थन भी प्राप्त है।

कलेक्ट्रेट में निर्माण सम्बन्धित कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में निर्माण सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा हेतु निर्माण से सम्बन्धित अवर अभियान्ताओं के साथ बैठक आहूत की गयी थी। बैठक मे 15वें वित्त आयोग, पीएम अभीम योजना, ईसीआरपी-2 - योजना के अन्तर्गत प्रा0स्वा0के0 पर 6-शैय्या का बृद्धि का कार्य, ई0सी0आर0पी0.2- योजना के अन्तर्गत सामु0स्वा0 के0.20- शैय्या वृद्धि का कार्य, ईसीआरपी.2- योजना के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय मे 42 शैय्या बृद्धि का कार्य, उपकेन्द्र भवनों का निर्माण कार्य, ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो परियोजनायें पूर्व से निर्माणाधीन है उन्हें मार्च 2024 तक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

पीएम मोदी को पुनः सेवा का अवसर करें प्रदान : राजीव कुमार गुप्ता

बदायूँ (स्पष्ट आवाज़)। लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सिविल लाइन क्षेत्र में जन संवाद कर पीएम मोदी को पुनः सेवा का अवसर देने की अपील लोगों से की गई।

उन्होंने क्षेत्र के कई बूथों पर क्षेत्रीय जनता से संपर्क कर केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया।उनके द्वारा लोगों को प्रधानमंत्री मोदी की चिट्ठी तथा स्टीकर वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के मायने देश का प्रत्येक किसान, महिला,युवा तथा गरीब वर्ग बखूबी समझने लगा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाएं चलाई है वह सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची हैं, लाभार्थी हमेशा प्रधानमंत्री के साथ डटकर खड़ा है। इस मौके पर जितेंद्र साहू नसीम खान अनुभव उपाध्याय सलीम खान आदि उपस्थित रहे।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न

मुरादाबाद। दिल्ली रोड स्थित आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ''करन्ट रिसर्च एण्ड इनोवेशन ट्रेण्ड्स इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी'' विषय पर एक सप्ताह से चल रहा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर भारी सख्या में अतिथिगण मौजूद रहे। बताते चले कि सोमवार की सुबह आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से ''करन्ट रिसर्च एण्ड इनोवेशन ट्रेण्ड्स इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी'' विषय पर एक सप्ताह से चल रहा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम आयोजित करते रहने की सलाह दी।

सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म संदेह

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जनपद से संबंध रखने वाले निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव व लेखिका श्वेता श्रीवास्तव कृत फिल्म संदेह की टीम ने भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचकर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने फिल्म की टीम को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं दी एवं कलाकारों व निर्माताओ को प्रोत्साहित किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि यह गौरव का विषय है कि सीतापुर की युवाशक्ति सिने जगत में जिले का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने इस कार्य के लिए फिल्म से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं के कार्य की सराहना की।

सफाई कर्मचारी के साथ हुई मारपीट वाल्मीकि समाज ने विरोध जताया

मुरादाबाद। सिविल लाइन स्थित छतरी वाला पार्क में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता के दौरान राजस्थान और मुरादाबाद के सिविल लाइन क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी में हुई वाल्मीकि समाज के व्यक्ति के साथ मारपीट करने के संबंध में रोष व्याप्त किया गया है वाल्मीकि समाज के नेता रवि द्रविड़ ने बताया के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी में वाल्मीकि समाज के कर्मचारी के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में थाने पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई लेकिन सिविल लाइन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, वही दूसरी घटना राजस्थान की है जहां पर आम आदमी पार्टी के एक नेता द्वारा भगवान वाल्मीकि पर अपशब्द कहे गए थे इस संबंध में भी मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन में एक मुकदमा आम आदमी पार्टी के नेता के ऊपर दर्ज कराया गया था मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की आरोप है कि इस रंजिश के तहत जबरदस्ती राजनीतिक दबाव बनाकर सफाई कर्मचारियों के खिलाफ ही उल्टा मुकदमा दर्ज करने की कोशिश की जा रही है । वाल्मीकि समाज ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ओर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप कर दी जाएगी और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और अमिताभ ठाकुर आदि नेताओं का मुरादाबाद में पुतला फूंका जाएगा।

भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में अल्प संख्यक मोर्चा की हुई बैठक

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पूर्व भाजपा के साथ ही उसके अनुसांगिक मोर्चों ने भी अपनी चुनावी गतिविधियां भाजपा के पक्ष में तेज कर दिया है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जनपद के अल्प संख्यक मोर्चा ने भी मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय और अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जावेद मलिक की अध्यक्षता में बैठक कर अल्प संख्यक समाज को भाजपा के पक्ष में एक जुट होकर मतदान कराने की अपील की। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने अल्प संख्यक मोर्चा की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्व समाज के गरीबों को अपनी योजनाओं का लाभ दिया है।

डीएम ने किया ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण

मुरादाबाद। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह द्वारा नव निर्माणाधीन ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया गया इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर सहित स्टाफ मौजूद रहा। बताते चले कि सोमवार की सुबह जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह अचानक नव निर्माणाधीन ड्रग वेयरहाउस पहुंचे और उनके द्वारा नव निर्माणधीन निर्माण कार्य को बारीकी से देखा गया और प्रोजेक्ट मैनेजर को जल्द से जल्द बिल्डिंग हैंड ओवर कराने के दिषा निर्देश दिये गये इस दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद स्टाफ कर्मियों से भी वार्ता की और उन्हे भी सख्त आदेष दिये।

जोश मलिहाबादी एवार्ड से सम्मानित हुए डा. तनवीर बिस्वानी

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जनपद सीतापुर की बिसवां तहसील के निवासी एवं वर्तमान में सिधौली में निवास कर रहे शायर डा. तनवीर इकबाल बिस्वानी को उ0प्र0 राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने एक लाख रूपये के जोश मलीहाबादी एवार्ड से स मानित किया है। डा. तनवीर के स मानित होने पर नगर के साहित्यकारों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने खुशी जताई हैं। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में उर्दू अनुवादक के रूप में कार्यरत डा0 बिस्वानी ने 'अवधपंच की अदबी खिदमात' विषय पर पीएचडी की है। जोश मलीहाबादी अवार्ड उन्हें इसी शोधपत्र पर दिया गया है।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आज दिनांक 4 मार्च 2024 को जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में डॉ हरिओम पांडे पूर्व सांसद वर्तमान विधानसभा वर्तमान विधान परिषद सदस्य द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर द प्राजूलन व माल्यार्पण कर किया गया उसके पास चार्ज अतिथियों को पुष्प माल्यार्पण तथा मोमेंटो के माध्यम से सभी का स्वागत किया गया एवं स्वागत गीत के माध्यम से वंदना श्रेया वर्मा गौरव शुक्ला आदि के द्वारा स्वागत समस्त अतिथियों का किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सुचिता पांडे प्राचार्य बीएनपीजी कॉलेज अकबरपुर तथा निदेशक डॉ राम जीत कृषि विज्ञान केंद्र एवं डॉ अंजनी कुलवे विभाग अध्यक्ष बिंदेश्वरी पीजी कॉलेज डॉ भानु प्रताप राय एनएसएस अधिकारी रमाबाई पीजी कॉलेज एवं डॉ प्रदीप कुमार डॉ राय रमाबाई पीजी कॉलेज के द्वारा किया गया।

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
संपादक** -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 **E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com. **इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।**

सीएम के निर्देश पर शुरू हुई पटाखा फैक्ट्री मौत की जांच

■पटाखा फैक्ट्री विस्फोट के बाद कितना बरामद हुआ बारूद

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में कुछ दिन पहले पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग जाने के मामले को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है?। मुख्यमंत्री ने टीम गठित कर पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पटाखा फैक्ट्री की जाच शुरू हुई विस्फोट के बाद भी दर्जनों पटाखा फैक्ट्री जिले में अवैध तरीके से संचालित हो रही है?। कई दिन बीत जाने के बाद भी अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालन में दोषी अधिकारियों की चिन्हित नहीं किया जा सका है। अभी तक किसी दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई है । जिससे जांच टीम की लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिले के पश्चिमी छोर से लेकर पूर्वी छोर तक और उत्तरी छोर से लेकर दक्षिणी छोर तक विभिन्न कस्बो में अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। जहां भारी तादाद में बारूद का भंडारण है। पटाखा फैक्ट्री की जांच के लिए अफसर की टीम पूरे दिन सड़क पर घूम रही है। लेकिन हकीकत में उसकी जांच मुख्यमंत्री को गुमराह कर महज औपचारिकता तक सीमित रह गई है। 5 दिन से शुरू हुई पटाखा फैक्ट्री की जांच में अभी तक उसे बारूद नहीं बरामद हो सका है । जबकि कई दर्जन पटाखा फैक्ट्री अवैध तरीके से चल रही है। जिनमें बड़ी तादाद में बारूद का भंडारण है।

पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस दिए जाने की बात पर प्रत्येक विभाग के अफसर का कहना कि जिलाधिकारी द्वारा लाइसेंस दिया गया, लेकिन पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के एक्सक्लूसिव विभाग द्वारा दिया जाता है। जिलाधिकारी को लाइसेंस दिए जाने का कानून में कहा नियम है। इसके सवाल पर भी अफसर निरूत्तर हो जाते हैं। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा एक्सक्लूसिव लाइसेंस दिए जाने के नियम के बावजूद जिले में कई दर्जन पटाखा फैक्ट्रियां अवैध तरीके से बीते कई वर्षों से संचालित हो रही है। स्थानीय थाना पुलिस चौकी पुलिस श्रम विभाग अग्निशमन विभाग उद्योग निदेशालय के साथ-साथ तहसील के अधिकारियों की भूमिका सवालों में है। बताया जाता है कि छोटे पटाखा बिक्री का लाइसेंस रिन्यूअल के नाम से पटाखा फैक्ट्री संचालकों से बड़ी वसूली होती है। इसी वसूली की जिंदा रखने के लिए हमेशा पटाखा निर्माण करने वालों को संरक्षण दिया गया । जिससे उन्होंने पटाखा बिक्री के साथ नियम विरुद्ध पटाखा का निर्माण शुरू कर दिया है। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध न होने से लगातार विस्फोट की घटनाएं हो रही है। निर्दोष लोगों की मौत हो रही है। अवैध तरीके से संचालित पटाखा फैक्ट्री को बंद कराना होगा । निर्दोषों के मौत को रोकना होगा, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू हुई जांच के बाद भी अभी तक ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। पटाखा फैक्ट्री संचालन करने वालों से वसूली के चलते उन्हें बचाने के प्रयास हो रहा है। योजना में वसूली में लगे लोगों को चिन्हित करना होगा । उन पर कठोर कार्रवाई करनी होगी। तब जाकर पटाखा फैक्ट्री के संचालक को शासन प्रशासन रोकने में सफल होगा।

लव जिहाद के आरोप को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन, कार्रवाई का आश्वासन

■मामला पिपरी थाना क्षेत्र का, अखंड भारत संकल्प परिषद् के लोगों ने उठाई आवाज़

कौशाम्बी। जिले में धर्म विशेष के लोगों द्वारा सनातन धर्म के मानने वालों के साथ लगातार उत्पीड़न हो रहा है। इसके बाद भी पुलिस के कुछ जिम्मेदारों द्वारा धन के लालच इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो कि वर्तमान सरकार को बदनाम करने की साजिश जैसा है। उक्त बातें अखंड भारत संकल्प परिषद के जिला संयोजक वेद प्रकाश सत्यार्थी ने सोमवार को मुख्यालय स्थित पुलिस कार्यालय में पिपरी थाना पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैया के खिलाफ प्रर्दशन के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरीके से पिपरी थाना क्षेत्र में लगातार हिंदू महिलाओं के साथ विशेष लोगों द्वारा उनके इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जाता है। इसके बाद भी पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाता है। यह काफी निराशाजनक है। इस मौके पर उन्होंने थाना क्षेत्र के मनोरी से गायब नाबालिक बालिका की बरामदगी की, व इसी थाना क्षेत्र के परई गांव स्थित एक अस्पताल संचालक द्वारा अनुसूचित जाति की महिला के साथ अभद्रता के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग उठाई। इस मौके पर संगठन के लोगों ने मामले को उठाते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के अंदर दोनों मामलों में संतोष जनक कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन को आगे प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

संक्षिप्त आवाज

कार ने बालक को रौंदा, मौत

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के शेषा इंदरियापर गांव में सोमवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बालक को रौंद डाला। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।आनन फानन में लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया ? जहां पर बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार 6 वर्षीय सत्यम पुत्र राम बहादुर निवासी हिसामबाद कौशाम्बी साधन की तलाश में अपनी मां के साथ पैदल ननिहाल से वापस घर जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह मेन रोड पर पहुंचे ही थे कि बैगवां की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बालक को रौंद डाला। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार जनों में मातम का माहौल रहा। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गौकशी को लेकर विहिप ने धरना-प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग

कौशाम्बी। जिले में गौकशी को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने कोखराज थाना पर सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया,विहिप कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।कोखराज थाना क्षेत्र के ननमई गांव गौकशी को लेकर प्रख्यात है,लगातार उस गांव में गौकशी की जाती है,लेकिन पुलिस महज फर्ज अदायगी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है,जिसके लिए विहिप लगातार धरना प्रदर्शन कर कार्यवाई की मांग करता रहा है।सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के नेता शिव पूजन राही के नेतृत्व में विहिप के जिला संयोजक विवेक जायसवाल एवम दर्जन भर कार्यकर्ता कोखराज थाना पहुंचे और कर्यवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।विहिप कार्यकर्ताओ ने पुलिस पर गौकशी करने वालो के खिलाफ कार्यवाई में लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया है।

कबरई के अभिजीत सिंह ने घुड़सवारी में जीता कांस्य पदक

महोबा (स्पष्ट आवाज)। कबरई कस्बे के इंद्रानगर निवासी नीलम सिंह के पुत्र अभिजीत सिंह ने नेशनल लेवल पर घुड़सवारी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर कस्बे का नाम रोशन किया है। अभिजीत सिंह का शुरू से ही घुड़सवारी के प्रति रुझान रहा है बाल्यावस्था से ही घोड़ों की सवारी करना इनका शौक रहा है। राजस्थान के जयपुर में तीन मार्च को हुई साठ किलोमीटर घुड़सवारी प्रतियोगिता में अभिजीत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता है। इसके पूर्व चालीस किलोमीटर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अभिजीत सिंह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। दूरभाष पर हुई चर्चा में अभिजीत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को भी खेल में घुड़सवारी को शामिल करना चाहिए जिससे यूपी के युवा भी घुड़सवारी प्रतियोगिता में शामिल हो सके।

काम के समय छत गिरने से मजदूर की मौत

महोबा (स्पष्ट आवाज)। काम करते समय छत गिरने से एक मजदूर की मलबे में दब कर मौत हो गई। आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पनवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम आफतपुरा नकरा में 30 वर्षीय बृजेश पुत्र मुन्नालाल अहिरवार गांव के ही चन्नीलाल के मकान में मजदूरी के लिए गया था। वह छत पर चढ़कर छत को तोड़ने लगा उसी समय अचानक से छत भरभरा कर कर नीचे आ गिरी जिससे मजदूर छत के साथ गिर गया और दब गया। आनन-फानन में गांव वालों की मदद से घायल मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया गया जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर गया। इस घटना की सूचना कोतवाली पनवाड़ी को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शरीर को विच्छेदन हेतु भेज दिया गया। मृतक के चाचा ने बताया कि बृजेश अपने पिता की इकलौती संतान था जो मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था। उसके दो बच्चों में बड़ा आकाश 5 वर्ष व छोटा डुग्गू एक वर्ष एवं पत्नी का नाम उर्मिला है जिनका इस घटना से रो रोकर बुरा हाल है ।

दलित बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के काशिय पश्चिम गांव के निवासी के घर पर एक दलित बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कासिया पश्चिम गांव के मजरा बांग्ला पर निवासी दलित बालिका कविता देवी उर्फ पुल्ली उम्र 14 वर्ष पुत्री राधेश्याम कोरी का शव सोमवार को घर में मिला है। परिजनों के मुताबिक बालिका मानसिक बीमारी से तंग थी और रसोई घर के अंदर धन्नी से लटक कर फांसी लगाकर उसने आत्महत्या कर लिया है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उदयन सभागार में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यो की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सर्वे कराकर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, नियमित सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि नियमित भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाय कि माडल ग्राम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में किये जा रहें सभी गतिविधियाँ क्रियाशील रहें। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श सुजीत शुक्ला ने बताया है कि भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 19405 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 15541 लाभार्थियों की विभिनन चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 12227 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है। एवं अभी भी 7163 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 3304 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोंफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 351944 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 301568 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका हे, अवशेष 50376 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2022-23 में कुल 59 ग्राम पंचायत तथा वित्तीय वर्ष-2023-24 में कुल 52 ग्राम पंचायत मॉडल ग्राम हो चुकें है।

टिकट ब्लैक करने वाला एजेंट गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में सीनियर कमांडेंट आरपीएफ प्रयागराज के निर्देशन में रेलवे ई-टिकट की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले को अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। आरपीएफ चौकी भरवारी ,थाना सूबेदारगंज और क्राइम विंग प्रयागराज की टीम ने आईआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आईडी से रेलवे की ई टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले आलम टूर एंड ट्रेवल्स मंझनपुर के संचालक मोअज्जम अंसारी पुत्र बसीर अहमद को 7 पर्सनल आईडी पर अवैध रूप से ई-टिकट बनाकर मूल्य से 200 रुपए अधिक लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।रेलवे पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है।

नाबालिग का अपहरण के बाद धर्मांतरण कराकर किया निकाह

■एएसपी के निर्देश पर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

कौशाम्बी?। जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में हिंदू नाबालिग किशोरी का अपहरण कर जबरन धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है,नाबालिग हिंदू लड़की का अपहरण कर मुस्लिम युवकों पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुटी हुई है। मामले को लेकर सोमवार को हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। जानकारी के अनुसार पिपरी थाना पुलिस ने कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी के रहने वाले नौफिल, तालिब, तालिब की पत्नी,इमरान, उस्मान,अजीत मौर्य,मनौरी के समीर और प्रयागराज के हटवा के रहने वाले नौफिल के साथ उनके कुछ सहयोगियों पर अपहरण और षड्यंत्र रचने का मामला दर्ज किया है। इस सभी पर नाबालिग का अपहरण करने के बाद जबरन धर्मांतरण कर निकाह करने का भी आरोप है।

मौत को गले लगाने जा रही बच्चों समेत महिला को ग्रामीण व पुलिस ने बचाया

उसका पति लगातार मार पीट करता रहता

कौशाम्बी। पति की प्रताड़ना से त्रस्त महिला बच्चो को लेकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने जा रही थी मामले की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस के सहयोग से ग्रामीणों ने महिला और उसके बच्चो को समझा बुझा कर आत्महत्या करने से रोक दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मनीता पाल पत्नी इंद्रपाल निवासी परसरा थाना कोखराज सोमवार को अपने तीन बच्चो के साथ रेल लाइन पर कट कर आत्महत्या करने जा रही थी 112 डायल को ग्रामीणों ने सूचना दिया जिस पर रेल लाइन में कटने जा रही महिला व तीन बच्चों को समझा बुझाकर कर ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस द्वारा वापस लाया गया महिला ने बताया कि है जिससे आजिज आ कर अपने तीन छोटे छोटे बच्चों को लेकर आत्म हत्या करने गयी थी रोहित तिवारी व ब्रजेश मिश्रा सिपाही अपनी ह्वश्च 32 स्नद्द3653 से पहुंच कर पति के प्रताड़ना से निजात दिलाने का महिला को अस्वासन दिया और महिला बच्चो को चौकी प्रभारी भरवारी की सुपुर्दगी में दिया गया है।

व्यापारी के अंतिम संस्कार में दी श्रद्धांजलि

कौशाम्बी। मनौरी बाजार के व्यापारी राम केसरवानी उम्र 70 वर्ष पुत्र स्व0 मोती लाल केसरवानी का बीती रात लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया। व्यापारी की मौत की जानकारी जैसे मिली। उनके घर पर लोगों की भीड़ लग गई । लोगों ने शोक सम्बेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। सोमवार की दोपहर में गंगा नदी के किनारे फतेहपुर घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। व्यापारी के अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोगों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

स्कूल के निदेशक पर घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप

■लखनऊ की शिक्षिका ने लिखाई रिपोर्ट

चित्रकूट। अशोक पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आकाश गुप्ता पर कोतवाली कर्वी में पीडिता शिक्षिका ने गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है। पीडिता ने कहा कि घर में घुसकर आकाश गुप्ता ने छेडखानी की घटना अंजाम दी है। ये मामला कोतवाली कर्वी में सोमवार को दर्ज हुआ। बताया गया कि बिजनौर रोड लखनऊ की रहने वाली शिक्षिका ने कोतवाली कर्वी में दी तहरीर में कहा कि 17 मार्च 2023 को अशोक पब्लिक स्कूल में बतौर प्रधानाचार्य तैनात थी। स्कूल निदेशक आकाश गुप्ता उस पर बुरी नीयत रखता था। कई मौकों पर मानसिक-शारीरिक शोषण किया। आकाश गुप्ता ने तीस अप्रैल 2023 की शाम स्कूल परिसर स्थित घर में जबरियां घुसकर छेडखानी का प्रयास किया। उसका हाथ पकडकर बिस्तर पर धकेलने का प्रयास किया। उनके सख्ती से विरोध व चिल्लाने पर कमरे से भाग गया। घटना के बाद से उन्हें जान-बूझकर परेशान कर नाजायज दबाव डालने को आये दिन अकारण स्पष्टीकरण व वेतन कटौती करते रहे। अक्सर स्कूल कर्मचारियों के सामने बेईज्जत कर प्रताडित करते रहे। पूरे घटना की जानकारी आकाश गुप्ता के पिता/ विद्यालय प्रबंधक अशोक गुप्ता, काशी प्रसाद शुक्ला, मुस्कान गुप्ता को फोन व व्हाट्सअप से दी गई। प्रबंध तंत्र ने आकाश के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। उसे और भी प्रताडित किया जाने लगा। बढती मानसिक-शारीरिक उत्पीडन से तंग आकर तीन जनवरी 2024 को त्याग पत्र दे दिया। पत्र के साथ लखनऊ चली आई। त्याग पत्र देने के बाद भी विद्यालय निदेशक व प्रबंधक ने शैक्षिक दस्तावेज व वेतन भुगतान नहीं किया। मांगने पर धमकी देते रहे। क्षुब्ध होकर पीडिता ने पुलिस कार्यवाही की है। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक धारा 452, 354 व 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना दरोगा गौरव तिवारी को सौंपी है। मामला दर्ज होने से जाहिर हो गया कि अशोक पब्लिक स्कूल में शिक्षकों व शिक्षिकाओं के साथ उत्पीडन की घटनायें होती हैं। संकोच व दबाववश लोग नहीं कहते थे, अब लोगों में साहस आ गया है। जल्द ही अशोक पब्लिक स्कूल का और भी भंडाफोड हो तो कोई ताज्जुब नहीं है।

पहले भी दर्ज हुआ था मामला

अशोक पब्लिक स्कूल लम्बे समय से छात्राओं व शिक्षिकाओं के उत्पीडन का अड्डा रहा है। इस बात के सबूत 2008 में भी मिले हैं। यहां प्रशासनिक अधिकारी रहे- की पुत्री के साथ भी ऐसी ही कुछ गम्भीर किस्म की घटना हुई थी। मामले में रिपोर्ट होने के बाद भी प्रबंध तंत्र खुद को बचा ले गया था।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर चुनावी समीक्षा बैठक

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष,पारदर्शी, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं आदि का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम से हुई सीडीपीओ के भ्रष्टाचार और तानाशाही की शिकायत

कौशाम्बी। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सूबे में भ्रष्टाचार व घूसखोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लागू किया गया है। बीते दिनों के दौरान तमाम भ्रष्ट और घूसखोर कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे डाला जा चुका है,लेकिन पिछली सरकार के दौरान से भ्रष्टाचार और घूसखोरी में डूबे हुए कुछ कर्मियों के रवैया में अभी भी सुधार नहीं हुआ है। सरकार की आंखों में धूल झोंक कर अपने आचरण से सरकार की छवि खराब करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले के बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में बीते साल फतेहपुर जनपद से स्थानांतरित होकर सीडीपीओ मनोज कुमार भ्रष्टाचार और तानाशाही की शिकायतों को लेकर विवादों में रहे हैं। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आंगनवाड़ी सहायिका ने गम्भीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामले में जिलाधिकारी की नाराजगी से विभाग में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में बीते साल फतेहपुर जनपद से स्थानांतरित होकर आए सीडीपीओ मनोज कुमार को जिले की कड़ा और सिराथू परियोजना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। तैनाती के कुछ दिनों बाद से ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से वसूली और भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायतों को लेकर चर्चा में हैं। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद में तैनाती के दौरान खजुहा बाल विकास परियोजना का सीडीपीओ बनाया गया था। वहाँ भी इनके खिलाफ भ्रष्टाचार और वसूली की गंभीर शिकायतों को लेकर आंगनबाड़ी संघ ने धरना प्रदर्शन किया था। मामले की गूंज शासन तक पहुंचाने के बाद सीडीपीओ मनोज कुमार को जनपद कौशाम्बी स्थानांतरित कर दिया गया था। बताया जाता है कि जिले में भी इनके पुराने रवैया में कोई बदलाव नहीं आया है। बाल विकास परियोजना सिराथू के आंगनबाड़ी केंद्र पतेरिया रामपुरवा की आंगनवाड़ी सहायिका फूलमती ने सोमवार महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष माया सिंह के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम राजेश कुमार राय को दिए गए शिकायती पत्र में सीडीपीओ के ऊपर भ्रष्टाचार और तानाशाही का गंभीर आरोप लगाया है।

मांगों का निराकरण नहीं तो शिक्षक देंगे धरना

■शिक्षकों ने महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा खंड शिक्षा अधिकारी को

महोबा (स्पष्ट आवाज)। बीआरसी कार्यालय में करीब एक सैकड़ा से अधिक शिक्षकों द्वारा महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौपा गया।शिक्षकों ने समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिए गए ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याहन भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया लेकिन टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपनी व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है जो कि नियमानुसार गलत है एवं शिक्षकों का उत्पीड़न है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के साथ प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल की 30 अक्टूबर 2023 एवं 9 नवंबर 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु समिति बनाई गई थी। परंतु चार माह बीत जाने के बाद भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया द्य इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण ना करके केवल उत्पीड़न किया जा रहा है द्य शिक्षकों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाए, शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए। वहीं शिक्षकों ने कड़े शब्दों में विभागीय अधिकारियों को चेतवानी देते हुए कहा है कि यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देने के लिए उपरोक्त शिक्षक बाध्य हो जाएंगे। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व विभाग का होगा। इस मौके पर जिला संरक्षक विनोद रिछारिया, ब्लॉक अध्यक्ष उ.प्रा.शि.संघ श्रीमित्र त्रिपाठी,रुद्र कुमार कौशिक, अमरेश चतुर्वेदी, ब्रजेन्द्र शुक्ला, धर्मेंद्र राजपूत, यशवंत राजपूत, पंकज नायक, हरिकिशुन सेन,नारायण दास साहू, सोमेश पाठक,नारायण दास साहू,मनीष तिवारी अंकित चतुर्वेदी, प्रवीण द्वेवेदी, त्रिलोक यादव,प्रमोद चतुर्वेदी, सत्यवती, अंजना विश्वकर्मा,मधु तिवारी,दीप्ति राजपूत,रजनी सुल्हेरे,अनिभूत त्रिपाठी आदि सहित एक सैकडा से अधिक शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे।

चार के कब्जे से बरामद हुई 109 क्वार्टर शराब

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 109 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। सोमवार को चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने चुन्नू पुत्र नत्थू निवासी दुधवनियां थाना बहिलपुरवा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया। दरोगा सुरेश प्रताप सिंह ने श्यामलाल कहार पुत्र भैरव प्रसाद निवासी परसौंजा के कब्जे से 40 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा परशुराम यादव ने रामलाल पुत्र कुटिया निवासी कलवारा खुर्द के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों का नियमित हो स्वास्थ्य परीक्षण: डीएम

उरई (जालौन)। आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राठ रोड उरई में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम में रहने वाले वृद्ध जनों से रूबरू हो कर आश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की। वृद्ध जनों से बात कर मिलने वाली सुविधाओं और घर का कुशलक्षेप जाना। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में व्यायाम, योग जैसी गतिविधियां करना बहुत आवश्यक है। इससे वृद्धावस्था में शरीर स्वस्थ रहता है, उन्होंने वृद्धजनों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की समुचित एवं संवेदनशीलता के साथ देखभाल करना सुनिश्चित की जाए, उनकी प्रत्येक जरूरतों का प्राथमिकता से ध्यान रखा जाये। उन्होंने वृद्धाश्रम की भोजन व्यवस्था, वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, मनोरंजन के उपकरण, कूलर, पंखे आदि के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली, उन्होंने निर्देशित किया शुद्ध पेयजल हेतु आर ओ वाटर कूलर लगवाना सुनिश्चित करे, साथ ही वृद्ध जनों की सुविधा हेतु दो नए सौचालय का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई का नियमित करें जिससे किसी भी संक्रमण से बचा जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि वृद्धजनों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए और साथ ही समय-समय पर वृद्धजनों को भ्रमण पर ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धजनों के खान-पान से लेकर प्रतिदिन की दिनचर्या और व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय आदि अधिकारी मौजूद रहे।

किसानों की नष्ट फसलों का जल्द दें मुआवजा: पूर्व सांसद

■पूर्व सांसद ने सीएम व डीएम को लिखा पत्र

चित्रकूट। ताकत अपने शब्दों में डालो आवाज में नहीं, क्योंकि फसल बारिश से उगती है बाढ से नहीं- कुछ इस अंदाज में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि बांदा-चित्रकूट के किसानों की अतिवृष्टि व ओला गिरने से नष्ट हुई फसलों की क्षति का आंकलन कर मुआवजा दिया जाये।

सोमवार को पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री व बांदा-चित्रकूट के जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि बीते एक माह में कई बार ओलावृष्टि व बारिश हो चुकी है। किसानों की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। ज्याद

अर्थव्यवस्था की दोगुनी रफ्तार
डबल इंजन की सरकार

उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को दिलाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टैक्सपेयर्स के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं को सकारात्मक माहौल मिला है, जिससे उनकी सेवाओं में भी अभूतपूर्व विस्तार देखने को मिल रहा है। बेहतर प्रबंधन एवं राजकोषीय अनुशासन से प्रदेश की आय में वृद्धि हुई है, राज्य रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उभरा है। पिछले 7 वर्ष में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' एवं 'ईज़ ऑफ लिविंग' पर समान रूप से बल दिया गया है।

यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित

आईटीआर भरने वालों में दूसरा स्थान

वर्ष 2014	वर्ष 2023
1.65 लाख	12 लाख

एस.जी.एस.टी./ वैट में लगाई ऊंची छलांग

वर्ष 2016-17 में
₹51,883 करोड़

2022-23 में
₹1.25 लाख करोड़

बैंकों द्वारा ऋण वितरण

वर्ष 2016-17 में	वर्ष 2022-23	वर्ष 2023-24 (दिसंबर तक)
₹1,37,452 करोड़	₹3,00,430 करोड़	₹2,98,551 करोड़

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ऋण वितरण (विभिन्न श्रेणियों में)

शिशु	किशोर	तरुण
₹16,291 करोड़	₹18,741 करोड़	₹12,396 करोड़

बैंकिंग व्यवसाय

वर्ष 2016-17
₹12.80 लाख करोड़

वर्ष 2023-24
₹26.80 लाख करोड़

बैंकों/अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में अग्रणी

2013-14 में
1.1% हिस्सेदारी

2022-23 में
16.2% हिस्सेदारी

- ₹36,000 करोड़ रुपये से 86 लाख किसानों का ऋण मोचन
- वर्ष 2023-24 में 59% सीडी रेशियो प्राप्त, वर्ष 2024-25 के लिए 65% का लक्ष्य निर्धारित
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 4.59 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 5.54 करोड़ कुल नामांकन
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 1.90 करोड़ कुल नामांकन
- 2.28 लाख बैंक मित्र एवं बीसी सखी कार्यरत
- त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु ₹2,400 करोड़ की व्यवस्था
- 19,705 बैंक शाखाओं का संचालन, 17,852 से अधिक एटीएम संचालित
- ग्राम पंचायतों में 1.80 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित
- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹8,787 करोड़ से अधिक का अल्पकालिक ऋण वितरण

यूपी ₹1,174.32 करोड़ के डिजिटल लेन-देन के साथ देश का अग्रणी राज्य

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ₹2,412 करोड़ वितरित, देश में सर्वाधिक

प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए

देश में सर्वाधिक व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत

- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹257 करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक ऋण वितरित
- सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ₹525 करोड़ की व्यवस्था
- वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में वार्षिक ऋण वितरण योजना के तहत बैंकों के माध्यम से ₹2.06 लाख करोड़ का ऋण वितरित
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम ₹10 लाख की सहायता
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतम ₹5 लाख की सहायता
- 4.18 लाख से अधिक पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरित
- अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1.18 करोड़ नामांकन
- ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक निजी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया ग्रामों को अपनाते हुए 75 स्मार्ट क्लास सहित अन्य विकास कार्य

नये यूपी की पहचान – सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन